10 स्मृति मंदाना....



12 रिया चक्रवर्ती....



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शनिवार, 27 जून 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -13 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# रामगढ़ : तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, आठ की मौत

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड में रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग स्थित बारलोंग के पास गुरुवार देर रात करीब 12 बजे भीषण सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतकों में सभी रामगढ़ जिले के मारंगमरचा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं. हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया. घायलों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा गया, जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है. पुलिस का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता.



### ताशा पार्टी लेकर समारोह में जा रहे थे लोग

जानकारी के अनुसार, पिकअप सवारी वाहन (जेएच-02क्यू-8268) में ताशा पार्टी के सदस्य सवार थे. वे गोला से रामगढ़ की ओर एक समारोह में शामिल होने जा रहे थे. इसी दौरान रामगढ़ से बोकारो की ओर तेज रफ्तार से जा रहे कोयला लदे एलपी ट्रक (जेएच-02एए-4786) ने अचानक विपरीत दिशा में आकर पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. वाहन में बैठे लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला और कई लोग उसमें बुरी तरह फंस गए. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी. हादसे के बाद आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने में जुट गए.

### मौके पर ही सात लोगों की मौत, कई घायल

दुर्घटना इतनी भयावह थी कि सात लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस और स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया. अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है. चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है. मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी थी. पुलिस परिजनों से संपर्क कर पहचान सुनिश्चित करने में जुटी हुई थी. हादसे के कारण पूरे मारंगमरचा गांव में मातम का माहौल है.

### घुमावदार मोड़ बना मौत का कारण

स्थानीय लोगों का कहना है कि बारलोंग के पास जिस स्थान पर दुर्घटना हुई, वह अत्यंत खतरनाक घुमावदार मोड़ है. यहां न तो पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था है और न ही वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाया गया है. इसके अलावा मोड़ के पास कोई चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर या अन्य सुरक्षा संकेतक भी नहीं लगाए गए हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से इस स्थान पर दुर्घटनाएं होती रही हैं, लेकिन संबंधित विभाग ने सुरक्षा इंतजामों को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया. उनका कहना है कि यदि यहां स्ट्रीट लाइट, स्पीड ब्रेकर और उचित संकेतक लगाए गए होते तो शायद इतना बड़ा हादसा टाला जा सकता था. ग्रामीणों ने बताया कि यह स्थान लगातार हादसों का केंद्र बना हुआ है. बुधवार को भी इसी जगह एक बस गलत दिशा में जाकर ऑटो से टकरा गई थी। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी. अब गुरुवार देर रात हुए हादसे में सात और लोगों की जान चली गई. पिछले तीन दिनों में इसी स्थान पर हुई तीन अलग-अलग दुर्घटनाओं में कुल 12 लोगों की मौत हो चुकी है. इसके बावजूद प्रशासन और संबंधित विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं.

### सड़क जाम कर ग्रामीणों ने जताया विरोध

हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. सड़क के दोनों ओर करीब दो-दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई. ग्रामीणों के साथ आजसू नेता पीयूष चौधरी और मुखिया रेखा देवी भी धरने पर बैठ गए. प्रदर्शनकारियों ने सड़क चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइट लगाने, डिवाइडर बनाने, स्पीड ब्रेकर, सीसीटीवी कैमरे लगाने और स्थायी सड़क सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की. ग्रामीणों का कहना था कि बार-बार दुर्घटनाओं के बावजूद प्रशासन केवल हादसे के बाद औपचारिक कार्रवाई करता है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया शोक

रामगढ़-बोकारो मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा दुख जताया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि लारी-बरलौंग के पास देर रात हुए सड़क हादसे में सात लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है. उन्होंने मरांग बुरु से दिवंगतों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में संबल देने की प्रार्थना की. गौरतलब है कि रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी-बरलौंग के पास गुरुवार देर रात एक ट्रक और सवारी वाहन के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सवारी वाहन में सवार ताशा पार्टी के सदस्य एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. इसी दौरान सीसीएल की तोपा कोलियरी से वैध कोयला लेकर धनबाद जा रहे एक ट्रक से उनकी वाहन की टक्कर हो गई. हादसे की सूचना मिलते ही रजरप्पा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया. जांच के बाद डॉक्टरों ने सात लोगों को मृत घोषित कर दिया. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

# लोहरदगा में आसमानी बिजली का कहर, दो महिला की मौत

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला में फिर एक बार आसमानी बिजली का कहर टूट पड़ा है. वज्रपात की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई है जबकि आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं. अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद सदर अस्पताल में प्रभावितों के पहुंचने से अपना अफरा-तफरी का माहौल बन गया. सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है. लोहरदगा में शुक्रवार को अलग-अलग थाना क्षेत्र में वज्रपात की घटना हुई है. जिसमें दो महिलाओं की मौत हो गई है, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं. मृतकों में कुडू थाना क्षेत्र के सलगी कोलपारा निवासी करमा उरांव की 48 वर्षीय पत्नी घूरती उरांव और लोहरदगा जिला के बगडू थाना क्षेत्र के चरहू गांव निवासी स्वर्गीय अजीज खान की 40 वर्षीय पुत्री असीदा खातून के रुप में हुई है.

वहीं घायलों में कुडू थाना क्षेत्र के सलगी कोलपारा गांव निवासी घुड़ा उरांव का पुत्र और घूरती उरांव का पति करमा उरांव, बगडू थाना क्षेत्र के मन्हें गांव निवासी स्व. सकला उरांव का पुत्र सुनील उरांव और उसका भाई अनिल उरांव, अकला उरांव का पुत्र सोमनाथ उरांव, सोवीचंद मुंडा की पत्नी सोनमती देवी, स्व. करमा मुंडा की पुत्री नीतू कुमारी, सुखदेव मुंडा का पुत्र महेंद्र मुंडा, सलगी कोलपारा निवासी महेंद्र मुंडा की पत्नी सरस्वती देवी शामिल हैं. सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. असीदा बकरियों को लेकर गांव के सीमाने पर गई हुई थी, उसी समय वह वज्रपात की चपेट में आ गई. जिससे उसकी मौत हो गई. जबकि घूरती खेत में बादाम की फसल लगा रही थी तभी वह वज्रपात की चपेट में आ गई. जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई.



वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत की जानकारी मिली है. पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है. बता दें कि जिला में पिछले एक महीने के दौरान पांच लोगों की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो चुकी है. जिसमें दो बच्चे भी शामिल हैं. मानसून की शुरूआत के साथ ही वज्रपात की घटनाओं ने लोगों के साथ-साथ प्रशासन की भी चिंता बढ़ा दी है.

# पीएम मोदी 11 साल बाद सेशल्स की दूसरी राजकीय यात्रा पर हुए रवाना, संबंधों को मिलेगी नई मजबूती

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण द्वीपीय देश सेशल्स की राजकीय यात्रा पर जा रहे हैं। वे वहां के राष्ट्रीय दिवस स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वैश्विक पटल पर भारत की कूटनीतिक और सामरिक ताकत का एक और बड़ा प्रदर्शन होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 27 से 29 जून तक हिंद महासागर क्षेत्र के बेहद महत्वपूर्ण द्वीपीय देश सेशल्स की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह दौरा बेहद खास है क्योंकि सेशल्स के राष्ट्रपति डॉक्टर पैट्रिक हमीर्नी के विशेष और व्यक्तिगत आमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी वहां के राष्ट्रीय दिवस स्वर्ण जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, साल 2015 के बाद यानी पूरे 11 साल बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह दूसरी सेशल्स यात्रा होने जा रही है, जिससे दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को एक नई विधिक मजबूती मिलना तय माना जा रहा है।



### भारतीय रक्षा बलों की टुकड़ी और दो नौसैनिक युद्धपोत भी होंगे शामिल

भारत और सेशल्स के बीच मजबूत रक्षा व कूटनीतिक संबंधों की गहराई इस यात्रा के दौरान साफ तौर पर जमीन पर नजर आएगी। सेशल्स के राष्ट्रीय दिवस समारोह के गौरव को बढ़ाने के लिए भारतीय रक्षा बलों की एक विशेष सैन्य टुकड़ी वहां आयोजित होने वाली परेड में हिस्सा लेगी। इसके साथ ही भारतीय नौसेना के दो अत्याधुनिक युद्धपोत भी इस ऐतिहासिक समारोह का हिस्सा बनने के लिए सेशल्स के समुद्री तट पर पहुंच रहे हैं। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पैट्रिक हमीर्नी के बीच एक अत्यंत महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय द्विपक्षीय बैठक होगी, जिसमें दोनों देशों के बीच चल रहे रक्षा सहयोग, संयुक्त नौसैनिक अभ्यास और सुरक्षात्मक पहलों के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा की जाएगी।

### हिंद महासागर और 'सागर विजन' के लिए क्यों खास है यह यात्रा

सामरिक और भौगोलिक दृष्टि से भारत के लिए सेशल्स की स्थिति अत्यंत संवेदनशील और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। भारत सरकार के 'महासागर विजन' के तहत सेशल्स को एक बेहद अहम समुद्री पड़ोसी माना जाता है। हिंद महासागर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, समुद्री डकैती पर प्रभावी रोक लगाने और किसी भी बाहरी सैन्य चुनौती का मुकाबला करने के लिए सेशल्स की भौगोलिक स्थिति भारत के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। भारत ने हमेशा से ही सेशल्स के बुनियादी ढांचे, तकनीकी विकास और उसके रक्षा तंत्र को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**संतोष गुप्ता**
**वरिष्ठ समाजसेवी पतरातू**

तारीखों में धीरे धीरे व्यतीत हो रहे हैं हम, आज हैं लेकिन हर क्षण अतीत हो रहे हैं हम। इसलिए जो भी समय है जिंदादिली से गुजार लीजिए, कल किसने देखा है।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,49,560
चांदी (प्रति किलो) : 2,55,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 77,100.47
निफ्टी :- 24,056.00

## मौसम

अधिकतम तापमान : 32 °
न्यूनतम तापमान : 24 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:05
संध्या :- 18:39

## आज का इतिहास

आज ही के दिन 1954 को सोवियत संघ ने मॉस्को के पास ओबनिंस्क में दुनिया के पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्र का परिचालन शुरू किया.

## संक्षिप्त समाचार

### आज भी बंद रहेंगे रांची के सभी स्कूल, ताजिया-अखाड़ा जुलूस को लेकर आदेश जारी

रांची। राजधानी रांची में 27 जून को भी सभी स्कूल बंद रहेंगे. रांची डीसी कार्यालय के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला के अधिकांश क्षेत्रों में ताजिया एवं अखाड़ा जुलूस निकाले जाते हैं. जिसके कारण यातायात प्रभावित होने तथा स्कूली बच्चों की आवाजाही में संभावित असुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है. रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार जिला के सभी सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में 27 जून 2026 को पूर्ण अवकाश रहेगा. हालांकि, जिन विद्यालयों में पूर्व निर्धारित परीक्षा आयोजित की जानी है, अत्यंत आवश्यक हो तभी वे जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची को पूर्व सूचना देकर परीक्षा का आयोजन कर सकते हैं. जिला प्रशासन द्वारा सभी विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं आम नागरिकों से सहयोग बनाए रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व संपन्न कराने की अपील की गई है.

### आईबी के स्पेशल डायरेक्टर महेश दीक्षित आईबी के नये चीफ होंगे

नयी दिल्ली। इंटेलिजेंस ब्यूरो के स्पेशल डायरेक्टर महेश दीक्षित आईबी के नये चीफ नियुक्त किये गये हैं. श्री दीक्षित आईबी चीफ तपन कुमार डेका की जगह लेंगे. उनका कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है. खबर है कि केंद्र सरकार ने महेश दीक्षित को दो साल के लिए आईबी डायरेक्टर नियुक्त किया है. श्री डेका 1988 बैच के हिमाचल प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं. वे जुलाई 2022 से आईबी चीफ बने हुए थे. क्रेंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें दो बार सेवा विस्तार प्रदान किया था. महेश दीक्षित की बात करें तो वे 1993 बैच के आंध्र प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं. अभी वे आईबी में स्पेशल डायरेक्टर हैं. वे जम्मू-कश्मीर में सब्सिडियरी इंटेलिजेंस ब्यूरो के प्रमुख भी रह चुके हैं. उनके पास एंटी टेररिज्म और खुफिया ऑपरेशन का लंबा अनुभव है.









# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने एनएचएआई (एनएच 23) की तकनीकी टीम के साथ किया घटनास्थल का निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



रामगढ़। गुरुवार को बारलौंग क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की हुई मृत्यु को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को उपायुक्त ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ठल23 रामगढ़-बोकारो की तकनीकी टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुर्घटना के कारणों का बारीकी से आकलन किया गया तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं इस संबंध में एनएचएआई को सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक सुधारात्मक कार्य किए जाएं। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई के तकनीकी टीम द्वारा घटनास्थल का विस्तृत अवलोकन किया गया एवं कई सुधारात्मक उपाय उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखें गए। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा एनएचएआई को शॉर्ट टर्म मेजर्स के तहत किए जाने वाले सभी कार्यों को 24 घंटे के भीतर हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया गया।

शॉर्ट टर्म मेजर्स के अंतर्गत दुर्घटना संभावित स्थल पर रम्बल स्ट्रिप का निर्माण, आवश्यक चेतावनी एवं दिशा सूचक साइन बोर्ड (साईनेज) लगाने तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था (स्ट्रीट लाइट) सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से वाहन चालकों को समय रहते सड़क की स्थिति की जानकारी मिलेगी तथा दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी। वहीं लॉन्ग टर्म मेजर्स के अंतर्गत सड़क का आवश्यकतानुसार चौड़ीकरण, रिफ्लेक्टर की स्थापना, रोड गार्ड (क्रैश बैरियर) की ऊंचाई बढ़ाने सहित अन्य स्थायी सुरक्षा उपायों को दो सप्ताह के भीतर पूर्ण करने का निर्देश एनएचएआई को दिया गया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से सभी कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा के सभी पदाधिकारियों एवं पुलिस विभाग को भी दुर्घटना संभावित स्थलों पर नियमित गश्ती, यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा आमजन को दुर्घटना संभावित क्षेत्र के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त द्वारा जिला स्तरीय समिति बनाकर जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थित सड़कों पर भी ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित करते हुए उनमे किए जाने वाले सुधारात्मक उपायों से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर 1 हफ्ते के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिसके लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, अंचल अधिकारी चितरपुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## पालू के मोहर्रम मेला में रोचाप, हफूआ, पालू व पिपरी टोला के ताजिया व अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता ने बंधा समां

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातूः** शुक्रवार को पालू पंचायत में ग्राम रोचाप, हफुवा, पालु पीपरीटोला इन सभी गाँव वालों के द्वारा मोहर्रम मेला का आयोजन बहुत ही शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ किया गया।मौके पर इमाम-ए-हसन व हुसैन की शहादत को याद किया गया। मेले में सभी गाँव के खिलाड़ियों द्वारा लाठी, भाले एवं अन्य पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों से खेल के कई करतब दिखाए गए। मेले में पालु पंचायत के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिसमें पालु पंचायत मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो एवं प्रशासन की ओर से पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। एस आई सुजीत कुमार सिंह,संतोष उरांव, अर्जुन ठाकुर ,कमलेश कुमार गुप्ता ,समाजसेवी महेंद्र महतो,रियाज अंसारी शौकत खान, आबिद खान,रब्बानी अंसारी ,दिलावर हुसैन, समीर अंसारी, पिरमोहम्मद,फिरोज अंसारी, शहादत अंसारी,वाहिद हुसैन,रिजवान अंसारी,पप्पू खान, मुकेश कुमार,मेराज आलम,फिरोज खान, छोटू खान,बेलाल अंसारी,शाहिद अंसारी, कुर्बान खान,तैय्यब खान, शाकिब अंसारी, मिन्हाज अंसारी, मंसूर आलम,मतलूब खान,अमरोज खान फिरोज खान,मुस्ताक खान समीउल्लाह अंसारी,सकरुल्लाह अंसारी, साबिर खान, सफीक अंसारी, मुस्ताक अंसारी, अयूब अंसारी,मोइन खान, शमीम खान, हाफिज बहरुल्लाह,हाजी नेजाम अंसारी,सलीम अंसारी, कलाम अंसारी,वारिस अंसारी, गुलफान अंसारी,आफताब अंसारीव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## कान्यकुब्ज स्वर्णकार संघ की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगाः**कान्यकुब्ज स्वर्णकार संघ की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन में संरक्षक शिव प्रसाद बर्मन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पिछली बैठक के प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए संगठन को अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि संघ के सभी सदस्यों से नियमित मासिक शुल्क लिया जाएगा, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही समाज में आपसी एकता और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए सदस्यों की शादी-विवाह के मड़वा कार्यक्रम, अंतिम संस्कार, दशकर्म एवं ब्रह्मभोज जैसे सामाजिक आयोजनों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्णय लिया गया। समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का पूरा विवरण संगठन के पास उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया गया, जिससे समाज के भीतर वैवाहिक संबंध स्थापित करने में सुविधा हो सके।संगठन की सक्रियता बनाए रखने के लिए यह भी तय किया गया कि जो सदस्य या पदाधिकारी लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहेंगे, उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर अनुपस्थिति का कारण जाना जाएगा। इसके बाद भी यदि वे बैठकों में भाग नहीं लेते हैं, तो उनके विरुद्ध संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी।बैठक में युवाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कमेटी ने युवाओं का आभार जताया और सभी सदस्यों ने समाज की एकजुटता, अनुशासन एवं संगठन की मजबूती के लिए लिए गए निर्णयों को प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर संरक्षक दुर्गा प्रसाद सोनी, अरुण वर्मा, अनुज वर्मा, अशोक सोनी, शिव प्रसाद सोनी, जिला सचिव विनोद सोनी, सह सचिव शशांक वर्मन, कोषाध्यक्ष अजय सोनी, लक्ष्मण सोनी, सरोज सोनी, रामजी प्रसाद, राजेश सोनी, रितेश सोनी, अरविंद सोनी, विकास सोनी, रमेश सोनी, गुड्डू सोनी, मनोज कुमार, ओम प्रकाश वर्मा, दिनेश सोनी, मिंकु सोनी, दशरथ सोनी, सुनील सोनी, विवेक सोनी, मधुकर आर्य, अजय कुमार वर्मा, संतोष सोनी, प्रेम सोनी सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# किस्को क्षेत्र में अकीदत और एहतराम के साथ निकला हुसैनी जुलूस, या हुसैन के नारों से गूंजा इलाका

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के किस्को, होंदगा, चरहु, अरेया, नारी नवाडीह सहित विभिन्न गांवों में शुक्रवार को मुहर्रम के पवित्र अवसर पर हजरत इमाम हसन एवं हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में पूरे अकीदत, एहतराम और धार्मिक उल्लास के साथ भव्य हुसैनी जुलूस निकाला गया। जुलूस में विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद, अखाड़ा दल और आम लोग शामिल हुए। पूरे मार्ग में ₹या हुसैन₹, ₹लब्बैक या हुसैन₹ और अन्य धार्मिक नारों से वातावरण गूंजता रहा। जुलूस के दौरान कर्बला की ऐतिहासिक घटना और हजरत इमाम हसन एवं हजरत इमाम हुसैन की महान कुबार्नी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि कर्बला की शहादत केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि इंसानियत, इंसाफ, सत्य, सब्र और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष का अमर संदेश है, जो पूरी दुनिया को न्याय और मानवता का रास्ता दिखाती है। जुलूस के समापन के बाद विभिन्न अखाड़ा दलों द्वारा पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र चालन एवं हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया गया। युवाओं ने तलवार, लाठी, भाला सहित पारंपरिक हथियारों के साथ अनुशासित एवं आकर्षक प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों ने कर्बला के वीरों की बहादुरी, साहस और त्याग की याद को जीवंत कर दिया। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। किस्को एसडीपीओ दिवाकर कुमार, किस्को अंचल अधिकारी अजय कुमार, अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर आजाद तथा थाना प्रभारी मानस कुमार साधु के नेतृत्व में विभिन्न चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जुलूस मार्ग पर लगातार निगरानी रखी गई, जिससे पूरा आयोजन पूरी शांति और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। इसी क्रम में नारी नवाडीह स्थित धुर्वा मोड़ पर सामाजिक समरसता और गंगा-जमुनी तहजीब की सुंदर मिसाल देखने को मिली। विभिन्न समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर हुसैनी जुलूस का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता, विनेश साहू, विनय साहू, संदीप साहू, विवेक साहू सहित अन्य लोगों ने जुलूस में शामिल अकीदतमंदों को कोल्ड ड्रिंक एवं शीतल पेयजल वितरित कर भाईचारे का संदेश दिया। यह दृश्य आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक बना रहा। इस अवसर पर समाजसेवी कुद्दूस अंसारी ने कर्बला की महान कुबार्नी को याद करते हुए कहा, ₹कत्ल-ए-हुसैन अस्ल में मर्ग-ए-यजीद है, इस्लाम ज़िंदा होता है हर कर्बला के बाद।₹ उनके इस संदेश ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, अनुशासन, भाईचारे और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने यह संदेश दिया कि मुहर्रम केवल शोक का पर्व नहीं, बल्कि सत्य, न्याय, इंसानियत और कुबार्नी की अमर मिसाल है।

## उच्चरिंगा मोहर्रम मेले में तजिया जुलूस के साथ युवाओं ने दिखाए करतब

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



पतरातूः पतरातू प्रखंड के तालाटांड पंचायत की केंद्रीय मोहर्रम मेला कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को उच्चरिंगा अखाड़ा में मोहर्रम मेले का आयोजन उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ। मेले में आसपास के तीन गांवों से झंडा और तजिया जुलूस अखाड़ा पहुंची, जहां विभिन्न अखाड़ों के युवाओं ने लाठी-डंडा सहित पारंपरिक शौर्य कला के आकर्षक प्रदर्शन किए। बुजुर्गों ने भी अपने हुनर का प्रदर्शन कर लोगो का मन मोहा। कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष वारिस खान, मुखिया रिजन देवी, मो. कमालुद्दीन अंसारी, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष मनोज राम, पंचम मुंडा, मो. रब्बानी, नागेश्वर ठाकुर, याकूब राय, रकीबुन निशा, मो. सलीम, मुस्ताक अंसारी, नदीम सरवर, इरफान अंसारी, मिनहाज अंसारी, एम. रहमान, रफीक अंसारी, गुलाम रब्बानी, इस्लाम अंसारी, केसर आलम, मुस्तफा अंसारी, दिलशाद रजा, अलीम अंसारी, मुमताज अंसारी, कलाम अंसारी, जन्नत अंसारी समेत कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।आयोजकों ने बताया कि मोहर्रम मेला वर्षों से क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का हिस्सा रहा है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ तथा लोगों ने आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।

# घर ओराई एक जटिल मगर प्रेम और अपनेपन की प्रक्रिया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातूः**एक अति प्राचीन और आवश्यक प्रक्रिया जो पूर्व में प्रायः हर गांव, हर कस्बे और देश के हर कोने में देखने को मिलती थी। जिसके बिना लोगों का जीवन अधूरा और कष्टमय हो जाता था। उसे प्रक्रिया का नाम था घर ओराई।यह प्रक्रिया थोड़ी जटिल और परिश्रम से भरी होती थी। मगर लोग इसकी परवाह किए बिना इस प्रक्रिया को प्रत्येक वर्ष पूरी करते थे। क्योंकि पहले के जमाने में लोगों के पक्के मकान नहीं हुआ करते थे, और कच्चे मकान में बांस के कोरवा और लड़कियों के ऊपर खपड़े देकर घर को बनाया जाता था। जो लगभग हर एक साल टूट-फूट जाने के कारण इसकी मरम्मत आवश्यक हो जाती थी। लोग अपने घरों के छप्पर यानी छायन के ऊपर चढ़कर पुराने और टूटे हुए खपड़ों तथा टूटी लड़कियों को बदलकर नए सिरे से इन पर नए खपड़े और लड़कियां डालकर इतनी मजबूत तरीके से इसकी मरम्मत करते थे कि पानी की एक बूंद भी घर के अंदर नहीं जा पाए। इस प्रक्रिया को कहते थे घरओराई। पहले के जमाने में अक्सर यह देखा जाता था कि किसी एक व्यक्ति के घर ओराई के काम में अगल-बगल के लोग भी एक दूसरे की सहायता करने पहुंच जाते थे और संभवतः एक दिन में इस प्रक्रिया को पूरी कर लिया जाता था। ताकि मौसम की मार से बचा जा सके। मगर अब यह प्रचलन लगभग विलुप्त सी हो गई है। यहां एक बात बताना अत्यंत आवश्यक है कि भले ही हम आज पक्के और शानदार मकान में रहते हैं। असली मगर ठंडक पाने के लिए एयर कंडीशन कुलर या पंख जैसे महंगे उपकरणों की आवश्यकता पड़ती है। जिसे हर कोई वहन नहीं कर पाता। वही पहले के जमाने में कोठा वाला कमरा हुआ करता था। जहां जाने के बाद प्राकृतिक रूप से इतनी ठंडक होती थी कि बिना किसी पंखा, एयर कंडीशन या अन्य संसाधनों के बिना भी लोग सुकून और चैन की नींद ले पाते थे। बिल्कुल शांत और शीतल माहौल जो प्राकृतिक हुआ करता था, बिना किसी फिजूल खर्च के। मगर आज के इस दौर में प्राकृतिक ठंडक और वह कोठे वाले कमरे कहीं देखने को नहीं मिलते हैं। आने वाली पीढ़ी तो शायद इन चीजों का नाम भी नहीं जान पाएगी। आज हम भले कीमती और मॉडर्न संसाधन जुटा लें लेकिन वह सुकून और वह शांति खपड़ों से बने घरों के अंदर कोठे वाले कमरे ही हमें दे पाते थे। इसीलिए अक्सर उन घरों को ओराने की आवश्यकता पड़ती थी। उस प्रक्रिया में भी एक अलग ही आनंद हुआ करता था। लोग बिना किसी स्वार्थ के एक दूसरे की मदद के लिए खड़े रहते थे। वह भी क्या दौर था सिर्फ अपनापन और एक दूसरे की सहायता तथा समर्पण का भाव लिए लोग एक दूसरे के लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे। मगर आज स्वार्थ ने सबको अंधा कर दिया है और लोग सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं। यह मानव जाति के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बातें हैं। पहले सुकून के लिए लोग पेड़ों की ठंडी छाया में जाते थे और आज पेड़ के लिए तरसते हैं लोग। अपने आने वाली पीढियों को हमें उस दौर के अपनेपन और भाईचारगी के बारे में बात कर लोगों से प्रेम भाव के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है।

## सेन्हा कर्बला में की गई फातिहा

**लोहरदगाः** मोहर्रम को ले जिला प्रशासन के नेतृत्व में प्रखंड व पुलिस प्रशासन पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैद रहा। अशूरा (10वीं मोहर्रम) के अवसर पर सेन्हा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों और गांवों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कर्बला पहुंचकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को श्रद्धापूर्वक याद किया।जुमे की नमाज के बाद श्रद्धालुओं ने कर्बला में फातिहा पढ़ी और क्षेत्र में सुख-शांति, अमन-चैन तथा आपसी भाईचारा कायम रहने की दुआ मांगी। इस अवसर पर तबर्रुक भी वितरित किया गया।मोहर्रम कमेटी के लाइसेंसधारी अख्तर अंसारी ने बताया कि कर्बला की लड़ाई हक और बातिल के बीच हुई थी, जिसमें इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों ने सत्य और न्याय की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी शहादत की याद में हर वर्ष मोहर्रम मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन मुस्लिम धर्मावलंबियों ने रोजा रखा, कुरआन की तिलावत की और समाज में अमन, भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की दुआ की।प्रखंड मुख्यालय के अलावा भड़गांव, उगरा और डाडू में भी जुलूस निकाला गया, जहां श्रद्धालुओं ने ₹या अली, या हुसैन₹ के नारों के साथ इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर लाइसेंसधारी अख्तर अंसारी, मोजावर अलाउद्दीन अंसारी, तौसीफ अंसारी, नूरहसन अंसारी, फैयज अंसारी, शहीद अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को भेजा गया जेल

**लोहरदगाः** सामूहिक दुष्कर्म मामला में बरही से गिरफ्तार दोनों आरोपी को मेडिकल जांचोपरांत न्यायालय में पुलिस किया प्रस्तुत विदित हो कि उक्त घटना लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। बताया जाता है कि दोनों आरोपी एक युवती को अकेला देख कर सामूहिक दुष्कर्म घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के समक्ष दोनों आरोपी अपने जुर्म को स्वीकार किया। घटना के पश्चात पीड़िता व परिजनों ने शिकायत कर पुलिस प्रशासन से न्याय का गुहार लगया। जिसके आलोक में दुष्कर्म मामला में दोनो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पीड़िता के शिकायत पर सेन्हा थाना कांड संख्या 78/26 दर्ज कर भारतीय न्याय सहिता के तहत पुलिस कारवाई किया गया। बताया जाता है कि दोनों आरोपी दुष्कर्म घटना को अंजाम देने के पूर्व छेड़ छाड़ कर युवती का अकेला होने का फायदा उठाया। थाना प्रभारी नीरज झा ने बताया कि दुष्कर्म मामला को गम्भीरता से लेते हुए दोनों आरोपी बरही निवासी बिशु लोहरा के पुत्र अनिल लोहरा तथा देवेन्द्र लोहरा के पुत्र अशोक लोहरा घटना को अंजाम देने में संलिप्त था।

## लोहरदगा में 21 जुलाई को होगी माँ विपत्तारिणी पूजा

**लोहरदगाः** श्री श्री दुर्गा बाड़ी मंदिर कमिटी, लोहरदगा के सचिव तापस राय ने जानकारी दी गई है कि माँ विपत्तारिणी पूजा का आयोजन 21 जुलाई को दुर्गा बाड़ी मंदिर परिसर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया जाएगा।इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंदिर कमिटी ने बताया कि प्रसाद का शुल्क 400 रुपये प्रति डिंगा निर्धारित किया गया है। इच्छुक श्रद्धालु 18 जुलाई तक मंदिर के पुरोहित जादव राय के पास शुल्क जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्रसाद के लिए शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा। मंदिर कमिटी ने सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों से सपरिवार पूजा में शामिल होकर माँ विपत्तारिणी का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## 24 घंटा में चोरी की स्कूटी बरामद आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**लोहरदगाः** डांडू गांव में तीन चोर स्कूटी चोरी घटना को अंजाम दे गाड़ी ले हुआ फरार सूचना के पश्चात सेन्हा पुलिस ने तत्परता दिखते हुए चोरी हुई स्कूटी के साथ तीन नाबालिक आरोपी को हिरासत में ले पुष्टि के पश्चात पुलिस ने न्यायालय के आदेशानुसार बाल सुधार गृह गुमला भेजा। उक्त घटना लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डाडू गांव निवासी स्वर्गीय सेराजुद्दीन अंसारी की पुत्र सैमुल अंसारी का खड़ी स्कूटी जे एच 08 एच 9690 को बुधवार रात्रि में तीन अज्ञात चोरों ने चोरी घटना को अंजाम दिया था। गुरुवार सुबह जब सो कर उठा तो घर के बाहर स्कूटी नहीं पाया तो गाड़ी का खोज बिन करने लगा इसी दरमियान गुरुवार दोपहर में थाना में आवेदन देकर स्कूटी चोरी की लिखित शिकायत किया। थाना प्रभारी नीरज झा ने मामले को संज्ञान में लिया और सीसीटीवी गांव में खंगालने लगा तो स्कूटी में सवार होकर रास्ते से गुजर रहे चोर को देख कर थाना प्रभारी ने अपने गुप्तचर को लगाया तभी स्कूटी को खड़ा करके तीनों चोर सरेंगहातु के पास कोई चीज लेने के लिए रुके थे तब थाना प्रभारी को सूचना दिया गया कि सफेद स्कूटी में तीन युवक नाबालिक पेड़ के पास है। थाना प्रभारी नीरज झा ने त्वरित कारवाई करते हुए गस्ती दल के सहयोग से तीनों से पूछ ताझ किया गया तो तीनों ने चोरी की स्कूटी की बात बताई। तीनों विधि विरुद्ध बालक है और स्कूटी को बरामद कर पहचानी कराया गया। इसके पश्चात सेन्हा थाना कांड संख्या 79/26 दर्ज कर भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर तीनो विधि विरुद्ध बालक को बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया गया।

## नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ ग्रामीणों को किया गया जागरूक




**लोहरदगा** : झालसा रांची तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) लोहरदगा के अध्यक्ष श्री राजकमल मिश्रा एवं सचिव श्री मनोरंजन कुमार के निदेशानुसार ग्राम निगंनी में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का संचालन पीएलवी निशा कुमारी एवं पीएलवी शाहिद हुसैन ने किया। इस दौरान ग्रामीणों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित लोगों से ₹नशा को ना कहें, जीवन को हाँ कहें₹ का सामूहिक संकल्प भी दिलाया गय्कार्यक्रम में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य के महत्व पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही डायन प्रथा, साइबर अपराध, भूमि साक्षरता एवं विभिन्न कानूनी अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया ।ग्रामीणों को नालसा हेल्पलाइन 15100, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 तथा आपातकालीन सेवा 112 की उपयोगिता और इनका आवश्यकता पड़ने पर कैसे उपयोग करें, इसकी भी विस्तृत जानकारी दी गई।इस जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।

## लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन की आम बैठक 28 जून को

**लोहरदगाः**लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने ऊपर पाट, सेरेंगदाग क्षेत्र एवं बिमरला रूट पर चलने वाले सभी बॉक्साइट ट्रक मालिकों को 28 जून 2026 (रविवार) को आयोजित आम बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है ।एसोसिएशन की ओर से जारी सूचना के अनुसार बैठक रविवार को अपराह्न 3:00 बजे चंदवा गैराज लाइन स्थित एसोसिएशन कार्यालय में आयोजित होगी। बैठक में विभिन्न माइंसों से जुड़े सभी ट्रक मालिकों को आमंत्रित किया गया है, ताकि वे परिवहन कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं एवं सुझावों को साझा कर सके उबैठक में विभिन्न माइंस क्षेत्रों में परिवहन के दौरान आ रही परेशानियों, प्रशासनिक चुनौतियों तथा अन्य व्यावहारिक समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित परिवहन व्यवस्था को लेकर भी विशेष विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने सभी संबंधित ट्रक मालिकों से समय पर बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं समस्याएं रखने की अपील की है।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 46 वें स्थापना दिवस में राज्यपाल हुए शामिल, कहा-

# रिसर्च का असर खेतों की मेढ़ तक दिखना चाहिए

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 46वें स्थापना दिवस का आयोजन धूमधाम से विश्वविद्यालय परिसर में किया गया. मुख्य समारोह बिरसा कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल एवं कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार शामिल हुए. कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिकों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया. विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल रहे छात्र-छात्राओं को राज्यपाल संतोष गंगवार ने पुरस्कृत किया. इस मौके पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट का लोकार्पण भी किया गया. राज्यपाल ने राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित प्रगतिशील किसानों, मत्स्य पालकों,



पशुपालकों और मधुमक्खी पालकों को सम्मानित किया. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय के लैब में हुए अनुसंधान का लाभ खेतों के मेढ़ तक पहुंचना चाहिए. उन्होंने 46वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय पांच दशकों के अपने स्वर्णिम उपलब्धियों की ओर अग्रसर है और यह भविष्य की नई ऊंचाइयों के लक्ष्य निर्धारित करने का समय है.

**बीएयू सिर्फ शिक्षण संस्थान नहीं, किसानों की उम्मीद की किरण है- राज्यपाल**

राज्यपाल ने कहा कि इअव केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं बल्कि किसानों की उम्मीद की किरण है. झारखंड की समृद्ध संस्कृति और जैव-विविधता की चर्चा करते हुए उन्होंने जनजातीय समुदायों द्वारा विकसित टिकाऊ खेती की परंपरा को आधुनिक खेती से जोड़ने पर जोर दिया. जलवायु परिवर्तन के दौर में पर्यावरण अनुकूल तकनीकों के विकास की आवश्यकता बताई. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने की सराहना की. खुद को कृषि परिवार से बताते हुए राज्यपाल ने वैज्ञानिकों से अपील की कि वे चिंतन करें- हम किसानों के चेहरे पर कितनी मुस्कान ला पाए हैं? राज्यपाल ने कहा कि प्रयोगशालाओं में विकसित तकनीक किसानों के खेतों तक पहुंचनी चाहिए, जिससे उनके जीवन में खुशहाली आए. हर कृषि विज्ञान केंद्र से किसानों को कितना लाभ हो रहा है, इसकी परख जरूरी है.

**कृषि शिक्षा और अन्नदाताओं का सम्मान**

राज्यपाल ने कहा कि कृषि अब केवल जीविका का साधन नहीं रह गया है, बल्कि यह नवाचार का विषय बन गया है. कृषि की पढ़ाई करने वाले छात्र जॉब ढूंढने वाले नहीं बल्कि जॉब देने वाले बनें. अन्नदाता देवतुल्य हैं और राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा के स्तंभ हैं, उनका सम्मान होना चाहिए. क्ष्फ्क्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब किसान समृद्ध होंगे तब गांव समृद्ध होगा, गांव समृद्ध होगा तब देश समृद्ध होगा. राज्यपाल ने इअव में खाली पदों को शीघ्र भरने का आश्वासन भी दिया.

**कुलपति ने बताई उपलब्धियां व चुनौतियां**

कुलपति डॉ. सुधीर चंद्र दुबे ने स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के साथ कमियों से कुलाधिपति को अवगत कराया. उन्होंने कहा कि इस भौगोलिक क्षेत्र में खेती की उन्नति के लिए 1981 में राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय से अलग होकर बीएयू ने स्वतंत्र रूप लिया. तब से अब तक कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं, लेकिन वर्तमान में मानव संसाधन की कमी से जूझ रहा है, जिसे शीघ्र दूर कर लिया जाएगा.

## मोहर्रम जुलूस 27 को, डीजे, नशा व आग के खेल पर रोक, प्रत्येक अखाड़े में होंगे 14 वॉलिंटियर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** 27 जून को मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा. धवताल अखाड़ा के सभी जुलूस अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए पहुंचेगी. इस दौरान सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के प्रवक्ता मो. इस्लाम एवं महासचिव अकीलुर्रहमान ने कहा है कि 27 जून को रांची में निकाले जाने वाले मोहर्रम जुलूस की तैयारी पूरी कर ली गई है. सभी जुलूस अपने-अपने क्षेत्रों से निकलकर अपने निर्धारित मार्ग तक पहुंचेगी और वापसी भी अपने निर्धारित मार्ग से ही की जाएगी. इस बार सेंट्रल कमेटी के लोगों ने मोहर्रम की जुलूस में आग के खेल पर प्रतिबंध लगाए है. इसके अलावा डीजे साउंड पर भी रोक लगाए गए है. इसके लिए सेंट्रल मुहर्रम कमेटी ने सभी अखाड़ेधारियों के लिए गाइडलाइन जारी की है. ताकि मोहर्रम का जुलूस प्रेम, शांति, भाईचारा और सौहार्द के साथ संपन्न हो सके. जिसमें नशा, आग और कांच के खेल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाए गए है. जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने की अपील है. जुलूस में झांकी एवं निशान (झंडे) की ऊंचाई 14 फीट से कम रखने की अपील की है. राष्ट्रीय ध्वज के अलावा किसी भी गैर मुल्क का झंडा जुलूस मंर लेकर चलना मना है. जुलूस के संचालन के लिए प्रत्येक अपने अखाड़े में 10 वॉलंटियर रखना है. ऐसी कोई भी झांकी न बनाएं जिससे सांप्रदायकि सौहार्द बिगड़ने की आशंका हो. झांकी का प्रदर्शन देशहित एवं समाज हित में हो. प्रत्येक अखाड़ाधारी को अपने खलीफा, प्रमुख खलीफा एवं सेंट्रल मोहर्रम कमिटी की बातों को मानना एवं दिए गए गाइडलाइन का पालन करना आवश्यक होगा. छोटे विवाद को स्थानीय स्तर पर तुरंत सुलझा लें विवाद को बढ़ावा न दें. सोशल मीडिया पर ध्यान बनाए रखें एवं गलत सूचना पोस्ट करने वाले पर अंकुश लगाए. समय की पाबंदी हर हाल में जरूरी है. जुलूस में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखना आवश्यक होगा.

## निगम की 5 विकास योजनाओं का शुभारंभ, जलाशयों की सफाई के लिए उतरी आधुनिक मशीन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** नगर निगम ने जून माह में शहर के विकास कार्यों और स्वच्छता अभियान को गति देते हुए सड़क, नाली और जलनिकासी से जुड़ी पांच महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरूआत की है. शहर के नदी-तालाबों की सफाई के लिए अत्याधुनिक एम्फीबियस ड्रेन मास्टर मशीन को भी सेवा में उतारा गया. इस दौरान मेयर रोशनी खलखो ने नागरिकों से शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की. 9 जून को वार्ड-1 और वार्ड-2 में तीन विकास योजनाओं का शिलान्यास किए. इनमें द्वारिका विहार सोसाइटी में पीसीसी सड़क का नवीनीकरण, आरसीसी नाली और पेवर ब्लॉक निर्माण, ब्रह्मचारी नगर में पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाली और वार्ड-2 में ट्रेड फ्रेंड्स शॉप के पीछे विभिन्न गलियों की सड़कों के सुधार कार्य शामिल हैं. 10 जून को रांची नगर निगम ने सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएसआर



मद से खरीदी गई अत्याधुनिक एम्फीबियस ड्रेन मास्टर मशीन का उद्घाटन किए गए. मेयर रोशनी खलखो और डिप्टी मेयर नीरज कुमार ने हरमू नदी में मशीन को हरी झंडी दिखाकर सफाई अभियान की शुरूआत की. 15 जून को झारखंड हॉस्टल ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मेयर से मुलाकात कर उनके स्वच्छ भारत-स्वच्छ रांची अभियान का समर्थन किया. प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम को 150 झाडू और 20 डस्टबिन भेंट किए. इस दौरान संगठन के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे. 16 जून को वार्ड-30 के आर्यपुरी क्षेत्र में आरआरपी सिंह के आवास और पानी टंकी के पास से पॉपुलर नर्सिंग होम तक आरसीसी नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास रांची विधायक सीपी सिंह और मेयर ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम में डिप्टी मेयर नीरज कुमार, वार्ड-30 की पार्षद सोनी देवी और स्थानीय लोग मौजूद रहे. इसके बाद 26 जून को वार्ड-13 में दो नई योजनाओं की शुरूआत हुई. इनमें सुषमा आरती के घर के पीछे से सफायर अपार्टमेंट तक आरसीसी नाली निर्माण और श्री रामहरि गार्डन के समीप मकचुंद टोली में आरसीसी नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य शामिल हैं. मेयर रोशनी खलखो ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, जलनिकासी व्यवस्था को मजबूत बनाना और स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देना है.

## अवैध भवनों के नियमितीकरण में नहीं दिख रहा उत्साह, पोर्टल पर अब तक सिर्फ 4 हजार आवेदन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से राज्य में बिना स्वीकृत नक्शे के बने मकानों को नियमित (वैध) करने के लिए शुरू की गई योजना के प्रति मकान मालिकों में कोई उत्साह नजर नहीं आ रहा है. गत 14 मई को लॉन्च किए गए समर्पित 'बिल्डिंग रेगुलराइजेशन पोर्टल' पर अब तक राज्य भर से महज 4 हजार के करीब ही आवेदन प्राप्त हुए हैं. दो महीने के लिए खोली गई इस आवेदन प्रक्रिया की समय सीमा आगामी 13 जुलाई को समाप्त होने जा रही है. सरकार ने 'झारखंड अनअथॉराइज्ड कंस्ट्रक्टेड बिल्डिंग रेगुलराइजेशन रूल्स' के जरिए राज्य के उन करीब 7 लाख मकान मालिकों को बड़ी राहत देने की तैयारी की थी, जिनके भवन नियमों का उल्लंघन कर बनाए गए हैं. लेकिन लोग आवेदन करने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं, जिससे इस पूरी योजना का उद्देश्य ही खटाई में पड़ता दिख रहा है. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, आवेदन करने के मामले में राजधानी रांची सबसे आगे है. रांची जिले से



अब तक कुल 1704 आवेदन मिले हैं, जिनमें से 1272 आवेदन रांची नगर निगम (आरएमसी) क्षेत्र से और 432 आवेदन रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण (आरआरडीए) क्षेत्र से आए हैं. इसके बाद धनबाद से 482 और बोकारो से 464 आवेदन दर्ज किए गए हैं. राज्य के अन्य जिलों और नगर निकायों की स्थिति बेहद निराशाजनक है, जहां आवेदनों का आंकड़ा दहाई या इकाई संख्या तक ही सीमित है और कई निकायों में तो अब तक एक भी आवेदन नहीं आया है. लोगों के सामने सबसे बड़ी अड़चन सड़क की चौड़ाई (रोड बाइंडिंग क्लॉज) को लेकर आ रही है. इसके तहत किसी भी अवैध निर्माण को वैध कराने के लिए भवन के सामने कम से कम 25 फीट चौड़ी सड़क होना अनिवार्य है.

## रांची के लोग सावधान ! शनिवार को शाम सात बजे तक इन रूटों पर नहीं चलेंगी गाड़ियां

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में 27 जून को मुहर्रम के अवसर पर निकलने वाले पारंपरिक जुलूस को लेकर जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस ने विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है. रांची ट्रैफिक एसपी राकेश कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए बताया कि दोपहर एक बजे से शाम सात बजे तक शहर के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के आवागमन पर अस्थायी रोक रहेगी. इस दौरान आम लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और पुलिस प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है.

**इन मार्गों से गुजरेगा मुहर्रम का जुलूस**

प्रशासन के अनुसार, मुस्लिम समुदाय का मुहर्रम जुलूस निर्धारित मार्ग से निकाला जाएगा. जुलूस विश्वनाथ चौक से शुरू होकर काली मंदिर, वुल हाउस, फतेहउल्लाह रोड होते हुए कर्बला चौक तक पहुंचेगा. जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जुलूस के गुजरने के दौरान संबंधित मार्गों पर सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा.

**जरूरत के अनुसार बदले जाएंगे अन्य रूट**

ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि मुख्य जुलूस मार्ग के अलावा शहर के अन्य हिस्सों में भी आवश्यकता पड़ने पर वाहनों का रूट डायवर्ट किया जाएगा. जुलूस की स्थिति, भीड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए पुलिस मौके पर ही वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था करेगी. ऐसे में लोगों को सलाह दी गई है कि यात्रा से पहले ट्रैफिक संबंधी जानकारी प्राप्त कर लें और अनावश्यक रूप से प्रतिबंधित मार्गों की ओर जाने से बचें. इससे जाम की स्थिति से बचा जा सकेगा और जुलूस भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगा. मुहर्रम को लेकर शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने फ्लैग मार्च निकाला. फ्लैग मार्च फिरायालाल चौक, सुजाता चौक, इकरा मस्जिद, कर्बला चौक, पथलकुदवा, चर्च रोड, थड़पखना मस्जिद, लालपुर, हिंदपीढ़ी, डेली मार्केट और कोतवाली सहित कई संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा.

## रांची सदर अस्पताल के रेडियोलॉजी हब पर 30 लाख खर्च करेगी सरकार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** रांची के सदर अस्पताल में केंद्रीय रेडियोलॉजी हब को सही तरीके से चलाने के लिए राज्य सरकार ने 30 लाख रुपये की मंजूरी दी है. यह राशि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्वीकृत की गई है. इसका उपयोग आउटसोर्सिंग के माध्यम से काम कर रहे कर्मचारियों के वेतन और अन्य खर्चों पर किया जाएगा. इस संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सिविल सर्जन रांची को पत्र जारी किया है. सरकार ने सिविल सर्जन प्रभात कुमार को इस राशि की निकासी और व्ययन पदाधिकारी बनाया है. वे संबंधित कोषागार से राशि निकालकर निर्धारित नियमों के अनुसार खर्च करेंगे. विभाग ने निर्देश दिया है कि आउटसोर्स कर्मियों का भुगतान उनकी



उपस्थिति और कार्य की जांच के बाद ही किया जाए. सिविल सर्जन की ओर से मासिक उपस्थिति प्रमाणित होने के बाद ही भुगतान होगा. खर्च की निगरानी के लिए हर तीन महीने में महालेखाकार, झारखंड से व्यय का सत्यापन कराया जाएगा. वहीं हर महीने की 10 तारीख तक खर्च का विवरण स्वास्थ्य विभाग को भेजना भी अनिवार्य होगा. सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से सदर अस्पताल के केंद्रीय रेडियोलॉजी हब का संचालन बेहतर होगा और मरीजों को एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड समेत अन्य रेडियोलॉजी सेवाएं नियमित रूप से मिल सकेंगी.

## मुहर्रम पर 6 हजार जवानों की तैनाती, पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने मुहर्रम को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं. रांची समेत राज्य के सभी संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है. इसके अलावा सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जिलों में विशेष तैयारी की गई है.

**विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश**

दरअसल, 27 जून को झारखंड की राजधानी रांची सहित हर जिले में मुहर्रम का भव्य जुलूस निकाला जाएगा. राजधानी रांची में भी इसे लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है. रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि राजधानी में सुरक्षा के लिए 6000 जवानों की तैनाती की गई है. मुहर्रम के जुलूस को लेकर सुरक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है. पुलिस की टीम के द्वारा सभी रूटों का निर्धारण कर लिया गया है, जहां से मुहर्रम का जुलूस निकलेगा. रांची पुलिस के सीनियर



अफसरों द्वारा खुद से ही जुलूस रूट का निरीक्षण किया गया.

**समय का ध्यान रखने की अपील**

रांची जिला प्रशासन की तरफ से अखाड़ाधारियों से अपील की गई है कि वे तय रुट से ही समय पर जुलूस निकाले और वापस लौटें. अखाड़ाधारियों को यह भी साफ निर्देश दिए गए हैं कि जुलूस में असामाजिक तत्व शामिल न हो, इसे लेकर सजग रहे. इसके साथ ही किसी भी तरह के खतरनाक कारनामें जुलूस में न हो, इसका भी सभी अखाड़ाधारी ध्यान रखें.

**27 को निकलेगा जुलूस**

रांची सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि मुहर्रम को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है. बता दें कि रांची में मुहर्रम का जुलूस 27 जून को निकाला जाएगा. जुलूस में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर है. सुरक्षा के मद्देनजर जिलेभर में 6 हजार अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की जाएगी, इसमें जिला बल, जैप, रैफ, सैफ, आइआरबी आदि शामिल है. शहर में लगे सीसीटीवी कैमरा से पूरे जुलूस की निगरानी की जाएगी. जुलूस की मॉनेट्रिंग कंट्रोल रूम से होगी. इसके लिए कंट्रोल रूम में भी जवानों की तैनाती की गई है.

**पुलिस मुख्यालय ने जारी किए दिशा-निर्देश**

झारखंड पुलिस की ओर से भी राज्य के सभी जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है. खासकर वैसी जगहों पर जहां पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं घटी है. जिनमें रांची, जमशेदपुर, पलामू, बोकारो, गिरिडीह, लोहरदगा, हजारीबाग में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है. इन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का आदेश भी जिलों के एसपी को दिए गए हैं.

**सोशल मीडिया पर निगरानी, हॉट स्पाट भी चिन्हित**

असमाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाई जाए, इसके लिए सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को निर्देश दिया गया है कि वह इसकी निगरानी करें. किसी तरह की अफवाह फैले, तो तत्काल उसका सत्यापन करके आगे की कार्रवाई करें.

## सेवा भारती रांची महानगर भाग 4 के वार्षिक उत्सव की तैयारियों को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक




**राष्ट्रीय सेवा भारती ट्रस्टी गुरु शरण प्रसाद ने की समीक्षा**

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** सेवा भारती रांची महानगर भाग-4 के आगामी वार्षिक उत्सव को भव्य और सफल बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सेवा भारती महानगर भाग-4 के अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा ने की। बैठक में मुख्य रूप से सेवा भारती के राष्ट्रीय ट्रस्टी गुरु शरण प्रसाद मौजूद रहे। उन्होंने वार्षिक उत्सव से जुड़े सभी कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रम को पूरी तरह सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में ये रहे उपस्थितइस अवसर पर भाग-4 के सचिव विनय कुमार, निर्भय कुमार, मनोज कुमार, शशि भूषण सिंह और मीडिया प्रभारी सौरभ कुमार सहित संगठन के तमाम प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही सेवा भारती द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्र की शिक्षिकाएं और निरक्षिकाएं भी बैठक में विशेष रूप से शामिल हुईं। सभी ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने का संकल्प लिया।

## रांची में पहली बार होगा डूरंड कप, विश्वस्तरीय आयोजन के लिए सज रहा बिरसा स्टेडियम

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची पहली बार देश के सबसे प्रतिष्ठित और एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूनार्मेंट डूरंड कप 2026 की मेजबानी करने जा रही है. आगामी 26 जुलाई से शुरू होने वाला यह ऐतिहासिक टूनार्मेंट राज्य के खेल इतिहास में एक नई उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है. पहली बार झारखंड को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी मिलने से खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है. राज्य सरकार, खेल विभाग, भारतीय सेना और आयोजन समिति इस आयोजन को सफल बनाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटी हुई है.

**एशिया का सबसे पुराना और दुनिया का पांचवां सबसे पुराना फुटबॉल टूनार्मेंट**



डूरंड कप केवल एक फुटबॉल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भारतीय खेल परंपरा और सैन्य गौरव का प्रतीक माना जाता है. वर्ष 1888 में शुरू हुआ यह टूनार्मेंट एशिया का सबसे पुराना और दुनिया का पांचवां सबसे पुराना फुटबॉल टूनार्मेंट है. इसकी शुरूआत तत्कालीन ब्रिटिश भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी शिमला में हुई थी. इस प्रतियोगिता का नाम तत्कालीन भारत के विदेश सचिव सर हेनरी मोर्टिमर डूरंड के नाम पर रखा गया था. वर्तमान में इसका आयोजन डूरंड फुटबॉल टूनार्मेंट सोसाइटी और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में किया जाता है. डूरंड कप में हर वर्ष इंडियन सुपर लीग के प्रमुख क्लब, शीर्ष आई-लीग की टीमें तथा भारतीय सशस्त्र बलों की फुटबॉल टीमें हिस्सा लेती हैं. टूनार्मेंट के इतिहास में मोहन बागान और ईस्ट बंगाल सबसे सफल क्लबों में शामिल हैं. इस प्रतियोगिता को भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरूआत का प्रतीक भी माना जाता है और देश के कई नामी खिलाड़ी इसी मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं.

**तैयारियां अंतिम चरण में**

रांची में पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं. पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मुकेश कुमार की अध्यक्षता में कई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं. इन बैठकों में खेल निदेशक छवि रंजन, संस्कृति निदेशक आसिफ एकराम तथा भारतीय सेना के नोडल अधिकारी कर्नल हेम चंद्र सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए. बैठक में आयोजन से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए समय पर सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं.

**बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम हो रहा है तैयार**

मैचों के आयोजन के लिए बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम को नया स्वरूप दिया जा रहा है. स्टेडियम की पिच को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है. फ्लडलाइट, ड्रेसिंग रूम, मीडिया सेंटर, खिलाड़ियों के विश्राम कक्ष तथा अन्य तकनीकी सुविधाओं का भी उन्नयन किया जा रहा है. स्टेडियम परिसर में रंग-रोगन का कार्य तेजी से चल रहा है, जबकि दर्शकों के बैठने के लिए कुर्सियों की मरम्मत और आवश्यक स्थानों पर नई सीटें भी लगाई जा रही हैं. आयोजन के दौरान खिलाड़ियों, अधिकारियों और देशभर से आने वाले दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था भी तैयार की जा रही है.

## हूल दिवस को भव्य रूप से मनाएगी भाजपा, आयोजन के लिए 9 सदस्यीय समिति गठित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी आगामी 30 जून को साहेबगंज के अमर शहीद स्थल भोगनाडीह में हूल दिवस का भव्य आयोजन करेगी. कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने 9 सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया है. गठित समिति में पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, अमर शहीद के वंशज मंडल मुर्मू, पूर्व प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, वरिष्ठ नेता गणेश तिवारी, साहेबगंज जिला अध्यक्ष गौतम यादव, पाकुड़ जिला अध्यक्ष सरिता मुर्मू, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री अनिता सोरेन और अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश मंत्री अनिता मुर्मू को शामिल किया गया है. समिति कार्यक्रम की तैयारियों और सफल आयोजन की जिम्मेदारी



निभाएगी. इस संबंध में प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने कहा कि 30 जून झारखंड के इतिहास में गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि संताल परगना की धरती क्रांतिकारियों की वीरगाथाओं से समृद्ध रही है. वर्ष 1855 में इसी दिन महानायक सिदो-कान्हो के नेतृत्व में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हूल क्रांति का बिगुल फूंका गया था. इस ऐतिहासिक आंदोलन में चांद-भैरव और फूलो-झानो ने भी अग्रणी भूमिका निभाई थी. अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आदिवासी समाज ने अंग्रेजों के दमन और शोषण के विरुद्ध आजादी की लड़ाई से पहले ही संघर्ष का रास्ता अपनाया था. 30 जून 1855 को शुरू हुआ यह आंदोलन भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता है. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इन महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान की ऋणी है और उनके बलिदान को सम्मान देने के लिए समय-समय पर उनका स्मरण करती रही है.

# एसआईआर अभियान को बूथ स्तर तक सफल बनाने पर जोर, बरहरवा में कांग्रेस का प्रशिक्षण-सह-संवाद कार्यक्रम आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बरहरवा/साहिबगंज।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को प्रभावी बनाने और कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे, इस उद्देश्य से शुक्रवार को बरहरवा स्थित निशा मैरेज हॉल में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रशिक्षण - सह - संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकतुल्लाह खान ने की। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एसआईआर संथाल परगना प्रभारी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्रदेश प्रवक्ता अवधेश कुमार प्रजापति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला, प्रखंड, पंचायत एवं बूथ स्तर के कांग्रेस पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चा संगठनों के प्रतिनिधियों तथा बीएलए-2 कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में साहेबगंज जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की गई। डॉ. बलमुचू ने कार्यकताओं से अभियान को गंभीरता और पारदर्शिता के साथ संचालित करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटने न पाए। उन्होंने ग्रामीणों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने तथा अभियान की जानकारी जन - जन तक पहुंचाने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता यदि पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें, तो मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान पूरी तरह सफल होगा। इस दौरान बीएलए-2 एवं कार्यकताओं को अभियान के सफल संचालन से संबंधित आवश्यक दिशा - निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू ने एसआईआर अभियान की आवश्यकता, संगठन की रणनीति और जनहित के विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी तथा पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। वहीं प्रदेश प्रवक्ता अवधेश कुमार प्रजापति ने भर्ती परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि परीक्षा रद्द होने से लाखों युवाओं और उनके अभिभावकों की मेहनत व उम्मीदों को ठेस पहुंच रही है। उन्होंने भर्ती प्रक्रियाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के हितों और उनके अधिकारों की लड़ाई में उनके साथ खड़ी है। कार्यक्रम में अनीकुल मिश्रा, कमल कुमार आर्य, मो. नसीरुद्दीन, अशोक कुमार दास, मोहम्मद कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव, सरफराज आलम, नित्यानंद गुप्ता, मोरसलीन खान, हीरालाल शाह, रंजीत टुडू, विमल देव भगत, भोलानाथ महतो, नाबीद अंजुम, निहाल अख्तर, थॉमस रॉबर्ट, मिथुन मंडल, अनंत लाल भगत, निताई सरकार, सारिक रब्बानी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिमडा मोमिन टोला में लगा नया 63 केवीए ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व पंकज मिश्रा का जताया आभार

**साहिबगंज** ।बरहेट प्रखंड क्षेत्र के सिमडा मोमिन टोला में जला हुआ ट्रांसफार्मर बदलकर नया 63 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। नए ट्रांसफार्मर के लगने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त किया है ।जानकारी के अनुसार, मोमिन टोला सिमडा का पुराना ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गांव के लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी एवं सचिव मुजीबुर रहमान को लिखित आवेदन देकर अवगत कराया था ।इसके बाद प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी एवं सचिव मुजीबुर रहमान ने संबंधित विभाग से संपर्क कर लगातार प्रयास किया, जिसके फलस्वरूप गांव में नया 63 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया गया ।ट्रांसफार्मर स्थापना के उपरांत पंचायत सचिव सिकंदर मोमिन, मुजीबुर रहमान, जियाउर अंसारी, अब्दुल कलाम समेत अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में विधिवत फीता काटकर इसका उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि नए ट्रांसफार्मर के लगने से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में सुधार होगा और लोगों को राहत मिलेगी।

## नशा मुक्ति दिवस पर साहेबगंज जिला विधिक सेवा प्राधिकार का व्यापक जागरूकता अभियान



**साहिबगंज** ।झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति एवं अवैध तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर जिलेभर में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज को, विशेषकर युवाओं को, नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और एक नशामुक्त तथा स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है । जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण - नालसा की महत्वाकांक्षी योजना 'डॉन' के तहत विभिन्न स्थानों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 'डॉन' योजना का लक्ष्य नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को संबोधित करने के लिए कानूनी सेवा ढांचे को मजबूत करना, जागरूकता बढ़ाना और क्षमता निर्माण करना है ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, विश्वनाथ भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों, सामुदायिक स्थलों, मंडल कारा और बाल सुधार गृहों में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में लीगल एड डिफेंस काउंसिल - एलएडीसी के सदस्यों और पैरा लीगल वॉलंटियर्स - न्याय मित्र ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे अभियान की पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ी ।जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान, प्रतिभागियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और कानूनी दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, साथ ही इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों और दंडों के बारे में भी अवगत कराया गया। लोगों को नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, जिसमें खेलकूद, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न होने पर जोर दिया गया ।अभियान के अंतर्गत, विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नशा मुक्ति एवं पुनर्वास विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक भी प्रदर्शित किए गए। इन नाटकों के माध्यम से नशे के खिलाफ संदेश को मनोरंजक और यादगार तरीके से लोगों तक पहुंचाया गया। इसके अतिरिक्त, नालसा द्वारा जारी विशेष जिंगल तुम मत गिरना और आधिकारिक DAWN कैंपेन वीडियो को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर व्यापक रूप से साझा किया गया।

## मुहर्रम पर जिला भर में निकला ताजिया व जुलूस

**साहिबगंज** ।मुहर्रम की 10वीं तारीख पर शुक्रवार की देर शाम शहर के विभिन्न मुहर्रम कमेटियों ने ताजिया व सिप्प्ल के साथ अखाड़ा-जुलूस निकाला। अखाड़ा जुलूस में लोग जगह-जगह लाठी-डंडा व परंपरागत हथियार से करतब दिखाते चल रहे थे। जुलूस रात तक शहर का भ्रमण कर अपने-अपने मुहल्ले के इमामबाड़ा पर वापस लौट गया। मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। 11वीं पर शनिवार को भी विभिन्न मुहर्रम कमेटी की ओर से अखाड़ा के साथ पहलाम जुलूस निकाला जाएगा। राजमहल में मुहर्रम के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों से ताजिया जुलूस निकाला गया। जिसने काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। अलग-अलग हिस्सों से पारंपरिक हथियार व लाठी लेकर निकले जुलूस में अनोखा करतब एंव तरह-तरह के लाठी खेल का प्रदर्शन किया गया। सुरक्षा व विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सशस्त्र पुलिस बल की टीम तैनात थी। मंडरो प्रखंड अंतर्गत मिजाचौकी तेतरिया, शाहाबाद एवं मंडरो धनवासा बुधूवाचक एवं बिशनपुर में मोहर्रम के अवसर पर ताजिया के साथ जुलूस निकाला। तीनपहाड़ में आकषर्क ताजिया निकाल कर लोगों ने पारंपरिक हथियार के साथ अखाड़ा जुलूस निकाला। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे।

## तीनपहाड़ थाना पुलिस ने दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**तीनपहाड़/साहिबगंज :** तीनपहाड़ थाना अंतर्गत कांड संख्या 34/2026 के प्राथमिकी अभियुक्त मोहम्मद कौसर राय पिता स्वर्गीय कमरुद्दीन राय, एवं मोहम्मद परवेज पिता मोहम्मद जलाल राय दोनों हपलागंज बाजार टोला थाना मुफ्फसिल जिला कटिहार के निवासी है जो वर्तमान में राजमहल रेलवे स्टेशन के पास रहते थे जिसको तीनपहाड़ थाना पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा।

## मुहर्रम को लेकर कोटालपोखर पुलिस की सख्ती बढ़ी, संवेदनशील इलाकों में किया फ्लैग मार्च

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कोटालपोखर पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने रहीम ताड़, गांधी मुहल्ला, मुख्य बाजार, गनी चौक, शांति चौक सहित अन्य प्रमुख एवं संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण किया। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर पर्व के दौरान आपसी भाईचारा, शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि मुहर्रम धार्मिक आस्था और अनुशासन का प्रतीक पर्व है। इसे शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में सभी लोगों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अफवाहों से दूर रहने, सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री साझा नहीं करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान कानून - व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे।

# तीनपहाड़ में मुहर्रम का पर्व सौहार्द एवं शांति पूर्ण माहौल में मनाया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ सहित आसपास के इलाकों में मुहर्रम का पर्व शांति पूर्ण माहौल में शुक्रवार को मनाया गया। वहीं तीनपहाड़ में मुहर्रम कमिटी द्वारा ताजिया जुलूस निकाला गया,जो चौक मौहल्ला से शुरू होकर बैंक मोड़ गया और उसके बाद तीनपहाड़ बाजार होते हुए निचेटोला गया ।उसके बाद पुनः ताजिया जुलूस पूरा तीनपहाड़ बाजार में घुमाया गया ।वही इस अखाड़ा जुलूस में बच्चे,बड़े व बुजुर्गों ने अपने अपने तरीके से लाठी,तलवार व भाला से कई हैरतअंगेज कारनामे दिखाएं। वही तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ताजिया जुलूस के साथ साथ मुस्तैद दिखाई दिए। मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना माना जाता है। इस महीने से इस्लाम का नया साल शुरू होता है। मोहर्रम के दसवें दिन हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातम मनाया जाता है।

**इमाम हुसैन की शहादत की जाती है याद**

बता दें कि पूरी दुनिया के शिया मुसलमान इमाम हुसैन और उनके अनुयायियों की शहादत को याद कर मोहर्रम मनाते हैं। इमाम हुसैन, पैगंबर मुहम्मद के पोते थे, जो कर्बला की लड़ाई में शहीद हुए थे। इस महीने के दसवें दिन को अशूरा कहा जाता है। इस दिन मुसलमान समुदाय के लोग रोजा रखते हैं। वही ताजिया जुलूस में छोटे-छोटे बच्चों को भी काफी उत्साहित देखा गया। मौके पर तीनपहाड़ थाना की ओर से एस आई महेंद्र कुमार, एस आई नारद गहलोत, ए एस आई प्रदीप कुमार, ए एस आई ललन रजवार एवं अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# ताजिया जुलूस को लेकर प्रशासन अलर्ट, मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश यादव ने संभाली सुरक्षा की कमान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**मंडरो/साहिबगंज** ।ताजिया जुलूस को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मिजाचौकी पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव स्वयं सड़कों पर उतरकर मोर्चा संभाले हुए हैं। उन्होंने पुलिस बल के साथ क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा जुलूस मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान नगर भ्रमण (फ्लैग मार्च) कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ताजिया कमेटी के सदस्यों से बातचीत कर सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।उन्होंने कहा कि पुलिस की पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति, भाईचारा और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। प्रशासन की सक्रियता से क्षेत्र के ग्रामीणों, व्यापारियों और आम नागरिकों में भरोसा बढ़ा है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का संकल्प दोहराया। ताजिया जुलूस को लेकर मंडरो प्रखंड क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और प्रशासन किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## मोहर्रम जुलूस की सुरक्षा के लिए पुलिस अलर्ट, ड्रोन कैमरों से होगी चप्पे-चप्पे की निगरानी



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज** ।मोहर्रम अखाड़ा एवं ताजिया जुलूस को शांतिपूर्ण और सुरक्षित संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार दोपहर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक जायजा लिया। सदर एसडीपीओ सुशील कुमार और मुख्यालय डीएसपी रवि कुमार कांत (साव) के नेतृत्व में नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता समेत पुलिस बल की टीम ने शहर के विभिन्न मोहल्लों और जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान ड्रोन कैमरों की सहायता से जुलूस मार्ग, संवेदनशील स्थानों तथा आसपास के क्षेत्रों की निगरानी की गई। अधिकारियों ने ड्रोन से प्राप्त दृश्य के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।पुलिस प्रशासन ने मोहर्रम जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए करीब एक दर्जन ड्रोन कैमरों की व्यवस्था की है। जुलूस मार्ग के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग ड्रोन ऑपरेटर और कैमरामैन की तैनाती की जाएगी, ताकि पूरे आयोजन पर लगातार नजर रखी जा सके और किसी भी अप्रिय स्थिति से तत्काल निपटा जा सके ।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मोहर्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी तथा जुलूस की हर गतिविधि पर आधुनिक तकनीक के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी, ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

## राजमहल विधायक ने मोहर्रम पर लाठी खेले, कमेटी ने किया भव्य स्वागत





**राजमहल/साहिबगंज** ।राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा मोहर्रम के अवसर पर उधवा प्रखंड क्षेत्र के फुदकीपुर इंग्लिश मैदान में मोहर्रम कमेटी के माध्यम से आयोजित अखाड़ा जुलूस में शामिल हुए. मोहर्रम कमेटी की ओर से विधायक एवं विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, सीओ आशीष मंडल, थाना प्रभारी अमर मिंज का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया. विधायक ने सभी को शांतिपूर्ण मोहर्रम पर मनाने की अपील की. इंग्लिश मैदान में भव्य मेला का आयोजन था जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल थे. माननीय विधायक जी ने लाठी खेलकर अखाड़ा में लाठी खेल रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन की. इसके उपरांत फुदकीपुर हटिया परिसर व बेगमगंज मैं आयोजित अखाडा में भी शामिल हुए.

## उधवा में शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम पर्व हुआ संपन्न, पुलिस प्रशासन रहे मुस्तैद




**उधवा/साहिबगंज।** प्रखण्ड क्षेत्रों में शुक्रवार को हसन हुसैन की शहादत में मनाए जाने वाला मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ सम्पन्न हो गया। जानकारी के अनुसार प्रखंड के उधवा, पियारपुर, प्राणपुर, इंग्लिश, कटहलबाड़ी, बेगमगंज, चांदशहर आदि जगहों में शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न अखाड़ा कमिटियों की ओर से शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकाला गया ।वही ताजिया जुलूस में लोगों ने एक से बढ़कर लाठी व तलवार भांजकर करतब पेश किया ।इस दौरान मुहर्रम कमिटीयों के द्वारा ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाली गई। वही ग्रामीण क्षेत्रों में ताजिया जुलूस व अखाड़ा देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ दोपहर से जमी रही। देर शाम तक लोगों की चहल पहल रही ।जहां लोगों ने पारंपरिक हथियार के साथ करतब प्रस्तुत किया ।जुलूस में शामिल लोगों ने या अली,या हुसैन के नारों के साथ अली और हुसैन की शहादत की याद को ताजा किया। विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर राजमहल एसडीओ सदानंद महतों,एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, सीओ आशीष कुमार मंडल, राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज आदि पर्याप्त बल तैनात रहे ।हालांकि पर्व में किसी प्रकार की कोई अनहोनी घटना नहीं घटी है। विभिन्न अखाड़ों में पुलिस प्रशासन को तैनात किया गया था।

# उधवा झील में लौटे विदेशी मेहमान, हजारों प्रवासी पक्षियों के कलरव से गूंजा अभयारण्य

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** झारखंड राज्य के साहिबगंज जिले में एकमात्र पक्षी अभयारण्य उधवा झील एक बार फिर हजारों प्रवासी परिंदों के कलरव से जीवंत हो उठी है। मानसून के दस्तक के साथ ही साइबेरिया, मंगोलिया, मध्य एशिया और यूरोप के बर्फीले इलाकों से उड़ान भरकर ये मेहमान परिंदे गंगा के कछार में बसी इस झील को अपना अस्थायी घर बनाने पहुंच रहे हैं। रामसर साइट का दर्जा प्राप्त उधवा झील अब सिर्फ साहिबगंज की पहचान नहीं, बल्कि वैश्विक जैव विविधता और संरक्षण के नक्शे पर एक अहम बिंदु बन चुकी है।

**दो झीलों का संगम है उधवा**

उधवा पक्षी अभयारण्य दरअसल दो बड़ी झीलों, पतौरा और बेरहाले, से मिलकर बना है। करीब 5.65 वर्ग किमी में फैला यह वेटलैंड गंगा नदी के बाढ़ क्षेत्र से जुड़ा है। बरसात में गंगा का पानी यहां भर जाता है, जिससे झील में सालों भर नमी बनी रहती है। यही वजह है कि यहां जलकुंभी, कमल, सिंघाड़ा और मछलियों की भरपूर उपलब्धता रहती है, जो प्रवासी पक्षियों के लिए आदर्श भोजन है। वन्यजीव फोटोग्राफरों के लिए उधवा झील किसी जन्नत से कम नहीं। सुबह की धुंध, पानी पर तैरती नाव और हजारों परिंदों का एक साथ उड़ान भरना, ये नजारे कैमरे में कैद करने के लिए घंटों धैर्य चाहिए। हाल ही में कुछ फोटोग्राफरों ने यहां के दुर्लभ पलों को कैमरे में उतारा है। ये तस्वीरें सिर्फ फ्रेम नहीं, बल्कि प्रवास, संघर्ष और प्रकृति की कालातीत लय की जीवंत कहानियां हैं। हर पंख की फड़फड़ाहट में महाद्वीपों के पार की दास्तान छिपी है।

**कौन–कौन से मेहमान पहुंचे इस बार**

नवंबर से मार्च तक उधवा झील में नॉर्दर्न पिनटेल, कॉमन टील, गडवाल, यूरेशियन विजन, बार-हेडेड गूज, ग्रे-लेग गूज, कॉमन पोचार्ड और रेड-क्रेस्टेड पोचार्ड जैसी दर्जनों प्रजातियां डेरा डालती हैं। इसके अलावा स्थानीय प्रजातियों में पर्पल स्वैम्पहेन, फेजेंट-टेल्ड जैकाना, ब्रॉन्ज-विंग्ड जैकाना, लेसर व्हिसलिंग डक सालभर दिखते हैं। पक्षी विशेषज्ञों के मुताबिक यहां 100 से ज्यादा प्रजातियों के पक्षी रिकॉर्ड किए गए हैं, जिनमें कई आईयूसीएन की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त श्रेणी में हैं।

**रामसर साइट: क्यों है खास?**

उधवा झील को 2021 में रामसर साइट घोषित किया गया था। रामसर कन्वेंशन अंतरराष्ट्रीय महत्व के वेटलैंड को बचाने की संधि है। यह दर्जा मिलने से उधवा झील अब वैश्विक संरक्षण प्रयासों का हिस्सा बन गई है। यह झारखंड का इकलौता रामसर साइट और इकलौता पक्षी अभयारण्य दोनों है।

**खतरे भी कम नहीं: संरक्षण की दरकार**

पर्यावरणविद सह मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रणजीत कुमार सिंह बताते हैं कि उधवा झील की सेहत लगातार बिगड़ रही है। जलकुंभी तेजी से फैल रही है जिससे खुला पानी कम हो रहा है। आस-पास के इलाकों में अवैध मछली पकड़ना, शिकार और खेती के लिए कीटनाशकों का इस्तेमाल परिंदों के लिए खतरा है। पर्यटन के नाम पर होने वाला शोर भी पक्षियों को परेशान करता है। डॉक्टर रणजीत सिंह कहते हैं कि वन विभाग ने गश्त बढ़ाई है, लेकिन स्थानीय लोगों की भागीदारी के बिना संरक्षण अधूरा है। उधवा झील सिर्फ तस्वीरें खींचने की जगह नहीं, यह हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का फेफड़ा है।

# 40 ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकले, पुलिस-प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तैद; संवेदनशील इलाकों में विशेष सुरक्षा, सोशल मीडिया पर भी रही कड़ी नजर

**ड्रोन कैमरों की निगरानी में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मोहर्रम, पाकुड़ में अमन और भाईचारे की बनी मिसाल**

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो प्रमुख**



**पाकुड़:** जिले में मोहर्रम का पर्व शुक्रवार को पूरी श्रद्धा, अकीदत, अनुशासन और आपसी भाईचारे के माहौल में संपन्न हो गया। दशमी के अवसर पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 40 ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गए। जुलूस अपने निर्धारित मार्गों से होते हुए पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुए। पूरे जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।मोहर्रम इस्लामी वर्ष का पहला महीना है और इसकी दसवीं तारीख को कर्बला की ऐतिहासिक घटना में हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को याद किया जाता है। यह पर्व सत्य, न्याय, मानवता और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का संदेश देता है। इसी संदेश को आत्मसात करते हुए जिलेभर में लोगों ने शांतिपूर्ण वातावरण में मोहर्रम मनाया।पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह (भा.पु.से.) के निर्देश पर पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सभी मस्जिदों, इमामबाड़ों, ताजिया जुलूसों, संवेदनशील स्थलों, प्रमुख चौक-चौराहों और जुलूस मार्गों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई। प्रशासन की सतर्कता के कारण पूरे दिन कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही।जिले में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी थाना एवं ओपी क्षेत्रों में 15 क्विक रिस्पांस टीम (दफ्ळ) को दंगारोधी उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर तथा अन्य सुरक्षा संसाधनों के साथ तैयार रखा गया था। इन टीमों ने लगातार क्षेत्र में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी।इस बार सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ड्रोन कैमरों, सीसीटीवी कैमरों तथा लगातार वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई। आसमान से ड्रोन कैमरों के माध्यम से ताजिया जुलूसों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों की निगरानी की गई। इससे पुलिस को प्रत्येक गतिविधि पर वास्तविक समय में नजर रखने में मदद मिली और सुरक्षा व्यवस्था अधिक सुदृढ़ रही।पुलिस ने सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी। किसी भी तरह की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई के लिए विशेष टीम सक्रिय रही। प्रशासन ने लोगों से अपील की थी कि किसी भी अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें और शांति एवं सौहार्द बनाए रखें।उल्लेखनीय है कि 25 जून को मुहर्रम की नवमी के अवसर पर जिले में 14 लाइसेंसी एवं 10 गैर-लाइसेंसी, कुल 24 ताजिया जुलूस भी शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गए थे। वहीं दशमी के दिन निकले सभी 40 ताजिया जुलूस भी बिना किसी व्यवधान के सकुशल संपन्न हुए।मोहर्रम के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय लोगों की ओर से शर्बत, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई। विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे का सहयोग करते हुए सामाजिक सौहार्द और गंगा-जमुनी संस्कृति की मिसाल पेश की।पाकुड़ पुलिस ने पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग देने वाले ताजिया कमेटियों, शांति समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों तथा जिलेवासियों का आभार व्यक्त किया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पाकुड़ पुलिस आगे भी जिले में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

## अमड़ापाड़ा में अकीदत और भाईचारे के साथ निकला भव्य ताजिया जुलूस, गूंजता रहा 'या हुसैन' का नारा




**अमड़ापाड़ा।** मुहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को अमड़ापाड़ा प्रखंड में अकीदत, अनुशासन और गंगा-जमुनी तहजीब की शानदार मिसाल देखने को मिली। दशमी के दिन पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य ताजिया जुलूस निकाला गया। ताजिया को लेकर विभिन्न अखाड़ों और कमेटियों के लोग अमड़ापाड़ा बाजार सहित विभिन्न मार्गों से होकर निर्धारित स्थान तक पहुंचे। पूरे मार्ग में ₹या हुसैन, या हुसैन₹ के नारों से वातावरण गूंजता रहा।जुलूस में बड़ी संख्या में युवाओं ने पारंपरिक युद्ध कौशल और अखाड़े की कला का प्रदर्शन किया। तलवारबाजी, लाठी एवं अन्य पारंपरिक करतबों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। जुलूस देखने के लिए सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और पूरे उत्साह के साथ आयोजन का हिस्सा बने।मुहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है और इसकी दसवीं तारीख को कर्बला के शहीद हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को याद किया जाता है। यह पर्व अन्याय, अत्याचार और जुल्म के खिलाफ सत्य, इंसाफ और मानवता की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक माना जाता है। इसी संदेश को आत्मसात करते हुए लोगों ने शांति, संयम और भाईचारे के साथ मुहर्रम मनाया।जुलूस मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय लोगों की ओर से जगह-जगह शर्बत, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई। लोगों ने ताजिया जुलूस का स्वागत करते हुए आपसी सद्भाव और सामाजिक एकता का परिचय दिया।पर्व के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जुलूस मार्ग, प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पदाधिकारी एवं जवान तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने लगातार निगरानी रखी, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।मुहर्रम के अवसर पर सभी समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को भाईचारे और अमन-चैन का संदेश दिया। शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ यह ताजिया जुलूस अमड़ापाड़ा में सामाजिक समरसता, सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी विश्वास की एक सुंदर मिसाल बन गया।

# दिनदहाड़े अधिवक्ता के घर चोरी, नकदी समेत मुगलकालीन चांदी का सिक्का ले उड़े बदमाश

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो प्रमुख**



**पाकुड़।** नगर थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटना धनुषपूजा बस स्टैंड के पीछे की है, जहां अज्ञात चोरों ने पाकुड़ व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता मोहम्मद कमरूज जमां के बंद मकान को निशाना बनाते हुए नकदी, ऐतिहासिक चांदी का सिक्का और महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता मोहम्मद कमरूज जमां का परिवार बीमार परिजन से मिलने के लिए सुबह ट्रेन से बाहर गया था। वहीं, वह स्वयं सुबह करीब 8:10 बजे घर में ताला लगाकर अपने निजी कार्य से निकले थे। करीब साढ़े तीन घंटे बाद जब वह लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला, जिससे उन्हें अनहोनी की आशंका हुई।शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों ने दीवार फांदकर अंदर प्रवेश किया और मुख्य दरवाजा खोला। घर के भीतर पहुंचने पर ग्रिल का ताला टूटा मिला, जबकि कमरों में रखे दोनों बक्सों के ताले भी तोड़े जा चुके थे। पूरे घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था।पीड़ित के अनुसार, चोर बक्से में रखी करीब 10 से 15 हजार रुपये की नकदी, मुगलकाल का एक दुर्लभ चांदी का सिक्का, तथा उनके पुत्र के आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने साथ ले गए।घटना की सूचना तत्काल नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए साक्ष्य जुटाए। इस संबंध में अधिवक्ता ने नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच करते हुए चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

## शांति एवं सद्भाव के साथ निकला मुहर्रम का जुलूस, या अली, या हुसैन के नारों से गुंजा लोहरदगा



**लोहरदगा:** त्याग व बलिदान का त्यौहार मुहर्रम लोहरदगा जिला में शांति एवं सद्भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोहरदगा नगर क्षेत्र में जोशो-खरोश के साथ पारंपरिक हथियारों के साथ मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। विभिन्न मुहल्लों के अखाड़े और जुलूस सर्वप्रथम जामा मस्जिद के समीप एकत्रित हुए। जिसके बाद अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सचिव सैयद शाहिद अहमद बेलू, कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रत्नेश मनोहर ठाकुर, कादिर अंसारी, वासिफ कय्यूम, सरवर आलम आदि के द्वारा सभी अखाड़ों का स्वागत किया गया। मौके पर थाना प्रभारी श्री ठाकुर ने कहा कि मुहर्रम हमें असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देता है। इसलिए हम सबको जीवन में हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए। साथ ही असत्य व हिंसा के विरुद्ध हमेशा आवाज उठानी चाहिए। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि रहती दुनिया तक इमाम ए हुसैन का नाम पूरी दुनिया में कायम रहेगा। इमामे हुसैन ने अपने खून से इस्लाम को सींचा है। इमाम ए हुसैन की शहादत हमें संदेश देता है कि बुराई करने वाला व्यक्ति चाहे जितना भी बड़ा क्यों ना हो कभी उसके सामने सर ना झुकाएं, बल्कि उसकी बुराई के खिलाफ आवाज उठाएं। तत्पश्चात अंजुमन इस्लामिया व केन्द्रीय मुहर्रम कमेटी के नेतृत्व में विभिन्न मोहल्लों से आए अखाड़े जुलूस की शक्ल में शहर में भ्रमण किया। इस दौरान शहीदे कर्बला की याद में लोगों ने जमकर नारे लगाए। इमामे हुसैन जिंदाबाद, इमामे हसन जिंदाबाद, शहीदाने करबला जिंदाबाद के नारे लगाए गए तथा शहीदे कर्बला की याद में कलाम गाए गए। साथ ही विभिन्न मोहल्लों के अखाड़ों के द्वारा हैरतअंगेज करतब भी दिखाए गए। वहीं विभिन्न मोहल्लों से निकले जुलूस में मोहर्रम को लेकर झांकी भी बनाई गई थी। तथा अखाड़ों के द्वारा जगह-जगह रुककर करतब भी दिखाए जा रहे थे। जुलूस में मुख्य रूप से कुरैशी मोहल्ला, थाना टोली, बूचन गली, न्यू रोड, अमला टोली, मिल्लत कॉलोनी, इस्लामनगर, राहत नगर, तैगी नगर, बांग्ला आजाद बस्ती, पावर गंज, अंजुमन मोहल्ला, करचा टोली, जुरिया, निंगनी गंगू पारा सहित विभिन्न मोहल्लों के जुलूस शामिल थे। जुलूस को लेकर जिला प्रशासन भी सतर्क नजर आई। उपायुक्त सह जिलाधिकारी दंडाधिकारी संदीप कुमार मीणा, पुलिस कप्तान सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर संवेदनशील जगहों पर भारी संख्या में पुलिस बल व दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी। कई जगहों पर बैरिकेडिंग कर यातायात को नियंत्रण किया गया था। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन के लोग मुस्तैदी से तैनात रहे। एसडीओ अमित कुमार, नगर परिषद प्रशासक मुक्ति किड़ो, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर तिर्की के नेतृत्व व निदेशन में सदर सीओ, बीडीओ, इंस्पेक्टर व सुरक्षा के जवान विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते रहे। समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

## बारियातु पंचायत के देवरिया खुर्द में मंदिर पर गिरा वज्रपात, बड़ा हादसा टला



**केरेडारी /हजारीबाग:** ग्राम बारियातु पंचायत अंतर्गत देवरिया खुर्द गांव में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली। तेज गर्जना के साथ हुई बिजली कड़कड़ाहट के दौरान जय श्री राम मंदिर के छत पर वज्रपात हो गया। वज्रपात से मंदिर को काफी नुकसान पहुंचा है। छत का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त मंदिर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों का कहना है कि वज्रपात का सारा असर मंदिर ने अपने ऊपर ले लिया, वरना आसपास मौजूद लोगों और पशुओं के लिए दर्दनाक घटना हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर मंदिर पर वज्रपात नहीं गिरता तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था। एक बच्ची भी बाल-बाल बच गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

## देवरिया कला-बारियातु में भव्य मोहर्रम मेला संपन्न, विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेशवर कुमार हुए शामिल





**केरेडारी /हजारीबाग:** ग्राम बारियातु पंचायत अंतर्गत ग्राम देवरिया कला एवं बारियातु में मोहर्रम का पर्व बड़े ही धूमधाम व भव्यता के साथ मनाया गया। दोनों गांवों में आयोजित मोहर्रम मेला में विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेशवर कुमार शामिल हुए। इस दौरान जागेश्वर कुमार ने मेले में आए सभी दर्शकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में ₹हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई, हम सब भाई-भाई₹ का नारा देकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दोनों गांवों में मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं पारंपरिक तरीके से मनाया गया। ताजिया जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

**मौके पर ये रहे मौजूद:** अनिल कुमार सिंह, पूर्व मुखिया रामेश्वर साव, विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेश्वर कुमार, मुखिया नीतू कुमारी, गुलाम नबी, कयूम अंसारी, रुस्तम अंसारी, मोहम्मद नाजीर, मोहम्मद बदरुद्दीन, कौशर अली, बालेश्वर साव, जफर रजा, मो. मेराजुद्दीन, मो. कयूम अंसारी, आफताब आलम, शहनाज, मो. कलीमुद्दीन खलील, अब्दुर रहमान, उस्ताद मुख्तार, मो. इरफान, मो. शाकीर, मो. नसीम, पप्पू, मो. हनीफ, मो. अयूब, मो. निशाद, मो. समीम, मो. एनुल, मो. यूसुफ, शाकीर रजा, गुलाम नबी, अब्दुल दाउद, मो. साबिर, मो. इब्राहिम, मो. आलम समेत दोनों ग्राम के सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# दामोदर नदी में जल संकट गहराया, सिंदरी समेत पूरे क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति पर मंडराया खतरा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**सिंदरी/ धनबाद।** पूर्वी भारत की जीवन रेखा कही जाने वाली वर्षा पोषित दामोदर नदी का बड़ा हिस्सा इस वर्ष सूखा पड़ा है। जून माह के अंतिम दिनों तक मानसून के पूरी तरह सक्रिय नहीं होने से नदी का जलस्तर लगातार घट रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रशांत महासागर में विकसित हो रही एल-नीनो जैसी परिस्थितियों के कारण मानसूनी गतिविधियां प्रभावित हो रही है ,जिसका असर दामोदर नदी के जल प्रवाह पर भी देखने को मिल रहा है। नदी में पानी की कमी से किसान, स्थानीय निवासी और औद्योगिक इकाइयां गंभीर जल संकट का सामना कर रही है। इसका प्रतिकूल प्रभाव विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं पर भी पड़ रहा है ।सिंदरी के एफसीआईएल आवासीय क्षेत्र और एच यू आर एल यूरिया उद्योग में पेयजल की आपूर्ति मुख्य रूप से दामोदर नदी पर निर्भर है। यहां इंटेक वेल (पंपिंग सिस्टम)के माध्यम से नदी से पानी उठाकर सेटलिंग टैंक तक पहुंचाया जाता है, जहां से शुद्धिकरण के बाद दो पंपों से आवासीय क्षेत्रों और एक पंप से औद्योगिक उपयोग के लिए जलापूर्ति की जाती है। एफसीआईएल आवासीय क्षेत्र में जलापूर्ति का दायित्व हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एच यू आर एल) के पास है। नदी में जलस्तर कम होने के कारण भारी मशीनों की मदद से बहाव के छोटे स्त्रोतों से इंटक वेल तक ट्रेंच काटकर पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। इंटेक वेल से लगातार पंपिंग कर सेटलिंग टैंक को भरा जा रहा है, ताकि आवश्यक जल भंडारण बनाए रखा जा सके। वर्तमान स्थिति को देखते हुए आवासीय क्षेत्र में एक दिन छोड़कर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो जल संकट और भी गंभीर रूप ले सकता है। दामोदर नदी के जलस्तर को बनाए रखने में तेनुघाट बांध की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है तेनुघाट बांध के गेट खोले जाने पर नदी का जल प्रवाह बढ़ता है ,जबकि आगे मैथन डैम के माध्यम से जल का नियंत्रण किया जाता है। हालांकि तेनुघाट बांध का पानी बोकारो जिले के औद्योगिक क्षेत्र ,विभिन्न छोटे-बड़े उद्योगों तथा नगरों की पेयजल आपूर्ति के लिए उपयोग किया जाता है,जिससे जल प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बन गया है। क्षेत्रवासियों की निगाहें अब मानसून की सक्रियता और पर्याप्त वर्षा पर टिकी है, क्योंकि दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ना ही इस संकट का सबसे प्रभावी समाधान माना जाता है।

# ए ए वाई कोटे में कटौती से झारखंड के 25 हजार से अधिक राशन डीलरों की आजीविका पर संकट: अब्दुस सलाम

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (संशोधन) विधेयक-2026 के मसौदे पर केंद्र सरकार को भेजा सुझाव; कमीशन बढ़ाने, मासिक मानदेय और राशन डीलरों का सामाजिक-आर्थिक सर्वे कराने की मांग**

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो प्रमुख**



**रांची/पाकुड़** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन, झारखंड के प्रदेश सचिव अब्दुस सलाम ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, 2026 के मसौदे पर केंद्र सरकार को विस्तृत सुझाव भेजते हुए झारखंड के राशन डीलरों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार के सचिव संजीव चोपड़ा को पत्र भेजकर प्रस्तावित संशोधन पर पुनर्विचार करने तथा राशन डीलरों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक प्रावधान शामिल करने की मांग की है।अब्दुस सलाम ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन के तहत अंत्योदय अन्न योजना (ए ए वाई ) के तीन या उससे कम सदस्यों वाले परिवारों के लिए निर्धारित 35 किलोग्राम मासिक अनाज की जगह प्रति सदस्य 7 किलोग्राम अनाज देने का प्रस्ताव है। इससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली (ढऊर) के तहत राशन डीलरों द्वारा वितरित होने वाले अनाज की मात्रा में कमी आएगी, जिसका सीधा असर उनके कमीशन और आय पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में झारखंड में राशन डीलरों को मिलने वाला कमीशन पहले से ही अपर्याप्त है। दुकान का किराया, बिजली बिल, ई-पॉस मशीन का रखरखाव, इंटरनेट, स्टेशनरी, कर्मचारियों का वेतन तथा अन्य परिचालन खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में यदि आवंटन घटता है तो हजारों राशन दुकानदारों के सामने आर्थिक संकट और आजीविका का खतरा उत्पन्न हो जाएगा।प्रदेश सचिव ने केंद्र सरकार से मांग की है कि संशोधन विधेयक पर अंतिम निर्णय लेने से पहले देशव्यापी सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराया जाए, जिसमें लाभार्थियों के साथ-साथ राशन डीलरों की आर्थिक स्थिति का भी आकलन किया जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सार्वजनिक परामर्श (पब्लिक कंसल्टेशन ) प्रक्रिया में यह भी शामिल किया जाए कि वर्तमान कमीशन पर क्या कोई राशन डीलर सम्मानजनक जीवनयापन कर सकता है। उन्होंने सरकार से राशन डीलरों के लिए निश्चित मासिक मानदेय (फिक्स्ड मंथली हॉनॉरियम ) लागू करने अथवा प्रति क्विंटल मिलने वाले कमीशन में पर्याप्त वृद्धि करने की मांग की, ताकि प्रस्तावित कोटा कटौती से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके।अब्दुस सलाम ने कहा कि सरकार का उद्देश्य गरीबों तक खाद्यान्न की समान और प्रभावी आपूर्ति सुनिश्चित करना है, जिसका एसोसिएशन सम्मान करता है। लेकिन इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि वितरण व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले झारखंड के 25 हजार से अधिक राशन डीलरों की आजीविका सुरक्षित रहे। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि संशोधन विधेयक में राशन डीलरों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रावधान शामिल किए जाएं तथा इस संबंध में डीलर संगठनों की राय को भी महत्व दिया जाए।व्हाइट बैकग्राउंड में अखबार का कटिंग फोटो के साथ बनाया जाए

## सिंदरी में शांतिपूर्ण ताजिया जुलूस: हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल ,पुलिस रही सतर्क



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**सिंदरी /धनबाद।** कोयलांचल के सिंदरी में शुक्रवार को शहर के रांगामाटी, डोंमगढ़ एवं गौशाला क्षेत्र से पारंपरिक ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और मातमी रस्मों का पालन किया गया।मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पारंपरिक हथियारों(लाठी) और ढोल- नगाड़ों के साथ अखाड़ा प्रदर्शन किया। जुलूस के दौरान उत्साह और अनुशासन दोनों देखने को मिला। जुलूस मार्ग पर कई स्थानों पर छबील लगाई गई ,जहां राहगीरों और जुलूस में शामिल लोगों को ठंडा पानी और शरबत पिलाया गया। सिंदरी थाना प्रभारी राजेश कुमार और गौशाला ओपी प्रभारी शंभू नाथ सिंह पुलिस बल ने साथ पूरे समय मौजूद रहे और जुलूस की निगरानी करते दिखे। प्रशासन द्वारा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती गई, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो। जुलूस निर्धारित मार्गो से होते हुए सिंदरी थाना पहुंचे ,जहां मुस्लिम समाज के अखाड़ा सदस्यों ने अपनी कला और कर्तव्य का शानदार प्रदर्शन किया। मोहर्रम का यह आयोजन क्षेत्र में गंगा -जमुनी तहजीब और सामाजिक एकता का संदेश देने वाला रहा।दोनों समुदाय के लोगों ने एक दूसरे का सम्मान किया और शांति बनाए रखने में सहयोग दिया। शाम को धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार ताजिया को कर्बला में सुपुर्द ए खाक (दफन )किया गया।

## धनबाद में नकली नमक फैक्ट्री का भंडाफोड़ ,भारी मात्रा में नकली टाटा नमक व अन्य ब्रांड के नमक बरामद



**धनबाद /धनबाद** के धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरु नानक कॉलेज के समीप भुदा मुख्य मार्ग पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली नमक बनाने और पैकिंग करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में फैक्ट्री संचालक शुभम अग्रवाल एवं उसके पिता को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त परिसर में ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली नमक तैयार कर बाजार में बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर धनसार पुलिस ने छापेमारी की, जहां से भारी मात्रा में नकली टाटा नमक, पतंजलि नमक तथा अन्य ब्रांडों के नाम से पैक किए गए नमक के पैकेट बरामद किए गए।छापेमारी के दौरान पुलिस ने तैयार नकली नमक, खाली रैपर, पैकिंग मशीन, पैकिंग सामग्री एवं अन्य उपकरण जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि यह अवैध कारोबार लंबे समय से संचालित किया जा रहा था और आसपास के बाजारों में नकली नमक की आपूर्ति की जा रही थी।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ब्रांडेड कंपनियों की पैकिंग की हूबहू नकल कर उपभोक्ताओं को भ्रमित किया जा रहा था। मामले में कॉपीराइट उल्लंघन, धोखाधड़ी एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस नकली नमक कारोबार का नेटवर्क कितना बड़ा था और किन-किन क्षेत्रों में इसकी सप्लाई की जा रही थी। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# सुरक्षा को लेकर पुलिस बल रहा तैनात, बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर किया ताजियों का दीदार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरही में शांति व सौहार्द के साथ सम्पन्न हुआ मुहर्रम,आकर्षक ताजियों ने मोहा लोगों का मन,**




**बरही (हजारीबाग )**बरही प्रखंड क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से निकाले गए ताजिया जुलूस में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ ताजियों का दीदार किया और जुलूस में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाया। मोहर्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक पदाधिकारी लगातार जुलूस की निगरानी करते रहे, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सका।बरही क्षेत्र के थाना मोहल्ला, दरगाह मोहल्ला, तारबंगला, रसोइया धमना, शादी मोहल्ला, शकारी मोहल्ला, चौक मोहल्ला (हजारीबाग रोड), ब्राहिल मोहल्ला और आजाद मोहल्ला सहित विभिन्न स्थानों से ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस में एक से बढ़कर एक आकर्षक ताजिया लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा।शकरी मोहल्ला की ओर से तैयार फाइटर जेट की झांकी, रसोइया धमना का आकर्षक गेट, दरगाह मोहल्ला का शहीदी घोड़ा तथा आजाद मोहल्ला की ओर से हुसैनी तलवार की झांकी सहित अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। ताजियों की सुंदर सजावट और कारीगरी की लोगों ने जमकर सराहना की। ताजिया देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। सभी समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का परिचय देते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोग किया। प्रशासन ने भी आम लोगों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से मोहर्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। मौके पर एसडीओ जोहन टुडू, डीएसपी राधा प्रेम किशोर, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, थाना प्रभारी विनोद कुमार, बरही कोनरा अध्यक्ष, मो ताबिश, सचिव मो सगीर, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, मो जियाउल हक, मो इसरार, मो फरीद, मो आजाद, मो एहसान, टीकू आलम, कृष्णा मेहता, शशि जायसवाल, तोखन रविदास सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर सुंदर वा आकर्षक झाकियों को ध्यान में रखते हुए प्राइज का भी वितरण किया गया। प्राइज वितरण में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव मौजूद थे। वही मौके पर प्रथम विजेता के रूप में प्रथम स्थान शाकारी मोहल्ला, द्वितीय विजेता दरगाह मोहल्ला, तृतीय आजाद मोहल्ला, चतुर्थ थाना मोहल्ला राजा कमिटी एवं पांचवा प्राइज चौक मोहल्ला (हजारीबाग रोड) एवं अखाड़ा परिषद के रूप में मो खुर्शीद अनवर को पुरस्कृत किया गया। तथा मुस्लिम आवामी तंजीम ट्रस्ट को सामाजिक योगदान एवं मोहर्रम कमिटी के गठन एवं संचालन सहित प्रशासनिक सहयोग के लिए पुरस्कृत किया गया।

## गुरगुटिया में अजीत कुमार के गृह प्रवेश में शामिल हुए विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेशवर कुमार



**केरेडारी हजारीबागः** ग्राम बारियातु पंचायत अंतर्गत ग्राम गुरगुटिया में शुक्रवार को अजीत कुमार के नव निर्मित आवास का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेशवर कुमार शामिल हुए। जागेशवर कुमार ने अजीत कुमार एवं उनके परिजनों को नए घर में प्रवेश पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

**मौके पर ये रहे उपस्थितः** बंशी प्रजापति, प्रेम प्रजापति, दीपक प्रजापति, भीम प्रजापति, गंगाधर प्रजापति,गौतम कुमार ,जुगति देवी, फूलमती देवी, बसंती देवी, आरती देवी, कोशिला देवी, अनीता देवी, जगनी देवी समेत परिवार के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## गोड्डा में एनजीटी के बावजूद बालू माफियाओं का खेल



**गोड्डाः**जिले के राजाभीठा थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात्रि अवैध बालू लोड कई ट्रैक्टर राजाभीठा थाना होकर गुजर रही थी कि रास्ते में पत्रकार विजय ठाकुर ने खबर को कवरेज करने लगे जिसके बाद पत्रकार विजय के पास बालू माफिया वाहन नंबर जेएच 17एम 7112 से आकर धमकी देते है कि आगे चलो परिचय दे देंगे।जिसके बाद खबर कवरेज कर विजय आगे बढ़ ही रहे थे कि कई बालू माफिया पत्रकार विजय को कार से ओवरटेक करने लगे।विजय मुख्य सड़क को छोड़कर कच्ची व जंगल एरिया से अपनी जान को बचा कर घर पहुंच गए जिसके बाद पत्रकार विजय ने अपने न्यूज रूम में सूचना दी।हालांकि गोड्डा में बालू माफियाओं का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि हाल के दिनों में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जमनी घाट पर बालू माफियाओं ने बालू की अवैध उठाव पर आवाज उठाने वाले मदन मंडल को भी भरपूर मारपीट किया था।लेकिन पत्रकार विजय ने अपनी साहस का परिचय देते हुए जान बचा लिए है।हालांकि शर्म की बात तो है कि इतना होने के बावजूद पत्रकार विजय कुमार ठाकुर को ओवरटेक करने वाला युवक विजय मंडल का पुत्र पिंकू मंडल अभी भी शान से रोड में घूम रहा है न उक्त बालू माफिया को कानून का डर है न ही किसी थाना प्रभारी का खौफ है।हालांकि मामले पर गोड्डा डीसी और गोड्डा एसपी क्या संज्ञान लेते है और कब तक गोड्डा में पत्रकार सुरक्षित रहते है यह देखना दिलचस्प होगा।

## सड़क से मवेशी चोरी करते दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

अमर भगत@ झारखंड उजाला संवाददाता



**अमड़ापाड़ाः** थाना क्षेत्र में 25 जून 2026 को एसआई चंदन कुमार ने पुलिस टीम के साथ सड़क पर घूम रहे मवेशियों को चोरी कर एक वाहन में ले जाते समय ग्रामीणों की सूचना पर दो लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कैलाश साहा (43 वर्ष), पिता श्यामचंद साहा, ग्राम हाथकाठी, थाना हिरणपुर तथा आरिफ अंसारी (19 वर्ष), पिता सादिक अंसारी, ग्राम बासकेन्द्री, थाना महेशपुर के रूप में हुई।पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध मवेशी चोरी एवं पशु क्रूरता अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रौशन भेंगरा ने बताया गिरफ्तार अभियुक्त कैलाश साहा का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वह पूर्व में भी इस प्रकार के अपराधों में संलिप्त रहा है तथा उसके विरुद्ध पहले से पांच मामले दर्ज हैं।

## पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने मोहम्मदगंज प्रखंड में किया वृक्षारोपण, प्रबुद्धजनों के साथ किया संवाद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**मोहम्मदगंज (पलामू):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मोहम्मदगंज प्रखंड के भजनिया स्थित माँ देवी धाम परिसर में पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत वृक्षारोपण किया तथा प्रबुद्धजनों के साथ संवाद किया।इस अवसर पर कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, जनकल्याण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान मातृ सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है।भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने का कार्य किया है।वरिष्ठ भाजपा नेता सी.वी. रमन सिंह ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब समाज का प्रत्येक वर्ग राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और जनसेवा जैसे अभियान राष्ट्र की प्रगति के मजबूत आधार हैं।अंत में युवा नेता सूर्या सोनल सिंह ने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक दायित्व और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का छोटा-सा योगदान भी राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कार्यक्रम में पूर्व जिला मंत्री संतोष कुमार सिंह,मंडल अध्यक्ष राजकुमार मेहता, योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डु सिंह,विनय पासवान, हंसराज सिंह,, उदय सिंह,रामबालक गुप्ता, कामता मेहता,परमेश्वर माली,ब्रिज नारायण सिंह,नर्वदेश्वर सिंह, अशोक सिंह,अयोध्या चंद्रवंशी, विश्वनाथ चौधरी, दिलीप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,अशोक मेहता,रामसुंदर प्रसाद मेहता, एवं बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम पर कारोबारी से मांगी गई पांच करोड़ रुपये की रंगदारी



**रांची।** रांची में कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम पर एक और कारोबारी से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला शुक्रवार को सामने आया है। इस संबंध में कारोबारी उमा शंकर सिंह ने जगन्नाथपुर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने और अपने परिवार की सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। कारोबारी ने अपने आवेदन में बताया है कि रात 12 बजे उनके मोबाइल नंबर पर दुबई के मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप के माध्यम से धमकी भरा मैसेज और आडियो प्राप्त हुआ। संदेश में खुद को प्रिंस खान बताते हुए पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई। साथ ही रकम नहीं देने पर उनकी पत्नी संध्या सिंह, दोनों बेटों बिट्टू और चिंटू और भतीजे टुकटुक की हत्या करने की धमकी दी गई। आवेदन के अनुसार, धमकी भरे व्हाट्सएप मैसेज और आडियो के स्क्रीनशॉट और अन्य डिजिटल साक्ष्य पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में SIR अभियान को लेकर बैठक, कार्यकताओं को दिया प्रशिक्षण; बूथ से पंचायत स्तर तक संगठन को सक्रिय करने का आह्वान

यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो प्रमुख




**पाकुड़ः** जिला कांग्रेस कार्यालय, पाकुड़ में शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री कुमार सरकार की अध्यक्षता में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं झारखंड रक्फ़ प्रभारी प्रदीप बालमुचू शामिल हुए। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए संगठन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकताओं को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया।
बैठक को संबोधित करते हुए प्रदीप बालमुचू ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य है कि एक भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पंचायत, वार्ड और बूथ स्तर तक पहुंचकर घर-घर लोगों से संपर्क करना होगा। उन्होंने BLA-2 एवं इछड की जिम्मेदारियों को विस्तार से समझाते हुए मतदाता सूची के सत्यापन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से पूरा करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान अधिकार से जुड़ी है। इसलिए सभी जिला पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों एवं कार्यकताओं को यह संकल्प लेना चाहिए कि 100 प्रतिशत पात्र मतदाताओं का सत्यापन और पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में SIRअभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। कार्यकताओं से कहा गया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करें, आम लोगों की समस्याओं को सुनें तथा मतदाता सूची से संबंधित प्रत्येक आवश्यक प्रक्रिया में सहयोग करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित न रहे। बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तर के कांग्रेस पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, BLA, BLO सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को पूरी निष्ठा, समर्पण और मजबूती के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया।

## जबरा पहाड़िया की प्रतिमा के अनावरण के उपलक्ष्य में आदिम जनजाति समाज ने की पूजा-अर्चना, मेले का आयोजन

अमर भगत@ झारखंड उजाला संवाददाता



**अमड़ापाड़ा :** प्रखंड के पाकोडीह गाँव मे जबरा पहाड़िया की प्रतिमा के दूसरे वर्ष के उपलक्ष्य में आदिम जनजाति समाज के लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर समाज के महिला-पुरुष एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और जबरा पहाड़िया के साहस, बलिदान तथा समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।पूजा-अर्चना के बाद परिसर में मेले का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत, नृत्य तथा विभिन्न प्रकार की दुकानें आकर्षण का केंद्र रहीं। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जबरा पहाड़िया का जीवन आदिवासी समाज के स्वाभिमान, अधिकार और संघर्ष का प्रतीक है तथा नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए।कार्यक्रम का समापन समाज की सुख-समृद्धि, एकता और क्षेत्र के विकास की कामना के साथ हुआ।वही मुखिया रामी पहाड़िन ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए शिक्षा,स्वास्थ,नशा मुक्ति पर भी ग्रामीणों के बीच जोर दिया।मौके पर मुखिया रामी पहाड़िन, प्रधान कालू पहाड़िया, सरदार जबड़ा पहाड़िया,नायकी जामा पहाड़िया, मुखिया प्रतिनिधि कामदेव पहाड़िया, गुडित कालू पहाड़िया,ग्रामीण नारायणी पहाड़िन,बेसगा पहाड़िया,जिमि पहाड़िन,जबड़ा,आदि मौजूद थे।

## मुहर्रम को लेकर रांची सहित पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 10 हजार से अधिक सुरक्षाबल रहेंगे तैनात



**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने मुहर्रम को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। रांची सहित राज्य के सभी संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। पूरे राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर 10 हजार से अधिक सुरक्षाबलों की तैनाती की गयी है। इसमें जिला बल, जैप, रैफ, सैफ, आइआरबी सहित अन्य बल शामिल हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने के लिए जिलों में विशेष तैयारी की गई है। झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से भी राज्य के सभी जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। खासकर वैसी जगहों पर जहां पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं घटी है। इनमें रांची, जमशेदपुर, पलामू, बोकारो, गिरिडीह, लोहरदगा, हजारीबाग में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है।इन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का आदेश भी जिलों के एसपी को दिए गए हैं। 27 जून को झारखंड की राजधानी रांची सहित हर जिले में मुहर्रम का भव्य जुलूस निकाला जाएगा। मुहर्रम के जुलूस को लेकर सुरक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। पुलिस की टीम ने सभी रूटों का निर्धारण कर लिया है, जहां से मुहर्रम का जुलूस निकलेगा। रांची पुलिस के सीनियर अफसरों की ओर से खुद से ही जुलूस रूट का निरीक्षण किया गया। रांची जिला प्रशासन की तरफ से अखाड़ाधारियों से अपील की गई है कि वे तय रुट से ही समय पर जुलूस निकालें और वापस लौटें। अखाड़ाधारियों को यह भी साफ निर्देश दिए गए हैं कि जुलूस में असामाजिक तत्व शामिल न हों, इसे लेकर सजग रहें। इसके साथ ही किसी भी तरह के खतरनाक कारनामे जुलूस में न हो, इसका भी सभी अखाड़ाधारी ध्यान रखें।वहीं रांची सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि मुहर्रम को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। रांची में मुहर्रम का जुलूस 27 जून को निकाला जाएगा। जुलूस में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर है। सुरक्षा के मद्देनजर जिलेभर में 06 हजार अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की जाएगी, शहर में लगे सीसीटीवी कैमरा से पूरे जुलूस की निगरानी की जाएगी। जुलूस की मानिटरिंग कंट्रोल रूम से होगी। इसके लिए कंट्रोल रूम में भी जवानों की तैनाती की गई है।

## चौपारण में भाईचारे के साथ सम्पन्न हुआ मुहर्रम

**खिलाड़ियों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब**



**चौपारण (हजारीबाग):** प्रखंड में असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक मुहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रखंड के विभिन्न मोहल्ले में आकर्षक ढंग से ताजिया, सिपर निकाला गया। इलाके के खिलाड़ियों द्वारा हैरतअंगेज करतब बेहतरीन ढंग से प्रदर्शन किए गए। प्रखंड में ताजिया तिरंगा निशान के साथ शोभा बढ़ा रहा था। शाम को चौपारण के हर इलाके से नारा ए तकबीर, अल्लाहु अकबर, नारा ए रिसालत या रसुलल्लाह, नारा ए हैदरी, या अली, या शहीदे करबला, या हसन या हुसैन का नारा लगाते हुए लोगों का जुलूस बढ़ता रहा, जो चौपारण के मोहल्ले होते हुए कर्बला तक पहुंचा। वहां पर लोगों ने दुआ मांगी और अकीदत के फूल, शीरनी पेश किए। इस दौरान सीओ संजय कुमार यादव और थाना प्रभारी पंकज कुमार पूरे दिन सक्रिय रहे। अधिकारियों ने बताया कि मुहर्रम के मद्देनजर चौपारण थाना द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया था। संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी, साथ ही अधिकारी स्वयं क्षेत्र में लगातार गश्त करते रहे। पाण्डेयबारा पंचायत अंतर्गत गांव कमलवार में कौमी एकता क्लब के तत्वावधान में विशेष लाठी-भाला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने अपनी कला और साहस का शानदार प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए, जिसे देखकर मौजूद अतिथियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मुहर्रम आपसी प्रेम, भाईचारे और कौमी एकता का प्रतीक है। ऐसे पारंपरिक आयोजनों से समाज में आपसी सौहार्द और एकजुटता को मजबूती मिलती है। वहीं विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे पाण्डेयबारा के समाजसेवी जीतू यादव ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि लाठी-भाला जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने के साथ-साथ समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की जमकर सराहना की। कार्यक्रम से जुड़ी पूरी खबर का संकलन और कवरेज पत्रकार अक्सर अंसारी द्वारा किया गया। मौके पर रामफल सिंह, रेवाली पासवान, अभिमन्यु भगत, अब्दुल जब्बार, गुलबहार अंसारी, सरफराज, सद्दाम, शौकत, मेंहदी हसन सहित कई लोग मौजूद थे।

## सेना पर कथित जमीन के अतिक्रमण के खिलाफ रांची के ग्रामीण करेंगे आंदोलन



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व पार्षद अजीत उरांव ने कहा है कि हिनू, खोखमा टोली और हुंडरू पोखर टोली के ग्रामीणों ने रैयती जमीन पर कथित अतिक्रमण के प्रयास के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है।शुक्रवार को ग्रामीणों की बैठक में इस संबंध में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया। अजीत उरांव के अनुसार बैठक में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना अधिग्रहित रैयती जमीन पर स्थानीय सेना की ओर से अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि इससे उनके आवागमन, रास्ते और पेयजल पाइपलाइन प्रभावित हो रही है, जिससे लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने राज्य सरकार और स्थानीय सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से इस विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए पहल करने की मांग की है। ग्रामीणों का मानना है कि बातचीत के माध्यम से समस्या का समाधान निकाला जाना चाहिए।बैठक की अध्यक्षता बहा कच्छप और सुधीर टोप्पो ने की।इस अवसर पर अजीत उरांव, प्रकाश टोप्पो, सुरेश गोप, सुखनाथ लोहरा, अरुण गोप, संदीप तिर्की, महादेव तिर्की, आनंद टोप्पो सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे।बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# बड़ा मिशन लेकर सेशेल्स जा रहे हैं मोदी, हिंद महासागर में भारत का मास्टरस्ट्रोक देखेगी दुनिया



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

हम आपको बता दें कि सेशेल्स 115 द्वीपों वाला छोटा द्वीपीय राष्ट्र है, लेकिन इसकी भौगोलिक स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मोजाम्बिक चैनल के निकट उन समुद्री मार्गों पर स्थित है, जहां से विश्व व्यापार का बड़ा हिस्सा गुजरता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 27 से 29 जून तक होने वाली सेशेल्स यात्रा हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक सक्रियता और वैश्विक भूमिका को नई दिशा देने वाली महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल मानी जा रही है। सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में मोदी की भागीदारी यह संकेत देती है कि भारत अब हिंद महासागर में अपने मित्र देशों के साथ सुरक्षा, विकास और समुद्री सहयोग को और मजबूत करने की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

हम आपको बता दें कि सेशेल्स 115 द्वीपों वाला छोटा द्वीपीय राष्ट्र है, लेकिन इसकी भौगोलिक स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मोजाम्बिक चैनल के निकट उन समुद्री मार्गों पर स्थित है, जहां से विश्व व्यापार का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इसी कारण अमेरिका, चीन और यूरोपीय शक्तियां भी इस क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। ऐसे समय में भारत का सेशेल्स के साथ संबंध मजबूत करना हिंद महासागर में शक्ति संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इतिहास

इस यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण भारत द्वारा सेशेल्स तटरक्षक बल को एक तीव्र गश्ती पोत सौंपना है। इससे पहले भारत दो डोर्नियर विमान, कई गश्ती नौकाएं तथा तटीय निगरानी राडार प्रणाली भी सेशेल्स को प्रदान कर चुका है। भारतीय रक्षा कर्मियों की तैनाती और संयुक्त सैन्य अभ्यासों ने दोनों देशों के रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई दी है। समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध मछली पकड़ने तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में सेशेल्स भारत पर भरोसा करता है। यही कारण है कि यह यात्रा हिंद महासागर में सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम मानी जा रही है।



हम आपको बता दें कि भारत की महासागर दृष्टि के अंतर्गत सेशेल्स को विशेष स्थान प्राप्त है। भारत अब केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में एक भरोसेमंद सुरक्षा साझेदार की भूमिका निभा रहा है। सेशेल्स का कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में पूर्ण सदस्य बनने का संकेत भी इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इस समूह में भारत, मालदीव, मॉरीशस और श्रीलंका पहले से शामिल हैं। यदि सेशेल्स भी पूर्ण सदस्य बनता है, तो हिंद महासागर में भारत के नेतृत्व वाली क्षेत्रीय सुरक्षा संरचना और मजबूत होगी।

हम आपको बता दें कि मोदी और सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हरमिनी के बीच होने वाली वार्ता में रक्षा सहयोग के साथ ऊर्जा, स्वास्थ्य, डिजिटल शासन, समुद्री निगरानी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। फरवरी 2026 में भारत ने सेशेल्स के लिए 175 मिलियन डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की थी, जिसमें ऋण सहायता और अनुदान दोनों शामिल हैं। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, सौर ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और आधारभूत ढांचे से जुड़ी अनेक परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। यह दशार्ता है कि भारत केवल सामरिक हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह विकास साझेदारी के माध्यम से भी अपने मित्र देशों के साथ दीर्घकालिक संबंध बना रहा है। हम आपको बता दें कि भारत और सेशेल्स के संबंध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत गहरे हैं। वर्ष 1770 में भारतीयों का पहला समूह वहां पहुंचा था। आज लगभग 15 हजार भारतीय मूल के लोग वहां रहते हैं, जो कुल जनसंख्या का बड़ा हिस्सा हैं। गुजराती और तमिल समुदाय व्यापार, निर्माण और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मोदी का भारतीय समुदाय से संवाद दोनों देशों के सामाजिक संबंधों को और मजबूत करेगा।

यह यात्रा वैश्विक राजनीति के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने हिंद महासागर क्षेत्र में अपने प्रभाव का तेजी से विस्तार किया है। चीन की समुद्री परियोजनाएं, बंदरगाह निवेश और सामरिक उपस्थिति भारत के लिए चिंता का विषय रही हैं। ऐसे में सेशेल्स जैसे देशों के साथ भारत का गहरा सहयोग यह स्पष्ट संदेश देता है कि हिंद महासागर में भारत अपनी पारंपरिक भूमिका को और सशक्त बना रहा है। भारत की नीति अब केवल ह्लपड़ोसी प्रथमह्व तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह ह्लग्लोबल साउथह्व के नेतृत्वकर्ता के रूप में भी उभरना चाहता है। सेशेल्स यात्रा इसी व्यापक रणनीतिक सोच का हिस्सा है। इस यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स की राष्ट्रीय सभा के विशेष अधिवेशन को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। यह दोनों देशों के राजनीतिक विश्वास और घनिष्ठता का प्रतीक माना जा रहा है। भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और रक्षा दल की भागीदारी भी यह दिखाती है कि दोनों देशों के संबंध केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। सरकारीएजेंसियां

बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी की सेशेल्स यात्रा हिंद महासागर में भारत की बढ़ती सामरिक शक्ति, समुद्री सुरक्षा नीति और वैश्विक प्रभाव का महत्वपूर्ण संकेत है। यह यात्रा भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा संरचना के केंद्र में स्थापित करने के साथ-साथ चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच संतुलन बनाने में भी सहायक होगी। विकास सहायता, रक्षा सहयोग, सांस्कृतिक संबंध और समुद्री साझेदारी के माध्यम से भारत यह संदेश दे रहा है कि वह हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता, सुरक्षा और साझा समृद्धि का सबसे भरोसेमंद साझेदार बनना चाहता है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बना सकते हैं। आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। रुके हुए काम गति पकड़ेंगे। मन में उत्साह तथा विचारों की स्थिरता के कारण सभी कार्य अच्छी तरह से कर सकेंगे। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें और सेहत का ध्यान रखें। लम्बी यात्रा पर जाने से बचें।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग हैं। काम में मन लगेगा और मेहनत के अनुसार परिणाम मिलेंगे। रुके हुए कार्य शुरू होंगे, जिससे मन में उत्साह रहेगा। दांपत्य जीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। मनोरंजन, सौंदर्य-प्रसाधन, आभूषण आदि के पीछे खर्च हो सकता है। सेहत भी अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यस्थल पर कुछ चीजें परेशान कर सकती हैं, लेकिन अपने परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। कार्यभार की अधिकता से शारीरिक तथा मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव करेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। माता-पिता और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। कारोबार विस्तार की योजनाएं बना सकते हैं, लेकिन जलाशय, जमीन-जायदाद के दस्तावेज आदि से दूर रहें। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। कार्यभार की अधिकता से मानसिक अस्वस्थता हो सकती है। संतानों की चिंता रहेगी। सरकारी काम आसानी से निपटेंगे।

**कन्या राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग हैं। नौकरी खोजने के प्रयास सफल रहेंगे। परिश्रम की अधिकता रहेगी, लेकिन कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। कई लोग आपसे प्रेरणा ले सकते हैं। मकान-भूमि संबंधी कार्यों में सावधानी बरतें। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ता है। धन का खर्च अधिक हो जाने से मन व्यग्र रहेगा। आर्थिक मामलों में संभलकर चलें। परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। नौकरी पैशा वालों के लिए समय अच्छा रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें। परिवार में खुशहाली रहेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन कारोबारियों के लिए अच्छा रहेगा। आर्थिक लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। वाणी पर संयम रखें, अन्यथा परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे, जिससे समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र से संबंधित यात्रा पर जा सकते हैं, जो सफल रहेगी। खान-पान का ध्यान रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजनाएं बनाएंगे और नए सौदों को अंतिम रूप दे सकते हैं। पुराने मित्रों से मुकालात होगी, जो लाभप्रद रहेगी। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च हो सकता है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। परिजनों के साथ घूमने-फिरने जा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का भरपूर रहेगा और सभी कार्य सफल होंगे। व्यापार में नए सौदे होने की संभावना बनेगी। कार्य से संबंधित यात्रा सफल होगी। नए मित्र बन सकते हैं, जो लाभदायक सिद्ध होंगे। आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। धार्मिक प्रवास का आयोजन हो सकता है। धन के लेन-देन से बचें। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी अड़चनें आ सकती हैं। कार्यभार की अधिकता रहेगी, जिससे शारीरिक तथा मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। परिवार का वातावरण आनंदमय रहेगा। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा बहस हो सकती है। जीवनसाथी की समझने का प्रयास करें। खाने-पीने का ध्यान रखें।

**मीन राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यों में सफलता मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा, लेकिन काम की अधिकता रहेगी, जिससे शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव करेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है, जो लाभदायक रहेगी। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं, जिससे समाज में सम्मान बढ़ेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। परिवार में नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# घरेलू मोर्चे पर झटके खा रहे राष्ट्रपति ट्रंप पर पड़े असर के राजनीतिक व कूटनीतिक मायने



उल्लेखनीय है कि एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन के उस आदेश को असंवैधानिक बताते हुए रोक दिया, जिसमें मतदाता पंजीकरण के लिए नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करने की कोशिश की गई थी। अदालत ने कहा कि चुनावी नियम तय करना राष्ट्रपति का नहीं बल्कि राज्यों और कांग्रेस का अधिकार है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हाल के दिनों में घरेलू मोर्चे पर दो बड़े झटके लगे हैं, जिनका असर उनकी राजनीतिक ताकत, चुनावी रणनीति और राष्ट्रपति पद की सीमाओं पर पड़ सकता है। लिहाजा विश्व राजनीति और कूटनीति पर भी इन घटनाओं का असर लाजिमी है। पहले हम बात करते हैं, उन दो बड़े झटके का-जहां पहला झटकाः मतदान संबंधी आदेश पर अदालत की रोक का है, वहीं दूसरा झटका राष्ट्रपति की शक्तियों पर बढ़ता न्यायिक अंकुश है।

उल्लेखनीय है कि एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन के उस आदेश को असंवैधानिक बताते हुए रोक दिया, जिसमें मतदाता पंजीकरण के लिए नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करने की कोशिश की गई थी। अदालत ने कहा कि चुनावी नियम तय करना राष्ट्रपति का नहीं बल्कि राज्यों और कांग्रेस का अधिकार है। वहीं दूसरी ओर ट्रंप की कई नीतियां– जैसे व्यापक टैरिफ, दूसरी प्रशासनिक एजेंसियों पर नियंत्रण और कुछ आव्रजन कदम– अदालतों में चुनौती का सामना कर रही हैं। गौरतलब है कि इसी वर्ष अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने उनके व्यापक टैरिफ अधिकारों को खारिज करते हुए कहा कि कराधान और शुल्क निर्धारण का मूल अधिकार कांग्रेस के पास है। इसे ट्रंप के आर्थिक एजेंडे पर बड़ा आघात माना गया। यह स्थिति दुनिया के अघोषित थानेदार के लिए उचित नहीं है। इसके निम्नलिखित राजनीतिक परिणाम हो सकते हैं:-

पहला, मजबूत राष्ट्रपति की छवि को चुनौतीः ट्रंप ने स्वयं को एक ऐसे नेता के रूप में प्रस्तुत किया है जो तेजी से निर्णय लेकर व्यवस्था बदल सकते हैं। अदालतों द्वारा बार-बार हस्तक्षेप होने से उनके समर्थकों के बीच यह धारणा बन सकती है कि संस्थागत ढांचा उनकी नीतियों को रोक रहा है।

दूसरा, रिपब्लिकन आधार का और ध्रुवीकरणः ट्रंप इन फैसलों को न्यायिक सक्रियता या डीप स्टेट की बाधा बताकर अपने समर्थकों को और अधिक संगठित करने की कोशिश कर सकते हैं। इससे रिपब्लिकन मतदाता आधार में लामबंदी बढ़ सकती है।

तीसरा, डेमोक्रेटिक पार्टी को राजनीतिक अवसरः डेमोक्रेट्स इन घटनाओं को संवैधानिक संस्थाओं की जीत और सत्ता के केंद्रीकरण पर अंकुश के रूप में पेश कर रहे हैं। इससे वे 2026 के मध्यावधि चुनावों में लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा का मुद्दा उठा सकते हैं।

चौथा, कांग्रेस बनाम राष्ट्रपति की बहस तेजः टैरिफ और चुनावी नियमों पर आए फैसलों ने यह संदेश दिया है कि अमेरिकी व्यवस्था में राष्ट्रपति की शक्तियां असीमित नहीं हैं। इससे कार्यपालिका और कांग्रेस के बीच अधिकारों की खींचतान और बढ़ सकती है।

पांचवां, 2026 मध्यावधि चुनावों पर प्रभावः यदि ट्रंप अपनी प्रमुख नीतियों को लागू कराने में कठिनाई महसूस करते हैं, तो विपक्ष इसे प्रशासनिक विफलता बताएगा। वहीं ट्रंप समर्थक इसे ₹व्यवस्था बनाम जनता₹ की लड़ाई के रूप में प्रचारित कर सकते हैं। इसलिए ये झटके राजनीतिक रूप से नुकसान भी पहुंचा सकते हैं और ट्रंप के लिए सहानुभूति भी पैदा कर सकते हैं।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि ये दोहरे झटके केवल कानूनी पराजय नहीं हैं। इनके केंद्र में अमेरिकी संविधान में राष्ट्रपति, कांग्रेस और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का संतुलन है। आने वाले महीनों में यह संघर्ष अमेरिकी राजनीति का प्रमुख विषय बन सकता है और 2026 के मध्यावधि चुनावों की दिशा भी प्रभावित कर सकता है।

खास बात तो यह कि घरेलू मोर्चे पर ट्रंप की शक्तियों को मिले इन झटकों का प्रभाव केवल अमेरिकी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व राजनीति और कूटनीति पर भी दूरगामी असर डाल सकता है।

पहला, अमेरिकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्नः जब किसी राष्ट्रपति की प्रमुख नीतियां अदालतों या संस्थागत बाधाओं से रुकती हैं, तो सहयोगी और प्रतिद्वंद्वी दोनों देशों के मन में यह सवाल उठता है कि अमेरिका की घोषित नीतियां कितनी स्थायी हैं। इससे अमेरिकी वादों और समझौतों की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है।

दूसरा, टैरिफ कूटनीति की धार कमजोरः ट्रंप ने व्यापार शुल्क (टैरिफ) को विदेश नीति के एक हथियार की तरह इस्तेमाल किया था। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उनके व्यापक टैरिफ अधिकारों को सीमित किए जाने से चीन, यूरोपीय संघ, भारत, कनाडा और मेक्सिको जैसे देशों पर दबाव बनाने की उनकी क्षमता कम हुई है।

तीसरा, चीन को रणनीतिक अवसरः यदि अमेरिकी राष्ट्रपति की आर्थिक और व्यापारिक शक्ति सीमित होती है, तो चीन स्वयं को अधिक स्थिर और दीर्घकालिक साझेदार के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश करेगा। इससे वैश्विक दक्षिण के देशों में चीन की कूटनीतिक सक्रियता बढ़ सकती है।

# सावधानी का समय

भारत में जैसे ही कोरोना जांच में वृद्धि हुई है, संक्रमण के मामले भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे नजर आए हैं। पांच दिनों में संक्रमण के मामलों में कमी देखी जा रही थी, लेकिन अब संक्रमण तीन लाख के आंकड़े को पार कर गया है। आठ महीने बाद ऐसी स्थिति बनी है, ऐसे में भी महाराष्ट्र में सोमवार से स्कूल खोलने का फैसला निंदनीय है। जब वर्क फ्रॉम होम की पैरोकारी हो रही है, तब स्कूल खोलने का फैसला कितना सही है? पिछले दिनों शादी-विवाह के मौसम और बाजारों, धर्मस्थलों में बढ़ी आवाजाही का नतीजा हम भुगत रहे हैं। बड़े पैमाने पर कोरोना संक्रमण का विस्फोट हुआ है। मौतों की संख्या भी बढ़ी है, तब स्कूल खोलने का फैसला त्रासद है। क्या महाराष्ट्र में कोरोना मामले काबू में आ गए हैं? नहीं, सच्चाई यह है कि महाराष्ट्र कोरोना महामारी के मामले में नेतृत्व कर रहा है। भारत के चिकित्सा प्रभारियों को महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले पर आपत्ति करनी चाहिए। होता यह है कि एक सरकार जब कोई फैसला लेती है, तब दूसरी सरकारों पर ऐसे ही फैसले के लिए दबाव बढ़ता है। अतः यह जरूरी है कि हर सरकार समझदारी के साथ कदम बढ़ाए। ध्यान रहे कि यह लहर बच्चों को भी समान रूप से पीड़ित कर रही है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दुनिया इस समय कोरोना की चौथी लहर से गुजर रही है। दुनिया में पिछले एक सप्ताह में प्रतिदिन 29 लाख मामले दर्ज किए जा रहे हैं। जब अफ्रीका और यूरोप में कोविड मामले घट रहे हैं, तब एशिया में बढ़त दिख रही है। भारत में अभी लगभग 19 लाख सक्रिय मामले दर्ज हैं। विशेषज्ञ जानते हैं कि पीड़ितों की वास्तविक संख्या इससे ज्यादा हो सकती है। संक्रमण के मामले अगर ऐसे ही बढ़ते रहे, तो जनजीवन स्वतः बाधित हो जाएगा। खैर, आधिकारिक रूप से सरकार ने मान लिया है कि देश में महामारी की तीसरी लहर चल रही है। ऐसे में, सरकार को अपनी बचाव संबंधी नीतियों को और चाक-चौबंद कर लेना चाहिए। पॉजिटिविटी दर 16 प्रतिशत के आसपास होना बहुत चिंताजनक है। स्कूल खोलने के लिए लालायित महाराष्ट्र की ही अगर बात करें, तो वहां साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट दो फीसदी से बढ़कर 22 प्रतिशत हो गई है। केरल में पॉजिटिविटी रेट 32 प्रतिशत व दिल्ली में 30 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में पॉजिटिविटी दर महज छह प्रतिशत दर्ज की जा रही है, लेकिन पूरी सावधानी बरतना समय की मांग है। बेशक, हम अभी बेहतर स्थिति में हैं। दूसरी लहर के चरम दौर में केवल दो प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हुआ था, जबकि अब लगभग 72 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हो चुका है। शायद यही कारण है कि इस बार मौतें कम हो रही हैं। दूसरी लहर 30 अप्रैल 2021 को चरम पर थी, उस दिन 3,86,452 नए मामले आए थे, 3,059 लोगों की जान गई थी और कुल सक्रिय मामले 31,70,228 थे। वहीं 20 जनवरी 2022 को 3,17,532 नए मामले, 380 मौतें और 19,24,051 सक्रिय मामले हैं। मामले यहां से और ऊपर न जाएं, इसके लिए हमें मिलकर बचाव, जांच, इलाज के पूरे इंतजाम से रहना होगा। देश जान-माल का और नुकसान झेलने की स्थिति में नहीं है। ध्यान रहे, गुरुवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आने वाले 25 साल कड़ी मेहनत, त्याग व तपस्या की पराकाष्ठा होंगे। देशवासियों को यह साबित करने में मनोयोग से जुट जाना चाहिए।

# शिव, काम और रतिः जीवन-संतुलन का त्रिकोण

शिव महादेव हैं और काम रूप-सौन्दर्य का देवता। दोनों एक ही कुल अर्थात देव-समूह के हैं किन्तु लोकजीवन में दोनों के प्रतीकार्थ भिन्न हैं। शिव कल्याण के प्रतीक हैं और कामदेव कामनाओं के, मनुष्य की विविध प्रकार की अभिलाषाओं के प्रतीक हैं । शिव अर्थात कल्याण का स्वरूप स्थिर है। वह परिवर्तित नहीं होता। पौराणिक आख्यानों के अनुसार सौन्दर्य के देवता कामदेव ने भगवान शिव की तपस्या में विघ्न उत्पन्न किया और भगवान शिव ने उसे अपने तृतीय नेत्र की क्रोधाग्नि से भस्म कर दिया किन्तु जब काम की पत्नी रति ने शिव से प्रार्थना की और अपने पति को पुनः जीवित करने का वरदान माँगा तब शिव ने काम को देह रहित रूप में संसार को प्रभावित करने की शक्ति देकर उसे पुनर्जीवित कर दिया तथा वह मानसिक स्तर पर सक्रिय होकर संसार को संचालित करने लगा। उसके नए नाम मनसिज, मनोज, अनंग आदि प्रचलित हो गए।

शिवह्यमहादेव हैं और काम रूप-सौन्दर्य का देवता । दोनों एक ही कुल अर्थात देव-समूह के हैं किन्तु लोकजीवन में दोनों के प्रतीकार्थ भिन्न हैं। शिव कल्याण के प्रतीक हैं और कामदेव कामनाओं के, मनुष्य की विविध प्रकार की अभिलाषाओं के प्रतीक हैं । शिव अर्थात कल्याण का स्वरूप स्थिर है। वह परिवर्तित नहीं होता। वह शाश्वत है, सनातन है। इसीलिए शिव उच्च स्तर पर प्रतिष्ठित महादेव हैं और अधिक शक्ति सम्मान्न है। कामदेव का स्वरूप वैविध्यपूर्ण है। वे अपनी सकारात्मकता में रचनात्मक हैं किन्तु नकारात्मकता में भयंकर विध्वंसात्मक भी हैं। अतः वह देवता होकर भी महादेव के समकक्ष नहीं हैं । शिव द्वारा काम-दहन की कथा कल्याण के पथ पर कामनाओं के नियंत्रण का संदेश है। अच्छी-बुरी अनंत कामनाओं को साथ लेकर मनुष्य अपना कल्याण नहीं कर सकता, साथ ही वह समस्त कामनाओं को त्यागकर भी जीवित नहीं रह सकता। जीवन मैं सुख शांति और आनंद की प्राप्ति के लिए अच्छी कामनाओं का होना भी आवश्यक है। कामनाएं ही मनुष्य को कर्मपथ पर प्रेरित करती हैं। इसीलिए शिव एक बार काम को पूर्णतया समाप्त करके उसे पुनः जीवन देते हैं। अभिप्राय यह कि मानव-मन में निहित समस्त दुरभिलाषाओं को समाप्त कर संसार के कल्याण के लिए आवश्यक अभिलाषाओं को पुनः प्रोत्साहित करना मानव जीवन की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है। कामदेव सौन्दर्य के देवता हैं। सौन्दर्य सदा आकर्षित करता है तथा मन में इच्छाओं को जन्म देता है। वे इच्छाएँ जब मानवीय गरिमा, सामाजिक मयार्दा और न्यायसंगत होती हैं तब शिव की कल्याणरुपिणी शक्ति बनती हैं किन्तु जब मानव मूल्यों के विरुद्ध निजी दुरभिलाषाओं और स्वार्थों के लिए सक्रिय होती हैं तब उनका नाश करना अथवा संयम के बल पर उन्हें नियन्त्रित करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। काम के इस अशिव रूप का नाश किए बिना शिव अर्थात कल्याण प्राप्ति की साधना पूर्ण नहीं हो सकती।

कामदेव को भस्म करने वाला शिव का तृतीय नेत्र ज्ञान और वैराग्य का प्रतीक है। जब तक तीसरा नेत्र नहीं खुलता तब तक कामनाएँ भस्म नहीं होतीं। ज्ञान और वैराग्य का तीसरा नेत्र जब खुलता है तब मनुष्य के मन में संयम, संतोष, त्याग, परोपकार, अपरिग्रह जैसे मूल्य पुष्ट होते हैं और लोभ, मोह, अभिमान, स्वार्थपरता, हिंसा, व्यभिचार जैसी दुर्वृत्तियां समाप्त हो जाती हैं और कल्याण की प्राप्ति होती है। भगवान शिव की रोषानल काम की देह को भस्म करती है। देह भौतिकता की प्रतीक है और सांसारिक प्रलोभनों की ओर संकेत करती है। कल्याण का विचार वही क्रियान्वित कर सकता है जो भौतिक सुख-सुविधाओं और लौकिक आकर्षणों से परे है। कामदेव का देहनाश ह्यजर-जोरू और जमीनह्न के लिए होने वाले संघर्ष को विराम देने का अर्थ व्यक्त करता है क्योंकि काम के इस भौतिक स्वरूप का नाश हुए बिना शिव की तपस्या अर्थात कल्याण की प्राप्ति असंभव है ।



# निशांत पहुंचे पीएमसीएच तो गायब थे प्रिंसिपल.. मरीजों का लिया हाल, व्यवस्था देख बोले- होगा एक्शन

**एजेंसी**



**पटनाः** बिहार के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पीएमसीएच में उस समय हलचल मच गई, जब मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार अचानक निरीक्षण के लिए पहुंचे और अस्पताल के प्राचार्य ही मौके पर अनुपस्थित मिले. मंत्री ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया. निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई.पीएमसीएच में निशांत कुमारः दरअसल, पीएमसीएच के टावर-दो के प्रथम तल पर रेडियोलॉजी विभाग को स्थानांतरित किया गया है. यहां मरीजों के लिए अत्याधुनिक जांच सुविधाएं शुरू की गई हैं. स्वास्थ्य मंत्री ने नई व्यवस्था का उद्घाटन किया. इस विभाग में अल्ट्रासाउंड, एमआरआई, सीटी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे और कलर डॉप्लर जैसी आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. अस्पताल प्रशासन का दावा है कि इन सेवाओं के एक ही परिसर में उपलब्ध होने से मरीजों को जांच के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा. उद्घाटन के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने करीब दो घंटे तक अस्पताल परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने रेडियोलॉजी विभाग, शिशु रोग विभाग, डायलिसिस यूनिट, इमरजेंसी सेवा और दवा भंडार का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान जब अस्पताल के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी नहीं मिली तो अधिकारियों ने उनसे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन पर भी बात नहीं हो सकी. स्वास्थ्य मंत्री ने किया निरीक्षणः मंत्री ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में निरीक्षण के दौरान शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी का अनुपस्थित रहना स्वीकार्य नहीं है. उन्होंने कहा कि वह इस मामले में खुद कार्रवाई करेंगे. जानकारी लेते निशांत कुमार स्वास्थ्य मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से पूरी जानकारी ली और स्वास्थ्य सचिव को मामले की रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. मंत्री ने यह भी कहा कि किसी अधिकारी की अनुपस्थिति से अस्पताल की व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक निरीक्षण के दौरान मरीजों और उनके परिजनों से भी स्वास्थ्य मंत्री ने बातचीत की. इस दौरान कई लोगों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर शिकायतें दर्ज कराईं. कुछ मरीजों ने आरोप लगाया कि कई जांच और दवाओं के लिए उन्हें अस्पताल के बाहर जाना पड़ता है.मरीजों से व्यवस्था के बारे में पूछाः वहीं, कुछ लोगों ने अस्पताल परिसर में दलालों की सक्रियता और बिना पैसे कई काम नहीं होने जैसी शिकायतें भी स्वास्थ्य मंत्री के सामने रखीं. एक मरीज ने बताया कि सामान्य एक्स-रे जैसी जांच के लिए भी निजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ता है.

# नेपाल में किराए के मकान में चल रहे मानव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, यूपी-बिहार के तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी**

**बगहाः** नेपाल के नवलपरासी जिले में मानव तस्करी और देह व्यापार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नेपाल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस टीम ने त्रिवेणी ग्रामीण नगरपालिका-6 स्थित एक किराए के मकान पर रात करीब 11 बजे अचानक छापा मारकर पांच लोगों को हिरासत में ले लिया है. बिहार के तीन आरोपी गिरफ्तारः इस छापेमारी में गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों में बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के बगहा क्षेत्र के तीन व्यक्ति शामिल हैं. इनके अलावा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का एक और नेपाल का एक नागरिक भी गिरफ्तार हुआ है. पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि इस मकान में लंबे समय से अवैध धंधा चल रहा था. गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचानः पकड़े गए आरोपियों में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी 30 वर्षीय शकुंता चौहान, पश्चिम चंपारण के बगहा निवासी गौरव कुमार, मुन्नीलाल राम राय और सुरेंद्र कुमार यादव शामिल हैं. इनके साथ ही नेपाल के बाजुरा जिले की हिमाली ग्रामीण नगरपालिका-7 निवासी हेमराज उपाध्याय को भी मौके से गिरफ्तार किया गया है. मानव तस्करी नेटवर्क की जांचः नेपाल पुलिस के अनुसार सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ मानव तस्करी और अनैतिक गतिविधियों से संबंधित कड़े कानूनों के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. पुलिस अब इस बात की गहन जांच कर रही है कि इस कथित आपराधिक नेटवर्क का विस्तार किन-किन क्षेत्रों तक फैला हुआ है. सीमावर्ती इलाकों में सतर्कताः इस बड़ी कार्रवाई के बाद भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में चर्चा का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. स्थानीय लोगों में चर्चा है कि अपराधी दोनों देशों की खुली सीमा का फायदा उठाकर ऐसे गैरकानूनी धंधे चला रहे थे. नेपाल पुलिस ने भारतीय पुलिस के साथ बेहतर समन्वय पर जोर दिया है. पुलिस की सख्त चेतावनीः नेपाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने साफ किया है कि 'मानव तस्करी और देह व्यापार जैसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा. ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी दोषी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# पटना में खान सर की कोचिंग में लगी आग, बाल-बाल बचे स्टूडेंट्स

**एजेंसी**



**पटनाः** राजधानी पटना के मुसल्लहपुर हाट स्थित खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग संस्थान में गुरुवार देर शाम अचानक भीषण आग लग गई. इस हादसे के दौरान परिसर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे और कक्षाएं चल रही थीं. अचानक धुआं उठता देख पूरे भवन में अफरातफरी और भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई. **छात्रों में मची भारी भगदड़ः** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम के समय भवन के एक हिस्से से काला धुआं निकलना शुरू हुआ था. देखते ही देखते धुएं का गुबार पूरे परिसर में फैल गया, जिससे छात्रों के बीच दहशत का माहौल बन गया. अपनी जान बचाने के लिए सैकड़ों छात्र बिना अपना सामान लिए ही क्लासरूम से बाहर की तरफ भागने लगे. **समय रहते बची सभी की जानः** राहत की बात यह रही कि समय रहते सभी छात्र-छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ. सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में कोचिंग संस्थान के बाहर भारी भीड़ और धुएं का गुबार साफ दिखाई दे रहा है. इस भयावह दृश्य को देखकर स्थानीय लोग भी सहम गए थे. खान सर की कोचिंग के बाहर पुलिस दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाईः घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय कदमकुआं थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं. दमकल कर्मियों ने बिना समय गंवाए त्वरित कार्रवाई शुरू की और आग व धुएं पर पूरी तरह काबू पा लिया. प्रशासन का कहना है कि यदि थोड़ी भी देरी होती तो स्थिति अत्यंत गंभीर हो सकती थी. **बिजली पैनल में शॉर्ट सर्किटः** प्रारंभिक जांच में संस्थान के बिजली पैनल में हुए शॉर्ट सर्किट को घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है. हालांकि अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि विस्तृत तकनीकी जांच के बाद ही वास्तविक कारणों की पुष्टि होगी. इसके साथ ही परिसर में मौजूद अन्य बिजली उपकरणों की भी जांच हो रही. आग की सूचना पर पुलिस तुरंत सक्रिय हुई थी. टीम ने समय रहते स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया और किसी भी प्रकार का बड़ा नुकसान नहीं हुआ है. पुलिस अब संस्थान प्रबंधन से सुरक्षा को लेकर पूछताछ कर रही है. **फायर सेफ्टी ऑडिट की खुली पोलः** यह घटना ऐसे समय में हुई है जब कुछ दिन पहले ही अग्निशमन विभाग ने खान ग्लोबल स्टडीज का फायर सेफ्टी ऑडिट किया था. उस जांच के दौरान इमरजेंसी एग्जिट, फायर अलार्म, ऑटोमैटिक स्प्रिंकलर और फायर डिटेक्टर जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं में भारी कमियां और खामियां पाई गई थीं. **प्रशासन ने दिया था नोटिसः** सुरक्षा मानकों में बड़ी चूक पाए जाने के बाद विभाग ने संस्थान को निर्धारित समय के भीतर खामियां दूर करने का कड़ा नोटिस जारी किया था. मुजफ्फरपुर के एक अस्पताल में आग लगने से सात लोगों की मौत के बाद बिहार सरकार ने कोचिंग और अस्पतालों की जांच तेज कर दी थी. **संस्थान को सील करने की चेतावनीः** अग्निशमन अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार शर्मा ने किसान कोल्ड स्टोरेज कैंपस स्थित खान सर के कोचिंग सहित तीन बड़े सेंटरों का दोबारा ऑडिट किया था. नियमों की अनदेखी पर प्रशासन ने मानक पूरे करने के लिए 15 दिनों का समय दिया था. तय समय में सुधार न होने पर सील करने की चेतावनी दी थी. मुसल्लहपुर हाट में बड़ा खतराः मुसल्लहपुर हाट पटना का सबसे बड़ा शैक्षणिक केंद्र माना जाता है, जहां प्रतिदिन हजारों प्रतियोगी छात्र पढ़ाई करने पहुंचते हैं. ऐसे घने और भीड़भाड़ वाले इलाके में अगलगी की घटना किसी बड़े खतरे का रूप ले सकती है. लखनऊ समेत देश के कई शहरों में हुई घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है.

# गांव की माटी से निकली बिहार की टॉपर, पूर्णिया की स्वाति ने बीसीईसीई -2026 में लहराया परचम

**एजेंसी**



**पूर्णिया पूर्व (पूर्णिया)।** मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर पूर्णिया की बेटी स्वाति आनंद ने ऐसा मुकाम हासिल किया है, जिस पर पूरे जिले को गर्व है।सदर प्रखंड के भोगा करियात पंचायत के वार्ड संख्या-12 स्थित भोगा देहात निवासी तपेश कुमार यादव एवं शशिलता देवी की पुत्री स्वाति आनंद ने बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद-2026 में पूरे राज्य में प्रथम रैंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की सीयूईटी यूजी परीक्षा में भी शानदार प्रदर्शन किया है। स्वाति की इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीण, शिक्षक और शुभचिंतक उन्हें बधाई देने पहुंच रहे हैं। लोगों का कहना है कि स्वाति ने साबित कर दिया है कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं। स्वाति ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा केजीपी उच्च विद्यालय, भोगा भटगामा से प्राप्त की। इसके बाद कृषि महाविद्यालय श्रीनगर से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। अब उनका लक्ष्य देश के प्रतिष्ठित कृषि शिक्षण संस्थानों में दाखिला लेकर कृषि विज्ञान के क्षेत्र में शोध करना और वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करना है। अपनी सफलता का श्रेय स्वाति ने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित स्वाध्याय को दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता का सबसे बड़ा मंत्र सेल्फ स्टडी है। यदि विद्यार्थी लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करें तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। स्वाति ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सोशल मीडिया का सीमित उपयोग करना चाहिए। फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म पर समय बर्बाद करने के बजाय पढ़ाई और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की असली कुंजी हैं।स्वाति की यह उपलब्धि आज हजारों छात्रों के लिए प्रेरणा बन गई है। उनकी सफलता ने यह संदेश दिया है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

# बिहार में एसटीएफ जवान की मौत, ड्यूटी से लौटते समय सर्विस रिवॉल्वर से चली गोली

**एजेंसी**



**जहानाबादः** बिहार के जहानाबाद जिले में एसटीएफ जवान की गोली लगने से मौत हो जाने की घटना ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है. घटना घोसी थाना क्षेत्र अंतर्गत चीरी गांव में देर शाम हुई. ड्यूटी पर तैनात जवान के साथ यह दुखद हादसा हो गया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. रळक्रजवान धीरज कुमार की मौतः मृतक की जवान की पहचान 30 वर्षीय धीरज कुमार के रूप में हुई है. वे नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर गांव के निवासी थे. एसटीएफ में तैनात धीरज कुमार घोसी-हुलासगंज मार्ग के ग्रामीण इलाकों में ड्यूटी पर थे, जब यह घटना घटी. घायल अवस्था में उन्हें तुरंत जहानाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. सर्विस रिवॉल्वर से हुई फायरिंगः प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ड्यूटी के दौरान कमर में रखे सर्विस रिवॉल्वर से अचानक गोली चल गई. गोली लगने से जवान की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने इसे दुर्घटनावश हुई फायरिंग बताया है, हालांकि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है. घटनास्थल पर पहुंची एसडीपीओ कृति कमलः घटना की सूचना मिलते ही घोसी एसडीपीओ-2 कृति कमल तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच की. उन्होंने पुष्टि की कि मुहर्रम पर्व को देखते हुए घोसी-हुलासगंज थाना क्षेत्र के बीच 8-9 जवान कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए ग्रामीण इलाकों में गश्त पर थे. कानून व्यवस्था और अपराधियों के धरपकड़ के लिए पुलिस मूवमेंट कर रही थी. ड्यूटी के दौरान ही कमर में रखे सर्विस रिवॉल्वर से अचानक गोली चल गई, जिससे उनकी मौत हुई है. पोस्टमार्टम के बाद राजकीय सम्मानः पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को कब्जे में लिया गया. पुलिस लाइन में राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया गया. परिवार और गांव में छाया शोक का माहौलः धीरज कुमार की मौत की खबर सुनकर पूरे परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी है. युवा जवान की असामयिक मृत्यु पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. पुलिस विभाग ने मामले की गहन जांच का आश्वासन दिया है.

## संक्षिप्त खबर

### बिहार में दर्दनाक हादसा, 5 दोस्तों को बहा ले गई गंगा की तेज धार



**पटनाः** राजधानी पटना से सटे बाढ़ थाना क्षेत्र पोस्ट ऑफिस घाट पर एक बड़ा हादसा हो गया है. गंगा में नहाने आए 5 युवक गहरे पानी मे डूब गए. पांचों युवक आपस में दोस्त थे और साथ में गंगा स्नान के लिए गए थे. डूबने के दौरान युवकों की चीख सुनकर स्थानीय नाविकों ने मिलकर किसी तरह से तीन युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला वहीं एक युवक का शव बरामद किया गया है, जबकि एक अब भी लापता बताया जाता है. जिसकी तलाश अब भी जारी है. युवकों के गंगा जी मे डूबने की खबर मिलते ही घर परिवार से लेकर घाट तक पर अफरातफरी का माहौल कायम हो गया. बाढ़ में गंगा स्नान के दौरान डूबे युवक लापता युवक की तलाश जारीः घटना की सूचना मिलते ही पोस्ट ऑफिस घाट पर बाढ़ थाना की पुलिस पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता दो युवकों की तलाश कराई गई. SDRF की टीम को भी सूचना देकर बुलाया गया है. फिलहाल एक शव बरामद किया गया है, जबकि दूसरे का अबतक कोई सुराग नहीं मिल पाया है. परिजनों का गंभीर आरोपः परिजनों ने बताया कि विकास और रोहित सहित 5 लोग गंगा नदी में स्नान करने के लिए आए थे. स्नान के क्रम में सभी डूबने लगे लेकिन 3 को बचा लिया गया जबकि दो युवक डूब गए. वहीं परिजन प्रशासन पर देरी से पहुंचने का आरोप लगा रहे हैं. उनका कहना है कि अगर टीम समय पर पहुंचती तो दोनों युवकों को बचाया जा सकता था. रोहित कुमार और विकास कुमार डूब गए हैं. पांच दोस्त नहाने आए थे. एक मेरा अपना भाई और एक चचेरा भाई था. पांचों को तैरना आता था, लेकिन होनी को कौन रोक सकता है.ऱ- अविनाश कुमार, मृतक का भाई लोगों ने किया हंगामाः लापता दोनों युवक रिश्ते में चचेरे भाई लगते हैं और थाना क्षेत्र के मसूद बिगहा गांव के रहने वाले हैं. जिनकी उम्र 18 से 20 वर्ष के बीच की है. पुलिस की कार्यशैली से नाराज ग्रामीणों ने सड़क जामकर हंगामा भी किया, लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा समझा बुझाकर जाम हटाया और मामले को शांत कराया गया है.बाढ़ एसडीपीओ राम कृष्ण ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि थाने की पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है. खोजबीन की जा रही है. वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि मोहल्ले वासियों में शोक की लहर फैल गई है.

### दरभंगा में दूसरे धर्म की लड़की से लव मैरिज करने वाले युवक की तलवार से काटकर हत्या, आरोपी दारोगा ने खुद को मारी गोली



**दरभंगा :** बिहार के दरभंगा जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ओझौल गांव में शुक्रवार की सुबह एक युवक की तलवार से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई।मृतक की पहचान दिलीप सहनी के पुत्र सुनील सहनी के रूप में हुई है। हत्या का आरोप बिहार पुलिस के एक दारोगा मोहम्मद मोबिन पर लगा है, जो वर्तमान में पटना में तैनात बताया जा रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी दारोगा ने खुद को भी गोली मार ली, जिसके बाद उसे गंभीर स्थिति में दरभंगा के अल्लपट्टी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फोन कर बुलाया और कर दिया हमला स्थानीय लोगों के अनुसार, तीन साल पहले सुनील ने गांव के ही मो. बिहारी की पुत्री सानिया से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से सुनील अपनी पत्नी और परिवार के साथ अहमदाबाद में रहता था।

### अर्बन चैलेंज फंड से बदलेगी शहरी क्षेत्रों की तस्वीर, केंद्र से मिलेगी 2900 करोड़ की सहायता



**पटना :** सम्राट रकार ने राज्य के शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है. राज्य सरकार ने अर्बन चैलेंज फंड मिशन में भागीदारी को मंजूरी दे दी है. इस मिशन के तहत बिहार को केंद्र सरकार से 2,900 करोड़ की सहायता मिलेगी. केंद्र सरकार ने देशभर के लिए इस योजना के तहत 1 लाख करोड़ का प्रावधान किया है. राज्य सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय और संबंधित नगर निकायों के साथ समझौता करेगी. मिशन का उद्देश्य शहरों में आर्थिक रूप से टिकाऊ और आय सृजित करने वाली परियोजनाओं को बढ़ावा देना है, जिससे नगर निकायों की आय बढ़े और शहरी अर्थव्यवस्था मजबूत हो. परियोजनाओं की वित्तीय व्यवस्था के अनुसार कुल लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार, 25 प्रतिशत राज्य सरकार को मिलेगा. जबकि 50 प्रतिशत राशि नगर निकाय ऋण, बांड या अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से जुटाएंगे. नगर निकायों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (HUDCO) को नामित किया गया है. चयनित परियोजनाओं के लिए HUDCO आवश्यक ऋण उपलब्ध कराएगा. इस योजना के माध्यम से शहरों में निवेश बढ़ेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी. साथ ही वित्तीय स्थिति भी मजबूत होगी.

# 10 सर्कुलर रोड से शिफ्टिंग शुरू, राबड़ी आवास से खोले गए सीसीटीवी कैमरे

**एजेंसी**



**पटनाः** पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी आवास 10 सर्कुलर रोड पर शिफ्टिंग की प्रक्रिया तेज हो गई है. शुक्रवार को आवास परिसर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को हटा लिया है, जबकि अंदर से सामान को धीरे-धीरे दूसरी जगह भेजने का काम भी जारी रहा. इसके साथ ही बिहार की राजनीति के एक महत्वपूर्ण अध्याय के समाप्त होने की चचाएं भी तेज हो गई हैं. 10 सर्कुलर रोड से शिफ्टिंग प्रक्रियाः करीब दो दशक से यह आवास राष्ट्रीय जनता दल और लालू परिवार की राजनीतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना रहा है. वर्ष 2006 से राबड़ी देवी यहां रह रही हैं. पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और बाद में विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर उन्हें यह सरकारी आवास आवंटित किया गया था. पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भी लंबे समय से इसी परिसर में रह रहे हैं.10 सर्कुलर रोड से शिफ्टिंग शुरू बिहार की राजनीति में 10 सर्कुलर रोड का विशेष महत्व रहा है. सत्ता और विपक्ष, दोनों दौर में पार्टी की अहम बैठकों, रणनीतिक चचाओं और कई बड़े राजनीतिक फैसलों का केंद्र यही आवास रहा. राज्य की राजनीति की दिशा तय करने वाली अनेक घटनाओं का यह बंगला प्रत्यक्ष गवाह रहा है. मंत्री नंदकिशोर राम के नाम आवासः हालांकि, वर्तमान सरकार ने इस आवास का आवंटन पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम के नाम कर दिया है. वहीं राबड़ी देवी को नेता प्रतिपक्ष के नाते 39 हार्डिंग रोड स्थित सरकारी आवास आवंटित किया गया है. राबड़ी देवी ने सरकार को पत्र लिखकर 10 सर्कुलर रोड को ही अपने पास बनाए रखने का आग्रह किया था लेकिन भवन निर्माण विभाग ने इस मांग को स्वीकार नहीं किया.29 जून तक करना होगा खालीः आवास खाली कराने की प्रक्रिया के तहत विभाग ने पहले एक महीने का नोटिस जारी किया था. निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद 15 दिनों का अतिरिक्त समय दिया गया और बाद में सात दिनों का रिमाइंडर नोटिस भी भेजा गया. यह अंतिम समयसीमा 29 जून को समाप्त हो रही है, जिसके बाद आवास औपचारिक रूप से नए आवंटी को सौंपे जाने की संभावना है. **39 हार्डिंग रोड में होंगे शिफ्टः** इधर, 39 हार्डिंग रोड स्थित नए आवास में भी निर्माण और आवश्यक बदलाव का काम तेजी से चल रहा है. राबड़ी देवी ने भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखकर वहां कुछ संरचनात्मक संशोधनों की मांग की थी, जिस पर काम जारी है. साथ ही राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी है कि सरकारी आवास खाली करने के बाद परिवार कौटिल्य नगर स्थित अपने निमार्णाधीन निजी आवास में भी शिफ्ट हो सकता है. दो दशक से रहते थे इस बंगले मेंः फिलहाल, 10 सर्कुलर रोड से सामान हटने और सुरक्षा उपकरणों को खोले जाने के बाद यह लगभग तय माना जा रहा है कि बिहार की राजनीति का यह चर्चित पता जल्द ही बदल जाएगा.

# भागलपुर में जल्द होगी मूसलाधार बारिश, 28 जून से मानसून पकड़ेगा जोर



**एजेंसी**

**भागलपुर।** भागलपुरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। अब जिले में मानसूनी गतिविधियां जोर पकड़ने वाली हैं, जिससे लोगों को पिछले कई दिनों से परेशान कर रही उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी।
वहीं, अच्छी बरसात होने के बाद खेती-किसानी भी रफ्तार मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार देर रात से मौसम के मिजाज में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।
भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) भागलपुर केंद्र के विज्ञानी अनुपम नाहर के अनुसार, शुक्रवार देर रात से जिले में मानसूनी गतिविधियां सक्रिय हो सकती हैं, जिससे झमाझम बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में जिले में मूसलाधार बारिश होगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, औसत समुद्र तल पर उत्तरी राजस्थान से हरियाणा और उत्तर प्रदेश होते हुए बिहार तक एक मौसमी ट्रफ विस्तृत है, जो समुद्र तल से लगभग 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैला हुआ है। इसके साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर ऊपरी वायु का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है, जो इसी ट्रफ से जुड़ा हुआ है।

# आरबीआई का ऐलान, फ्राड का शिकार होने वालों को मिलेगा 25,000 तक मुआवजा

नई दिल्ली

भारत में डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। यूपीआई, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और कार्ड पेमेंट करने की वजह से साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में भी लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। हर दिन हजारों लोग फर्जी लिंक, नकली कॉल, ओटीपी फ्रॉड और यूपीआई स्कैम का शिकार होकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं।

ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्राहकों को राहत देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब ऑनलाइन ठगी में पैसा गंवाने वालों को बड़ी राहत मिल सकती है। आरबीआई के नए नियमों के मुताबिक, पात्र ग्राहकों को साइबर फ्रॉड के नुकसान की भरपाई के लिए 25,000 रुपए तक की आर्थिक मदद दी जा सकती है। खास बात यह है कि कुछ मामलों में ग्राहक की छोटी गलती होने पर भी राहत मिलने की संभावना रखी गई है, बशर्ते वह समय पर शिकायत दर्ज कराए।

## ग्राहकों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया , नियम 1 जनवरी 2027 से लागू किया जाएगा

### कब से लागू होंगे नए नियम

आरबीआई ने इस व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है, लेकिन नियम का लागू होना 1 जनवरी 2027 से तय किया गया है। पहले इसे जुलाई 2026 से लागू करने की योजना थी, लेकिन बाद में इसे छह महीने आगे बढ़ा दिया गया। इसका मतलब है कि जनवरी 2027 के बाद होने वाले पात्र डिजिटल फ्रॉड मामलों में यह नियम लागू होगा।






*5 दिन के अंदर करना होगा शिकायत : आरबीआई के नए नियम में समय पर शिकायत दर्ज करना सबसे महत्वपूर्ण शर्तों में से एक है। यदि ग्राहक फ्रॉड होने के बाद पांच दिनों के भीतर बैंक या संबंधित संस्था को शिकायत दर्ज कर देता है, तो उसके मुआवजा पाने की संभावना काफी बढ़ जाती है। साइबर फ्रॉड का पता चलते ही ग्राहक को तुरंत बैंक हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत करनी चाहिए।*

### इतना मिलेगा मुआवजा

आरबीआई के प्रस्ताव और अंतिम ढांचे के अनुसार पीड़ित ग्राहक को हुए नुकसान का 85 प्रतिशत तक या अधिकतम 25,000 रुपए तक मुआवजा दिया जा सकता है। यानी यदि किसी व्यक्ति के साथ 20,000 रुपए का फ्रॉड हुआ है तो उसे नियमों के अनुसार बड़ी राशि वापस मिल सकती है, जबकि 50,000 रुपए तक के नुकसान वाले मामलों में अधिकतम सीमा 25,000 रुपए रखी गई है। हालांकि यह मुआवजा सभी मामलों में नहीं मिलेगा। इसके लिए आरबीआई द्वारा तय शर्तों को पूरा करना होगा।

### ओटीपी शेयर करने से बचे

सिर्फ मुआवजे पर भरोसा करने के बजाय सावधानी बरतना सबसे जरूरी है। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी किसी के साथ साझा न करें, स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करने से बचें और बैंक अधिकारी बनकर आने वाली कॉल्स पर भरोसा न करें। इसके अलावा अपने बैंक खाते और यूपीआआ ऐप में उपलब्ध सुरक्षा फीचर्स का इस्तेमाल जरूर करें।

### आरबीआई का नया नियम

इसके अनुसार यदि कोई ग्राहक ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड से जुड़े फ्रॉड का शिकार होता है और उसका नुकसान 50,000 रुपए तक है, तो उसे अधिकतम 25,000 रुपए तक की आर्थिक सहायता मिल सकती है। यह रूल खास तौर पर उन लोगों के लिए बनाया गया है जो छोटी रकम के साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं और अक्सर अपना पैसा वापस नहीं पा पाते।

## खबर संक्षेप

### रुपया 16 पैसे मजबूत होकर 94.39 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बृहस्पतिवार को 16 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.39 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, डॉलर की कमजोरी और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख ने भी रुपये को समर्थन दिया।

### वेदांता रियल एस्टेट कारोबार में उतरी, नई कंपनी बनाई




**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड ने रियल एस्टेट क्षेत्र में उतरने के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली एक नई अनुषंगी कंपनी 'वेदांता प्रॉपर्टी प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड' (वीपीपीएल) का गठन किया है। कंपनी ने कहा कि वीपीपीएल वेदांता के रियल एस्टेट कारोबार और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए एक रणनीतिक इकाई के रूप में काम करेगी।

### जेएसडब्ल्यू इंफ्रा के क्यूआईपी को 50,350 करोड़ की बोलियां मिलीं




**नई दिल्ली।** सज्जन जिंदल प्रवर्तित जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर के पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) को 50,350 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां मिली हैं, जो 7,503 करोड़ रुपये तक के सांकेतिक निर्गम आकार से लगभग सात गुना अधिक है। इस निर्गम का प्रबंधन कर रहे मर्चेंट बैंकरों ने यह जानकारी दी। क्यूआईपी 22 जून को शुरू हुआ।

### स्टीमहाउस ने आईपीओ से पहले जुटाए 50 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** औद्योगिक भाप उपयोगिता सेवाएं प्रदान करने वाली स्टीमहाउस इंडिया लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले निवेशक मधुसूदन केला समर्थित कोषों और निवेश संभव फंड से करीब 50 करोड़ रुपये जुटाए हैं। 73 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 68,49,315 शेयर आवंटित किए हैं।

### अल्फा वेव ने डेल्हीवरी में 1.93 फीसदी हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** अल्फा वेव ग्लोबल ने लॉजिस्टिक्स कंपनी डेल्हीवरी में अपनी पूरी 1.93 प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार के सौदे के जरिये 665 करोड़ रुपये में बेच दी है। हिस्सेदारी बिक्री के बाद बृहस्पतिवार को डेल्हीवरी के शेयर में गिरावट आई। थोक आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका स्थित अल्फा वेव ग्लोबल ने अपनी सहयोगी इकाई अल्फा वेव वेंचर्स, एलपी के माध्यम से कुल 1,44,44,800 शेयर दो चरणों में बेचे। यह कंपनी की कुल चुकता पूंजी का 1.93 प्रतिशत हिस्सा है।

## भारत के लिए स्थिति काफी अनुकूल हो गई है

# तेल के दाम युद्ध से पहले के स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत पश्चिम एशिया में तनाव शुरू होने से पूर्व के स्तर पर आ गयी है। इससे महंगाई का खतरा कम होने, आयात बिल घटने और सरकार की वित्तीय स्थिति में सुधार के साथ दुनिया के तीसरे सबसे बड़े कच्चा तेल आयातक भारत के लिए स्थिति काफी अनुकूल हो गयी है।

वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर लगभग 72-73 डॉलर प्रति बैरल, जबकि अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई है। इससे उस भू-राजनीतिक जोखिम के कारण बढ़ी हुई कीमत का असर खत्म हो गया है, जिसके कारण इस साल की शुरुआत में तनाव बढ़ने पर दाम 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था।

### दोनों में 7.50 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी

दोनों मानक अब फरवरी के आखिर के स्तर के करीब आ गए हैं। कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद बृहस्पतिवार को खुदरा ईंधन के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। हाल ही में वैश्विक स्तर पर तेल के दाम में तेजी के दौरान पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

- ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर लगभग 72-73 डॉलर प्रति बैरल पहुंची
- अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आई
- भू-राजनीतिक जोखिम के कारण बढ़ी कीमत का असर खत्म हो गया

### *डीजल की बिक्री से थोड़ा नुकसान हो रहा*

*हालांकि, उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा ईंधन विक्रेताओं ने अब तक पेट्रोल पंप पर कीमतें कम नहीं की हैं। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तीन खुदरा ईंधन विक्रेता अभी पेट्रोल पर अच्छा विपणन मार्जिन कमा रहे हैं। हालांकि, डीजल की बिक्री से अब भी थोड़ा नुकसान हो रहा है।*




*आपूर्ति का पांचवां हिस्सा इसी मार्ग से : यह गिरावट होर्मुज जलडमरूमध्य से टैंकर की आवाजाही सामान्य होने के बाद हुई है। इस रास्ते से दुनिया भर की तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा आता है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में इस जलमार्ग से कम से कम दो करोड़ बैरल तेल गुजरा है और आपूर्ति का प्रवाह युद्ध से पहले के स्तर के करीब पहुंच गया है।*

*कंपनियों ने ढाई महीने तक खुदरा कीमतें स्थिर रखी : कंपनियों ने वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद लगभग ढाई महीने तक खुदरा कीमतें स्थिर रखी थीं और उसके बाद ही कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी की थी। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतें अंतरराष्ट्रीय कच्चा तेल बाजार में रोजाना होने वाले उतार-चढ़ाव के आधार पर तय नहीं की जाती हैं, बल्कि आमतौर पर पिछले दो सप्ताह या महीने की औसत तेल कीमतों के आधार पर तय की जाती हैं।*

### जून में तेल की औसत कीमत 86.31 डॉलर प्रति बैरल रही

इस रास्ते से खाड़ी देशों से भारत जैसे देशों को तेल और गैस की आपूर्ति होती थी। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों के अनुसार, 24 जून को भारत में आयातित होने वाले कच्चे तेल की औसत कीमत 70.71 डॉलर प्रति बैरल थी। जून महीने के लिए, कच्चे तेल की औसत कीमत 86.31 डॉलर प्रति बैरल रही, जबकि फरवरी, 2026 में यह औसत 72.47 डॉलर प्रति बैरल थी।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं की लागत 5.4 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

नई दिल्ली



- एक सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई
- संशोधित परियोजना लागत का लगभग 51.34 प्रतिशत है

देश में 150 करोड़ रुपये या उससे अधिक मूल्य की केंद्रीय क्षेत्र की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत में सामूहिक रूप से 5.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई महीने की एक सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की रिपोर्ट के अनुसार, 17 केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों की 1,987 चालू बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी की गई। इन परियोजनाओं की संशोधित लागत 42.50 लाख करोड़ रुपये आंकी गई, उनकी मूल अनुमानित लागत 37.09 लाख करोड़ रुपये थी। हालांकि, रिपोर्ट में लागत वृद्धि से प्रभावित परियोजनाओं की वास्तविक संख्या का उल्लेख नहीं किया गया है। इन परियोजनाओं पर अब तक 21.82 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, जो संशोधित परियोजना लागत का लगभग 51.34 प्रतिशत है। परियोजनाओं की प्रगति के संदर्भ में 817 परियोजनाओं (41 प्रतिशत) में 80 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति दर्ज की गई है, जबकि 280 परियोजनाएं (14 प्रतिशत) वित्तीय रूप से 80 प्रतिशत से अधिक पूरी हो चुकी हैं।

### रेल मंत्रालय 261 परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के तहत सर्वाधिक 1,149 परियोजनाएं (58 प्रतिशत) क्रियान्वित की जा रही हैं। इनकी संशोधित लागत 10.95 लाख करोड़ रुपये है, जो कुल संशोधित परियोजना लागत का 26 प्रतिशत है। रेल मंत्रालय 261 परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है, जिनकी संशोधित लागत 8.79 लाख करोड़ रुपये है।

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से बाजार में दूसरे दिन तेजी

मुंबई



- सेंसेक्स 109 और निफ्टी 34 अंक चढ़ा
- वाहन, विमानन और बैंक के शेयरों में रही खरीदारी

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। कच्चे तेल के दाम में नरमी और वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ निवेशकों की धारणा मजबूत होने से वाहन, विमानन और बैंक शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसक्स 109 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 34 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 109.25 अंक की बढ़त के साथ 77,100.47 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 19 में गिरावट आई और 11 लाभ में रहे। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और एक समय 811.96 अंक यानी एक प्रतिशत और चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 77,803.18 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 34.35 अंक बढ़कर 24,056 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन में सबसे अधिक 4.82 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और भारती एयरटेल शामिल हैं।

### एशिया के बाजार में रहा मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ के साथ बंद हुए। हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार में बुधवार को नरमी रही थी।

# अदाणी समूह 'एयरपोर्ट सिटी' परियोजनाओं पर करेगी निवेश

- पहले चरण में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक निवेश करने की घोषणा

नई दिल्ली




अदाणी एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड (एएसीएल) ने पांच राज्यों के छह हवाई अड्डों पर 655 एकड़ से अधिक क्षेत्र में 'एयरपोर्ट सिटी' विकसित करने के लिए पहले चरण में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने की योजना की घोषणा की है। भारत की सबसे बड़ी निजी हवाई अड्डा संचालक अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एएसीएल ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस परियोजना के तहत मुंबई, नवी मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, जयपुर और गुवाहाटी हवाई अड्डों के आसपास लगभग 2.2 करोड़ वर्ग फुट मिश्रित उपयोग वाली बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, कुल निवेश का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा मुंबई और नवी मुंबई में किया जाएगा, जहां उसके पास करीब 440 एकड़ भूमि है।

*समूह पर्यटन परिवेश तैयार करेगा : इसका उद्देश्य केवल यात्री यातायात पर निर्भर न रहकर एक एकीकृत व्यापार और पर्यटन परिवेश तैयार करना है। कंपनी ने बताया कि 'एयरपोर्ट सिटी' की इन सभी परियोजनाओं को 'यूएस ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल' से 'लीड गोल्ड' पूर्व-प्रमाणन प्राप्त हुआ है, जो इसके पर्यावरण-अनुकूल डिजाइन, ऊर्जा दक्षता और टिकाऊ बुनियादी ढांचे को दर्शाता है।*

# सुजलॉन को टाटा पावर से मिला परियोजना का ठेका




**नई दिल्ली।** सुजलॉन को आंध्र प्रदेश में टाटा पावर से 400 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने का ठेका मिला है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में टाटा पावर के साथ उसकी साझेदारी एक गीगावाट (1000 मेगावट) के आंकड़े को पार कर चुकी है। नई परियोजना के तहत सुजलॉन 127 एस144 श्रृंखला के पवन टर्बाइन जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) लगाएगी, जिनमें से प्रत्येक की स्थापित क्षमता 3.15 मेगावाट होगी। कंपनी अपनी ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण) सेवाओं के तहत इस परियोजना को पूरा करेगी।

# सोना 2,800 रुपए टूटा और चांदी 5,000 रुपए कमजोर

नई दिल्ली



- सोना घटकर 1.45 लाख रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी लुढ़कर 2,26,000 रुपए प्रति किलोग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को बाज़ार की कमजोर मांग और सुस्त वैश्विक रुख के कारण सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं चांदी की कीमत भी 5,000 रुपये घट गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जो पहले 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत में भी गिरावट आई और यह 5,000 रुपये घटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई।

**वैश्विक बाजार में सराफा कमजोर :** पिछले सत्र में चांदी 2,31,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 21.15 डॉलर या 0.53 प्रतिशत घटकर 3,978.06 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी भी 0.56 प्रतिशत घटकर 57.10 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## प्याज की अब तक सिर्फ 2000 टन की खरीदी



**नई दिल्ली।** वर्ष 2026 के बफर स्टॉक के लिए प्याज की सरकारी खरीद धीमी गति से शुरू हुई है। खरीद की कीमत तीन बार बढ़ाने के बावजूद, एक जून से अब तक सिर्फ 2,000 टन प्याज ही खरीदा गया है। खरीद का काम करने वाली दो प्रमुख एजेंसियों - नेफेड और नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएफ) - ने अब तक सरकार द्वारा 'मूल्य स्थिरीकरण कोष" (पीएसएफ) के तहत तय किए गए दो लाख टन के लक्ष्य का सिर्फ एक प्रतिशत ही हासिल किया है। सत्र शुरू होने के बाद से खरीद की कीमत में तेजी से बदलाव किए गए हैं। 22 मई को कीमत 12.70 रुपये प्रति किलो से बढ़ाकर 15.80 रुपये प्रति किलो की गई, फिर 13 जून को 16.50 रुपये प्रति किलो तथा हाल ही में 20 जून को 17.30 रुपये प्रति किलो कर दी गई।

## एएवाई की अधिकतम सीमा 35 किलोग्राम ही रहेगी

# अंत्योदय योजना में सात किलोग्राम अनाज देने पर विचार

नई दिल्ली

- इस कदम से बड़े गरीब परिवारों को लाभ होगा

सरकार अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के तहत प्रति व्यक्ति प्रति माह खाद्यान्न की मात्रा को सात किलोग्राम करने पर विचार कर रही है। हालांकि, इसकी अधिकतम सीमा 35 किलोग्राम ही रहेगी। इस कदम से बड़े गरीब परिवारों को लाभ होगा।

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। खाद्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, 2026 पर 13 जुलाई तक आम लोगों से सुझाव और टिप्पणियां मांगी हैं। मौजूदा कानून के तहत एएवाई परिवारों (जिन्हें सबसे गरीब श्रेणी में रखा गया है) को परिवार के आकार पर विचार किए बिना प्रति माह 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाता है।

### चावल व गेहूं निशुल्क वितरित किया जाता है

सरकार ने इस संशोधन को खाद्य और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने की व्यापक पहल का हिस्सा बताया है। इसका उद्देश्य "मानव जीवन-चक्र दृष्टिकोण" के तहत लोगों को किफायती दरों पर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के उद्देश्यों के अनुरूप है। प्राथमिकता वाले परिवारों और अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों को वर्तमान में चावल और गेहूं निःशुल्क वितरित दिया जाता है।



### प्राथमिकता वाले परिवार को प्रति व्यक्ति पांच किलो

इसके विपरीत, प्राथमिकता वाले परिवारों को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलोग्राम खाद्यान्न मिलता है। इस व्यवस्था के कारण बड़े एएवाई परिवारों को प्रति व्यक्ति आधार पर प्राथमिकता वाले परिवारों की तुलना में कम खाद्यान्न मिलता है, जबकि प्राथमिकता वाले परिवारों को एएवाई लाभार्थियों से कम संवेदनशील माना जाता है।

### छोटे परिवार के लिहाज से कोई बदलाव नहीं

प्रस्तावित व्यवस्था के तहत दो सदस्य वाले एएवाई परिवार को प्रति माह 14 किलोग्राम खाद्यान्न मिलेगा, जबकि पांच या उससे अधिक सदस्यों वाले परिवारों को मौजूदा अधिकतम सीमा के अनुसार 35 किलोग्राम खाद्यान्न मिलेगा। छोटे परिवारों को कुल मात्रा के लिहाज से बहुत अधिक बदलाव नहीं दिखेगा, लेकिन बड़े परिवारों को लाभ होगा क्योंकि खाद्यान्न आवंटन परिवार के आकार के अनुसार बढ़ेगा।

### उद्देश्य सबसे कमजोर परिवार की सुरक्षा

अंत्योदय अन्न योजना के तहत परिवार आधारित मौजूदा खाद्यान्न अधिकार को सबसे कमजोर परिवारों की सुरक्षा के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन परिवार के आकार के आधार पर इसमें महत्वपूर्ण असमानताएं उत्पन्न हो जाती हैं।"

# दूरसंचार क्षेत्र में नई मंजूरी आधारित व्यवस्था लागू



**नई दिल्ली।** सरकार ने दूरसंचार क्षेत्र में पुरानी लाइसेंस व्यवस्था को समाप्त कर उसकी जगह एक नई 'मंजूरी आधारित रूपरेखा' को लागू करने वाले नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने 'टेलीकॉम ई-सर्विसेज पोर्टल' को भी अधिसूचित किया है, जो दूरसंचार अधिनियम के प्रावधानों को डिजिटल रूप से लागू करने में सक्षम बनाएगा। दूरसंचार अधिनियम के तहत अधिसूचित नियमों में ''दूरसंचार (मुख्य दूरसंचार सेवाओं के प्रावधान के लिए मंजूरी) नियम, 2025'' शामिल हैं।

# ग्रुप बी में टॉप पर रहा स्विट्जरलैंड
# हारकर भी कनाडा नॉकआउट राउंड में

## विनीसियस के दो गोल से स्कॉटलैंड को हराकर ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा ब्राज़ील



**मियामी गार्डन्स।** विनीसियस जूनियर ने अपना जादुई प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल किए जबकि मैथियास कुन्हा ने भी एक गोल दागा जिससे पांच बार के चैंपियन ब्राजील ने बुधवार को स्कॉटलैंड को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहते हुए नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। ब्राजील ग्रुप सी में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक हासिल किए। मोरक्को ने भी सात अंक के साथ ग्रुप चरण के अपने अभियान का समापन किया लेकिन वह गोल अंतर के कारण ब्राजील के बाद दूसरे नंबर पर रहा। स्कॉटलैंड के तीन अंक हैं और वह तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ आठ टीम में जगह बनाकर अब भी अगले दौर में पहुंच सकता है। ज्ञात हो कि स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार विश्व कप में खेल रहा है। वह विश्व कप में कुल मिलाकर नौ बार भाग ले चुका है लेकिन कभी ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया है।

### विनीसियस ने तीनों ग्रुप मैचों में गोल किए

विनीसियस ने ब्राजील के तीनों ग्रुप मैचों में गोल किए। स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने सातवें मिनट में और फिर हाफ टाइम से ठीक पहले इंजरी टाइम में गोल किया। कुन्हा ने 60वें मिनट में गोल दागा। विनीसियस वर्तमान टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे के चार गोल की बराबरी पर आ गए। अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने अभी तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल किए हैं।

## दक्षिण कोरिया को हराकर पहली बार नॉकआउट राउंड में पहुंचा द.अफ्रीका



**ग्वाडालूप (मैक्सिको)।** थापेलो मासेको के गोल की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार रात को दक्षिण कोरिया पर 1-0 से रोमांचक जीत हासिल करके पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। मासेको ने त्शेपांग मोरेमी के सटीक क्रॉस पर 63वें मिनट में गोल किया। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ग्रुप ए में मैक्सिको के बाद दूसरे स्थान पर रहा। मैक्सिको ने ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच जीते। दक्षिण अफ्रीका की टीम रविवार को नॉकआउट मुकाबले में कैलिफोर्निया के इंगलवुड में ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली कनाडा की टीम से भिड़ेगी। दक्षिण अफ्रीका 1998, 2002 में और मेजबान के रूप में 2010 में ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में असफल रहा था।

वैंकूवर

रुबेन वर्गास और योहान मंजांबी के गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने कनाडा को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप बी में पहला स्थान हासिल किया। कनाडा इस मैच में हार के बावजूद स्विट्जरलैंड के साथ अगले दौर में पहुंचने में सफल रहा। प्रॉमिस डेविड ने कनाडा के लिए मैच के आखिर में एक गोल किया। इससे कनाडा ने ग्रुप बी में स्विट्जरलैंड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। उसने पहली बार नॉकआउट राउंड में जगह बनाई। स्विट्जरलैंड दो जुलाई को वैंकूवर में राउंड ऑफ 32 में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम का सामना करेगा। स्विट्जरलैंड ग्रुप बी में सात अंक लेकर शीर्ष पर रहा, जबकि कनाडा ने चार अंक हासिल किए। बोस्निया-हर्जेगोविना ने भी चार अंक हासिल किए लेकिन वह गोल अंतर के कारण तीसरे स्थान पर रहा।

### ग्रुप बी में बोस्निया से हारकर कतर टूर्नामेंट से बाहर

ग्रुप बी के दूसरे मैच में बोस्निया ने कतर को 3-1 से हराया और तीसरे स्थान के आधार पर अगले दौर में पहुंच सकता है। कतर टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। विश्व कप की शुरुआत में स्विट्जरलैंड कतर के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। इसके बाद उसने बोस्निया को हराया।विश्व कप में तीसरी बार हिस्सा ले रहे कनाडा ने बोस्निया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर विश्व कप की शुरुआत की थी।



### स्थानापन्न खिलाड़ी मंजांबी का बेहतरीन प्रदर्शन

बोस्निया के खिलाफ स्विट्जरलैंड की 4-1 की जीत में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे मंजांबी ने कनाडा के खिलाफ शुरुआती एकादश में जगह बनाई। दूसरे हाफ के शुरू होने के लगभग 40 सेकंड बाद ही वर्गास ने स्विट्जरलैंड के लिए पहला गोल दागा। उनका शॉट कनाडा के गोलकीपर मैक्सिम क्रेपेउ को चकमा देते हुए पोस्ट से टकराया और नेट में जा गिरा। इसके बाद 57वें मिनट में ब्रील एम्बोलो ने मंजांबी को क्रॉस दिया, जिनका शॉट क्रेपेउ के हाथों से निकलकर गोल में चला गया और स्विस टीम को 2-0 की बढ़त मिल गई। कनाडा ने 76वें मिनट में एक गोल करके वापसी की।



## मैक्सिको ने पहली बार जीते ग्रुप चरण के तीनों मैच

**मैक्सिको सिटी।** माटेओ शावेज और जूलियन क्विनोन्स ने दूसरे हाफ की शुरुआत में छह मिनट के अंतराल में गोल किए जिससे मैक्सिको ने चेक गणराज्य को 3-0 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच जीते। मैक्सिको पहले ही नॉकआउट राउंड में अपनी जगह पक्की कर चुका था लेकिन उसने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए शान से अगले दौर में कदम रखा। चेक गणराज्य केवल एक अंक ही हासिल कर पाया और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया। अपने पहले विश्व कप में खेल रहे 22 वर्षीय शावेज ने 55वें मिनट में पहला गोल किया और क्विनोनेस ने 61वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल दागा। अल्वारो फिडाल्गो ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में मैक्सिको के खाते में एक गोल और जोड़ा। मैक्सिको का इससे पहले ग्रुप चरण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो जीत और एक ड्रॉ का था, जो उसने 1986 और 2002 में हासिल किया था। ग्रुप ए का विजेता बन चुका मैक्सिको मंगलवार को एज़्टेका स्टेडियम में राउंड-ऑफ-32 के मैच में एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलेगा जिसका अभी तक निर्धारण नहीं हुआ है।

## मोरक्को की हैती पर जीत में चमके रहीमी और यासीन



**अटलांटा।** सोफियान रहीमी और गेसिम यासीन ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरकर शानदार खेल दिखाया जिससे मोरक्को ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हैती को 4-2 से हराकर कैरेबियाई देश की विश्व कप फुटबॉल में पहली बार अंक हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मोरक्को इस तरह से ब्राजील के समान सात अंक लेकर ग्रुप सी में दूसरा स्थान हासिल करके नॉकआउट राउंड में पहुंचा। ब्राजील ने बेहतर गोल अंतर के कारण ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। हैती ने अपने तीनों मैच गंवाए और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। पांच बार की चैंपियन ब्राजील ने एक अन्य मैच में स्कॉटलैंड को 3-0 से हराया।

### मोरक्को ने पिछड़ने के बाद की वापसी

चार साल पहले कतर में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बनी मोरक्को ने 52 वर्षों में पहली बार फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर खेल रही हैती की टीम के खिलाफ दो बार पिछड़ने के बाद वापसी की। रहीमी ने 78वें मिनट में मोरक्को को 3-2 से आगे कर दिया और यासीन ने 89वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-2 कर उलटफेर की किसी भी संभावना को खत्म कर दिया।

## कतर के असीम मदीबो पर पांच मैच का प्रतिबंध

**अटलांटा।** कतर के खिलाड़ी असीम मदीबो पर विश्व कप में कनाडा के मिडफील्डर इस्माइल कोने के पांव में फ्रैक्चर करने के लिए बुधवार को पांच मैच का प्रतिबंध लगा दिया गया। वैंकूवर में पिछले बृहस्पतिवार को खेले गए मैच के दौरान यह घटना घटी। कनाडा ने इस मैच में कतर को 6-0 से करारी शिकस्त दी थी। मदीबो को गलत तरीके से टैकल करने के लिए तुरंत ही लाल कार्ड दिखाया गया था। फीफा की अनुशासनात्मक समिति ने अब उनका प्रतिबंध पांच मैच तक बढ़ा दिया है। समिति ने कहा है कि ऐसा अनुचित खेल के लिए किया गया है। इस फैसले के खिलाफ अपील की जा सकती है। कोने को तब स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया और बाद में उनके बाएं पैर की टूटी हुई हड्डी की सर्जरी की गई। विश्व कप के दौरान घटी घटना के लिए यह सबसे बड़ी सजा नहीं है। ब्राजील में 2014 में खेले गए विश्व कप में उरुग्वे के स्ट्राइकर लुई सुआरेज को इटली के डिफेंडर जियोर्जियो चिएलिनी को काटने पर नौ मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया था।



## खबर संक्षेप



### फीफा ट्रॉफी की कीमत चार साल में दोगुने से अधिक

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का असर खेल जगत की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर भी दिखाई दे रहा है जहां फीफा विश्व कप ट्रॉफी में मौजूद सोने का मूल्य बढ़कर लगभग 7.13 लाख डॉलर ( लगभग 6.73 करोड़ रुपये) पहुंच गया है। वित्तीय बाजार डेटा प्रदाता एलएसईजी के मुताबिक यह आंकड़ा 2022 विश्व कप के समय की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। विश्व कप ट्रॉफी 18 कैरेट सोने से निर्मित है और इसका कुल वजन 6.175 किलोग्राम है जिसमें लगभग 4.93 किलोग्राम शुद्ध सोना शामिल है। जब अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में आयोजित विश्व कप जीता था तब ट्रॉफी के सोने का मूल्य लगभग 2.77 लाख डॉलर आंका गया था।

### कोच राष्ट्रीय रिकॉर्ड पर ध्यान देने को कहते हैं: देव

**भुवनेश्वर।** मध्य प्रदेश के पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव मीना ने पिछले दो वर्षों में पांचवीं बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा है और उन्होंने इस शानदार उपलब्धि का श्रेय अपने कोच को दिया जो उनसे हर प्रतियोगिता में अपना स्तर बढ़ाने के लिए कहते थे।



बुधवार को यहां राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देव ने 5.46 मीटर की ऊंचाई पार करके अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड (5.45 मीटर) तोड़ा। पिछला रिकॉर्ड उन्होंने बीते महीने रांची में फेडरेशन कप के दौरान अपने राज्य के साथी और ट्रेनिंग साझेदार कुलदीप कुमार के साथ साझा किया था। देव ने कहा, ''मैं राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने का श्रेय अपने कोच (घनश्याम यादव) को देना चाहता हूं। जब भी मैं किसी प्रतियोगिता में जाता हूं तो वह मुझे नेशनल रिकॉर्ड पर ध्यान देने के लिए कहते हैं।''

## आयरलैंड के खिलाफ टी-20 मैच आज वैभव होंगे टीम में तो कौन होगा बाहर ?

**बेलफास्ट।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत जब आयरलैंड के खिलाफ आज शुक्रवार को शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने नए युग की शुरुआत करेगा तो उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती क्रिकेट जगत की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में फिट करना होगा।



15 वर्षीय सूर्यवंशी ने श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में 29 गेंद पर 94 रन की तूफानी पारी खेली थी जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। आम क्रिकेट प्रेमी यही चाहता है कि सूर्यवंशी को इस मैच में मौका मिले लेकिन टीम प्रबंधन के लिए यह काम आसान नहीं होगा। भारत और आयरलैंड के बीच ये मुकाबला आज 26 जून को बेलफास्ट के सिविल सर्विस क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे से शुरू होगा। भारत के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन हैं। उनके टी20 रिकॉर्ड को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मार्च में आईसीसी टी20 विश्व कप के फाइनल में मिली जीत में सैमसन, अभिषेक और किशन ने अर्धशतक बनाए थे।

# भारत ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया



### महिला टी-20 विश्व कप: शेफाली का तूफानी अर्धशतक

मैनचेस्टर

**सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम, राधा को 3 विकेट**

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की 34 गेंदों में 53 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने महिला टी20 विश्व कप में बृहस्पतिवार को बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं। भारतीय टीम की क्षेत्ररक्षण एक बार फिर निराशाजनक रही और खिलाड़ियों ने कई आसान मौके गंवाए, लेकिन बल्लेबाजों ने 137 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए 16.5 ओवर में जीत हासिल कर ली। बांग्लादेश को आठ विकेट पर 136 रन पर रोकने के बाद भारत ने 16.5 ओवर में पांच विकेट पर 139 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद दबाव में उतरी भारतीय टीम को लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने स्पिन और तेज गेंदबाजों दोनों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 63 रन तक पहुंचा दिया। शेफाली ने महज 29 गेंद में इस विश्व कप का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि नौवें ओवर में असामान्य तरीके से स्टंप आउट हो गई। नाहिदा अख्तर की गेंद पर अंदरूनी किनारा लगने के बाद उन्होंने एक रन लेने की कोशिश की, लेकिन विकेटकीपर ने गेंद पकड़कर गिल्लियां बिखेर दीं। बीच के ओवरों में रनगति कुछ धीमी पड़ी, लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स ने 15 गेंदों पर 26 रन की तेज पारी खेलकर भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया।

## इंग्लैंड महिला टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में

**▪ वेस्टइंडीज को दी 38 रन से शिकस्त**

**लंदन।** मेजबान इंग्लैंड ने भीषण गर्मी के बीच बुधवार को लॉर्ड्स में खेले गए मैच में वेस्टइंडीज को 38 रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इन दोनों टीम ने टूर्नामेंट में इससे पहले कोई मैच नहीं गंवाया था। इंग्लैंड ने 35 डिग्री सेल्सियस के तापमान में पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 186 रन बनाए जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम पांच विकेट पर 148 रन ही बना पाई। इंग्लैंड की तरफ से डैनी व्याट-हॉज ने 42 गेंदों में 65 रन जबकि हीथर नाइट ने 26 गेंद पर 43 रन बनाए। व्याट-हॉज ने टूर्नामेंट में अब तक 193 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। उसकी तरफ से चिनैल हेनरी ने 30 गेंदों में नाबाद 51 रन बनाए। अगर वेस्टइंडीज शनिवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में आयरलैंड को हरा देता है, तो वह सेमीफाइनल में पहुंच सकता है।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेल्जियम दौरे पर जाएगी

नई दिल्ली

भारतीय अंडर-21 पुरुष हॉकी टीम अगले महीने बेल्जियम के दौरे पर जाएगी जहां वह मेजबान बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ छह मैच खेलेगी। यह दौरा टीम के नए कोच फ्रेडरिक सोयेज के मार्गदर्शन में इस साल के आखिर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप की तैयारी का अहम हिस्सा होगा। इस दौरे में भारतीय टीम ऑस्ट्रिया और बेल्जियम के खिलाफ दो-दो मैच और जर्मनी तथा नीदरलैंड के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। सात से 17 जुलाई 2026 के बीच खेले जाने वाले इन छह में से पांच मैच बेल्जियम के वावरे में स्थित बेल्फियस हॉकी एरिना में होंगे जबकि नीदरलैंड के खिलाफ दौरे का आखिरी मैच एंटवर्प के हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा।

### भारत के अभियान की शुरुआत 7 से

*भारत अपने अभियान की शुरुआत सात जुलाई को ऑस्ट्रिया के खिलाफ करेगा और आठ जुलाई को इसी टीम के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगा। इसके बाद भारतीय टीम 10 जुलाई को मेजबान बेल्जियम का सामना करेगी और फिर 13 जुलाई को जर्मनी और 14 जुलाई को दोबारा बेल्जियम से खेलेगी। नीदरलैंड के खिलाफ दौरे का आखिरी मैच 17 जुलाई को खेला जाएगा।*

## डूरंड कप 25 जुलाई से, 24 टीमें दिखाएंगी दमखम, फाइनल 23 अगस्त को

नई दिल्ली

एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप का अगला सत्र 25 जुलाई से शुरू होगा और इसका फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस 138 साल पुराने टूर्नामेंट में 24 टीम हिस्सा लेंगी जिनमें दो विदेशी टीम भी शामिल हैं। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी टूर्नामेंट का मौजूदा चैंपियन है। मैच पांच शहरों कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, इम्फाल और शिलांग में खेले जाएंगे। रांची को पहली बार मेजबान शहर के तौर पर शामिल किया गया है।



### भारतीय सेना की पूर्वी कमान करती है आयोजन

मैच छह स्थलों पर खेले जाएंगे। कोलकाता में विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन और किशोर भारती क्रीड़ांगन मुकाबलों का आयोजन करेंगे। रांची का बिरसा मुंडा स्टेडियम, गुवाहाटी का इंदिरा गांधी एथलेटिक्स स्टेडियम, इम्फाल का खुमान लम्पक स्टेडियम और शिलांग का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम अन्य आयोजन स्थल होंगे।

**यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट**

## तन्वी और श्रीकांत यूएस ओपन के अगले दौर में



फुलर्टन (अमेरिका)

विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा और अनुभवी खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने आसान जीत के साथ यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। तन्वी ने बुधवार को महिला एकल के पहले दौर में जर्मनी की यवोन ली को 23-21, 21-16 से, जबकि थाईलैंड मास्टर्स की मौजूदा चैंपियन देविका सिहाग ने पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो को 21-14, 21-14 से हराया।

### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

पुरुष एकल में भारतीय खिलाड़ियों के बीच खेले गए मैच में रौनक चौहान ने एस शंकर मुथुसामी को 23-21, 21-16 से हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने भी हमवतन डी सानीथ के खिलाफ केवल 30 मिनट में 21-14, 21-12 से जीत हासिल की। महिला एकल में रक्षिता श्री ने भी चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा पर 21-15, 21-8 से आसान जीत हासिल करके अगले दौर में प्रवेश किया। ध्रुव रावत और के मनीषा की जोड़ी ने मिश्रित युगल में इंडोनेशिया के विरावण इहसान आदम और सेरेना कानी को महज 26 मिनट में 21-15, 21-16 से हराया।

**एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 में टीम का शानदार प्रदर्शन**

# भारतीय पुरुष फॉइल टीम ने एशियन गेम्स के लिए किया क्वालिफाई

नई दिल्ली

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 में भारतीय पुरुष फ़ॉइल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन गेम्स के लिए सीधा क्वालिफिकेशन हासिल कर लिया। टीम प्रतियोगिता में भारत आठवें स्थान पर रहा, जो आगामी एशियाई खेलों में जगह बनाने के लिए पर्याप्त साबित हुआ।

**पुरुष फ़ॉइल टीम ने दिलाया क्वालिफिकेशन :** सचिन, सनासम हेमाश सिंह, तेजस मनोज पाटिल और आदित्य की भारतीय चौकड़ी ने पुरुष फ़ॉइल टीम स्पर्धा में आठवां स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशियन गेम्स के लिए सीधे क्वालिफाई कर लिया, जो भारतीय तलवारबाजी के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।



### महिला एपी टीम नौवें स्थान पर रही

*महिला एपी टीम में प्राची लोहान, तनिष्का खत्री, मितवा जेसंगभाई चौधरी और यशकीरत कौर हायर शामिल थीं। भारतीय टीम ने प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन करते हुए नौवां स्थान हासिल किया।*

***जापान और दक्षिण कोरिया का दबदबा :*** *पुरुष फ़ॉइल टीम स्पर्धा में जापान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हांगकांग को रजत और चीन को कांस्य पदक मिला। वहीं महिला एपी टीम प्रतियोगिता में दक्षिण कोरिया ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन दूसरे और कजाकिस्तान तीसरे स्थान पर रहा।*

### ओलंपिक चैंपियनों ने भी बिखेरा जलवा

दक्षिण कोरिया के ओलंपिक चैंपियन ओह सांग-उक ने पुरुष व्यक्तिगत और टीम सेबर स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। दूसरी ओर, हांगकांग के दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेउंग का लॉन्ग पुरुष फ़ॉइल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए, जो टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर रहा।

**34 देशों के 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा :** छह दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 34 से अधिक देशों के 400 से ज्यादा तलवारबाजों ने फ़ॉइल, एपी और सेबर स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। जापान ने छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

# मिडील ईस्ट में नया संकट! इजराइली जेटस पर भड़का ईरान, अमेरिका को दी कड़ी चेतावनी

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान ने पड़ोसी देशों के हवाई क्षेत्र में इजराइली सैन्य विमानों की मौजूदगी को लेकर कड़ी चेतावनी जारी की। ईरान ने इन गतिविधियों को इस्लामिक रिपब्लिक के लिए सीधा खतरा बताया और यहूदी देश (इजराइल) को रोकने के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग के अनुसार, आईआरजीसी के केंद्रीय मुख्यालय से जारी एक आधिकारिक बयान में ईरानी सेना ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका जायोनी शासन को नियंत्रित करने में



विफल रहता है, तो इस्लामिक रिपब्लिक एकतरफा कार्रवाई करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करेगा। आईआरजीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, तेहरान ने इस अलर्ट के मुख्य कारण के तौर पर पड़ोसी देशों के आसमान में हाल ही में इजराइली सैन्य विमानों की मौजूदगी का खास तौर पर ज़िक्र किया। उसने इन उड़ान मार्गों को खतरनाक हरकत और ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीधा खतरा बताया। बयान में कहा गया, हम ईरान की ओर कुछ पड़ोसी देशों के आसमान में आतंकवादी जायोनी शासन के सैन्य विमानों की गतिविधियों और मौजूदगी को एक खतरनाक हरकत और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के लिए खतरा मानते हैं। हम घोषणा करते हैं कि अगर अमेरिका जायोनी शासन को रोकने और नियंत्रित करने में विफल रहता है, तो इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान अपने खिलाफ किसी भी खतरे को बर्दाश्त नहीं करेगा और इन खतरनाक हरकतों का जवाब देने को अपना अधिकार मानता है। ये घटनाक्रम तब सामने आए हैं जब कुछ दिन पहले ही इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इजराइल को घरेलू स्तर पर हथियार बनाने की क्षमता विकसित करके सैन्य मामलों में अमेरिका पर निर्भरता खत्म करनी चाहिए। उनका तर्क है कि ईरान और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ चल रहे संघर्ष के लिए यह बदलाव बहुत जरूरी है। वेस्ट बैंक के गुश एत्ज़ियोन में रिजर्व कॉम्बैट अधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान नेतन्याहू ने कहा कि मैं उस समर्थन की बहुत सराहना करता हूँ जो हमें मिला है - और जो मैंने पिछले कुछ वर्षों में अपने अमेरिकी दोस्तों से हासिल किया है। लेकिन आज मैं कहता हूँ कि हमें अपने खुद के स्वतंत्र हथियार-उत्पादन सिस्टम की जरूरत है।

# ओमान तट के पास कार्गो शिप पर ड्रोन हमला, आईएमओ ने 11 हजार नाविकों का रेस्क्यू अभियान रोका

एजेंसी

**मसकट।** ओमान तट के पास एक कार्गो शिप पर हुए ड्रोन हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र के समुद्री एजेंसी इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन द्वारा रेस्क्यू अभियान रोक दिये जाने की खबर है. रेस्क्यू अभियान रोके जाने से 11 हजार नाविकों की सुरक्षा पर सवालिया निशान लग गया है.ये नाविक फारस की खाड़ी में फंसे जहाजों पर मौजूद हैं. दरअसल वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र द्वारा ओमान सहित अन्य सदस्य देशों की मदद से फारस की खाड़ी में फंसे जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभियान चलाया जा रहा था. संयुक्त राष्ट्र ने इस मिशन की शुरूआत इसलिए की, ताकि उन



जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से निकाला जा जा सके, जो युद्ध और सुरक्षा प्रतिबंधों की वजह से कई दिनों से इलाके में फंसे हुए हैं लेकिन इस काम में अचानक बाधा आ गयी. अभियान के बीच ओमान के तट के पास सिंगापुर के झंडे वाले कार्गो शिप एवर लवली पर ड्रोन हमला किया गया. इस हमले में जहाज के ब्रिज को क्षति पहुंची हैं. हालांकि खबर है कि किसी नाविक की मौत या गंभीर चोट नहीं लगी है इस हमले के बाद ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए रेस्क्यू अभियान स्थगित कर दिया आईएमओ के महासचिव आर्सेनियो डोमिंगेज के अनुसार जब तक इवैक्युएशन लिस्ट में शामिल जहाजों की सुरक्षा की गारंटी नहीं मिल जाती, तब तक अभियान आगे नहीं बढ़ायेंगे. अहम खबर यह है कि जिस जहाज पर ड्रोन हमले हमला हुआ, वह वठ के रेस्क्यू मिशन का हिस्सा नहीं था. लेकिन इस घटना ने साबित कर दिया कि समुद्री मार्ग अभी भी असुरक्षित है. आईएमओ के अनुसार इस इलाके में वर्तमान समय में 20 हजार से ज्यादा नाविक अलग-अलग जहाजों पर फंसे हुए हैं. इनमें से 11 हजार नाविकों को निकालने के लिए क्टड ने विशेष इवैक्युएशन प्लान तैयार किया था.

# ऑपरेशन सिंदूर के 6 बलिदानियों के नामों का पहली बार आधिकारिक खुलासा, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर अंकित हुए नाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने पहली बार उन छह भारतीय सैनिकों के नाम आधिकारिक तौर पर बताए हैं, जो पिछले साल मई में पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए चलाए गए सीमा-पार सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए थे. इन छह जवानों के नाम नेशनल वॉर मेमोरियल की वेबसाइट के रोल ऑफ ऑनर सेक्शन में पब्लिश किए गए हैं और नई दिल्ली में नेशनल वॉर मेमोरियल में भी लिखे गए हैं. यह इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों को हुई जान-माल की हानि की पहली औपचारिक सार्वजनिक मान्यता है.

इन जवानों के नाम मेमोरियल की वॉल 3डी के उस सेक्शन में




उकेरे गए हैं जो देश की सेवा में अपनी जान देने वाले सैन्य कर्मियों को समर्पित है. आपको बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर की जब शुरूआत हुई थी, तब से लेकर आज तक आधिकारिक रूप से यह किसी को भी पता नहीं था, कि भारत ने कितने सैनिकों को खोया है. हालांकि, मीडिया में इस तरह ही खबरें आती रहीं, लेकिन सरकार ने कभी भी पुष्टि नहीं की थी. सरकार ने अब तक ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए जवानों की पहचान का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया था. इनमें से सरकार सार्जेंट सुरेंद्र कुमार को वायु सेना पदक और राइफलमैन सुनील कुमार को वीर चक्र से सम्मानित भी कर चुकी है. इन सभी के नाम नेशनल वॉर मेमोरियल पर दर्ज हो चुका है. इस मेमोरियल में उनके नाम दर्ज होते हैं, जो आजादी के बाद अलग-अलग सैन्य अभियानों और संघर्षों में शहीद हुए हैं. नेशनल वॉर मेमोरियल के रोल ऑफ ऑनर में नामों का प्रकाशन असल में उन सशस्त्र बलों के जवानों की मौत की पहली आधिकारिक पुष्टि है, जिन्होंने इस ऑपरेशन के दौरान अपनी जान गंवाई. पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर 7 मई 2025 की सुबह शुरू किया गया था.

**इनके नाम हैं ...**

- सूबेदार मेजर पवन कुमार (10 इन्फैंट्री ब्रिगेड)
- राइफलमैन सुनील कुमार (वीर चक्र, 4 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री)
- लांस नायक दिनेश कुमार (5 फील्ड रेजिमेंट)
- एविएशन टेक्नीशियन मूड मुरलीनाइक (851 लाइट रेजिमेंट)
- हवलदार सुनील कुमार सिंह (237 फील्ड वर्कशॉप कंपनी)
- सार्जेंट सुरेंद्र कुमार (वायु सेना पदक, 39 विंग)

ऑपरेशन पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए उस आतंकी हमले के कुछ हफ्ते बाद शुरू हुआ, जिसमें 26 आम नागरिक मारे गए थे.भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवाद से जुड़े नौ ठिकानों पर सटीक हमले किए और जैश-ए-मोहम्मद व लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया. दोनों देशों के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स के बीच बातचीत के बाद, भारत और पाकिस्तान 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हुए.

**पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के प्रतिशोध में शुरू हुआ था ऑपरेशन**

'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि बेहद संवेदनशील और आक्रोश से भरी थी। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने एक कायराना हमला किया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी, जिनमें अधिकांश देश-विदेश से आए पर्यटक थे। इस बर्बरता का कड़ा और सबक सिखाने वाला जवाब देने के लिए भारतीय थलसेना और वायुसेना ने संयुक्त रूप से रणनीति तैयार की। 7 मई 2025 की तड़के सुबह भारतीय जांबाजों ने सीमा पार जाकर पाकिस्तान और पीओके में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे खूंखार संगठनों के नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों पर बेहद सटीक और विनाशकारी हमले किए। इन हमलों में आतंकियों के लॉन्च पैड्स और बुनियादी ढांचे को पूरी तरह मटियामेट कर दिया गया।

# वेनेजुएला में विनाशकारी भूकंप: भारत ने शुरू किया 'ऑपरेशन अमिस्ताद', राहत सामग्री लेकर रवाना हुए वायुसेना के विमान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला बुधवार को दो शक्तिशाली भूकंपों के झटकों से दहल उठा। महज एक मिनट के अंतराल पर आए इन दो भूकंपों ने देश में भारी तबाही मचाई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 235 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1,500 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं।

**भारत का 'ऑपरेशन अमिस्ताद'**

संकट की इस घड़ी में भारत ने वेनेजुएला की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर इस मिशन की घोषणा करते हुए इसे 'ऑपरेशन अमिस्ताद' नाम दिया है। भारत सरकार की ओर से तत्काल सहायता के लिए भारतीय वायुसेना के दो उ-17 विमान राहत सामग्री लेकर वेनेजुएला के लिए रवाना हो चुके हैं।



**क्या-क्या भेज रहा है भारत?**

भारत इस मिशन के तहत वेनेजुएला को हर संभव मदद मुहैया करा रहा है। राहत सामग्री में मुख्य रूप से निम्नलिखित चीजें शामिल हैं:

- भारतीय सेना का फील्ड हॉस्पिटलः घायलों के इलाज के लिए एक पूरी फील्ड मेडिकल यूनिट भेजी गई है।
- मेडिकल उपकरणः इसमें दो 'भीष्म क्यूब्स' शामिल हैं, जो आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए अत्यधिक आधुनिक हैं।
- राहत सामग्रीः 35 टन से अधिक दवाइयां, मेडिकल इक्विपमेंट और अन्य जरूरी सामान भेजे गए हैं।

**संकट में भारत की प्रतिबद्धता**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत इस कठिन समय में वेनेजुएला सरकार और वहां के लोगों के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है। यह कदम वैश्विक स्तर पर भारत की 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' की भूमिका को एक बार फिर पुख्ता करता है। भारत द्वारा भेजी गई यह त्वरित सहायता वेनेजुएला में चल रहे बचाव और राहत कार्यों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# अलीगढ़ में गैंगस्टर एक्ट की बड़ी कार्रवाई : महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती और अशोक पाण्डेय की संपत्ति कुर्क, बैंक खाते फ्रीज

एजेंसी

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में अपराध और माफिया गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना देहलीगेट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों की चल संपत्ति और बैंक खातों में जमा धनराशि को कुर्क कर दिया. जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के तहत कुल 7,36,842.86 रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है. टीवीएस शोरूम संचालक अभिषेक गुप्ता हत्याकांड में महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती और उनके पति अशोक पांडे पर तीन लाख रुपये की सुपारी देकर हत्या कराने का केश चल रहा है. पुलिस ने दोनों सूत्रों के अलावा महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती और उनके पति अशोक पांडे को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. पुलिस ने दावा किया था कि महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती के




अभिषेक गुप्ता से संबंध थे. दोनों के बीच विवाद के चलते हत्या की साजिश रची गई. जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर दोनों की चल संपत्ति कुर्क की गई है.

पुलिस के अनुसार, कार्रवाई अशोक कुमार पाण्डेय पुत्र केशव दयाल पाण्डेय निवासी बी दास कम्पाउंड, नौरंगाबाद, थाना गांधी पार्क तथा उनकी पत्नी महामण्डलेश्वर अन्नपूर्णा भारती उर्फ पूजा शकुन पाण्डेय के विरुद्ध की गई. दोनों के खिलाफ पहले से गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है और उन पर विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त रहने के आरोप हैं. जब्त की गई संपत्तियों में मारुति XL6 कार (नंबर UP81CV8210) शामिल है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5.76 लाख रुपये बताई गई है. इसके अलावा दोनों अभियुक्तों के विभिन्न बैंक खातों में जमा 1,60,842.86 रुपये की धनराशि को फ्रीज कर कुर्क किया गया है. इस प्रकार कुल जब्त संपत्ति का मूल्य 7,36,842.86 रुपये है. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अशोक कुमार पाण्डेय के विरुद्ध हत्या, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, धार्मिक भावनाएं भड़काने, धमकी देने और सरकारी आदेशों की अवहेलना जैसे मामलों सहित कई मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं.

# सोशल मीडिया की फेक न्यूज से निपटने के लिए 500 अफसरों को खास ट्रेनिंग! चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग देश भर के मतदाताओं को बेहतर सेवाएं देने के उद्देश्य से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 500 से अधिक अधिकारियों को और अधिक जागरूक करेगा. इन अधिकारियों को चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े कानूनों और सोशल मीडिया के तेजी से बढ़ते दौर में बीते वर्षों में सामने आई चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा. इससे पहले इसी महीने, चुनाव आयोग ने मीडिया और संचार अधिकारियों के लिए एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया था. इसमें उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों को एक साथ लाया गया था, जहां मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का तीसरा चरण चल रहा है और जो आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटे हैं.

तीसरे चरण में, मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध और सटीक बनाने के



उद्देश्य से चुनाव आयोग द्वारा 16 राज्यों और दिल्ली, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, पंजाब, तेलंगाना, ओडिशा सहित तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है. यह काम चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है. इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जा सकें. पहला सम्मेलन 12 जून को आयोजित किया गया था. चुनाव आयोग अब राष्ट्रीय राजधानी में 3 और 8 जुलाई को राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के 500 से अधिक अधिकारियों के लिए दूसरे और तीसरे सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है. मतदाताओं को बेहतर सेवाएं देने के उद्देश्य से यह पहल पहली बार की जा रही है.

चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि इन संचार अधिकारियों को जागरूक करना बेहद जरूरी है, ताकि वे मतदाताओं के सवालों या शंकाओं का समय पर समाधान कर सकें. इस ट्रेनिंग के दौरान अधिकारियों को भ्रामक खबरों से निपटने, चुनाव आयोग की पहलों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम सहित चुनावी प्रक्रिया से जुड़े कानूनों की जानकारी देकर मजबूत बनाया जाएगा. चुनाव आयोग की मानें तो इस तरह की पहल से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय और जिला निर्वाचन कार्यालय के बीच काम करने का तालमेल बेहतर होगा. गौरतलब है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पहले सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका संवाद तुरंत, स्पष्ट और तथ्यों व कानून पर आधारित हो.

## दक्षिण-पश्चिम मानसून आगे बढ़ा, झारखंड, बिहार सहित 21 राज्यों में बारिश-आंधी का अलर्ट

**नयी दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है. आगामी48 घंटों में उत्तर, पूर्व, मध्य और दक्षिण भारत के इलाके में तेज बारिश, धूल भरी आंधी, वज्रपात और तूफानी हवाएं चलने की संभावना है . मौसम विभाग का यह आकलन है. इसे एक साथ सक्रिय हुए कई मौसमी सिस्टम का असर बताया गया है. मौसम विभाग का कहना है कि देश के कुछ हिस्सों में हवा की गति 70-80 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है. आईएमडी ने किसानों, यात्रा कर रहे लोगों खास कर पहाड़ी क्षेत्रों में जाने वाले लोगों को मौसम विभाग की हर अपडेट पर नजर बनाये रखने को कहा है. आईएमडी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सकुर्लेशनऔर बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण मौसम अधिक सक्रिय बना हुआ है. मौसम विभाग ने झारखंड, बिहार सहित उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा समेत 21 राज्यों के लिए बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है. कई राज्यों में पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की आशंका जताई गयी है.

# राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण : चंपत राय, अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दिया, योगी ने कहा- कोई बचेगा नहीं

एजेंसी

**अयोध्या।** अयोध्या मंदिर के दान की हेराफेरी मामले में बड़ी खबर आयी है. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के तेवर तल्ख हैं, वे किसी को बख्शने के मूड में नहीं हैं. दान की राशि की गिनती से जुड़े आठ लोग गिरफ्तार कर लिये गये हैं. बदलते घटनाक्रम के बीच खबर आयी है कि राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है. सूत्रों की मानें तो एसआईटी की शुरूआती रिपोर्ट में कड़ी टिप्पणी के बाद दोनों के इस्तीफा देने की खबर सुर्खियों में है. एसआईटी की सिफारिश पर पहली एफआईआर पूर्व में ही दर्ज की जा चुकी है. यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज देवरिया में आयोजित एक कार्यक्रम में राम मंदिर के चंदे में हेराफेरी किये जाने के संबंध में कहा कि जनभावनाओं से खिलवाड़ करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा. कहा कि रक्छ की रिपोर्ट सौंपे जाने के तुरंत बाद हेराफेरी के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गयी थी.

उन्होंने कहा किसी भी हाल में



दोषियों को बख्शा छोड़ा नहीं जायेगा. उन्हें सजा मिलेगी. कहा कि राम भक्तों' की परीक्षा न लें. योगी आदित्यनाथ विपक्ष पर बरसते हुए कहा, जिन लोगों ने भगवान राम को नकारा था. राम मंदिर निर्माण के खिलाफ अदालत में मुकदमे लड़े थे, वे लोग आज आरोप लगाने आ गये हैं. उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आज मिंजार्पुर में अयोध्या राम मंदिर चंदे से जुड़े विवाद पर पूछा कि क्या बाबरी मस्जिद के लिए चंदा जमा किया गया था या नहीं? आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं. मुस्लिम वोटरों को लुभाने के लिए सनातन संस्कृति पर हमला किया जा रहा है. ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार और गलत कामों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है.

# संक्षिप्त खबर

## बोले सुवेंदु अधिकारी, बंगाल में यूसीसी लागू करेंगे, सौगत रॉय ने कहा, यह भाजपा का सांप्रदायिक एजेंडा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने आज शुक्रवार को कहा कि हमारी सरकार पश्चिम बंगाल में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करेगी. कहा कि इसके लिए एक तय प्रक्रिया है. वे विधानसभा में इसके बारे में जानकारी देंगे. सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि एक रिटायर्ड जज नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया जायेगा. सीएम ने कहा कि गुजरात, उत्तराखंड और असम में अपनाई गयी प्रक्रिया के आधार पर ही यह काम किया जायेगा. श्री अधिकारी ने कहा कि वे सोमवार को विधानसभा में इस बारे में और जानकारी देंगे. बंगाल में प्रस्तावित वउउ बिल पर टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा, वे इसका विरोध करेंगे. आरोप लगाया कि यूनिफॉर्म सिविल कोड भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे का हिस्सा है. उन्होंने कहा कि संविधान बनाते समय पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भरोसा दिलाया था कि यूनिफॉर्म सिविल कोड तभी लागू किया जाएगा जब मुस्लिम समाज इसे स्वीकार करेगा. सौगत रॉय ने कहा कि अब तक सिर्फ.तीन राज्यों गुजरात, उत्तराखंड और असम ने यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू किया है. सौगत रॉय ने कहा, इसलिए पश्चिम बंगाल सरकार भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे को लागू करने की जल्दबाजी कर रही है. यही वजह है कि हमने संसद में तीन तलाक खत्म करने जैसे कानूनों का भी विरोध किया है.

## राम मंदिर दान चोरी मामला : ट्रस्ट की शिकायत पर आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर, गिरफ्तार



**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर के दान और चढ़ावे में हेराफेरी के मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की शिकायत पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ राम जन्मभूमि थाने में एफआईआर दर्ज की है. सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है. ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है. यह कार्रवाई योगी सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर की गयी है गिरफ्तार लोगों में अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडे, रमाशंकर मिश्र, सुभाष श्रीवास्तव और रमाशंकर यादव (उर्फ टिन्ना) शामिल हैं. सभी मंदिर में दान में दी गयी नकद राशि और कीमती सामानों की गिनती प्रक्रिया में शामिल थे. सभी आरोपियों को मंदिर में दान और चढ़ावा गिनने के दौरान सीसीटीवी फुटेज में कथित रूप से पैसे चुराते हुए पकड़ा गया था. पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धाराओं, जैसे आपराधिक साजिश और विश्वासघात (उदा. धारा 306, 316, 317, और 61), के तहत मुकदमा दर्ज किया है?दरअसल दानपात्र से करोड़ों रुपये गबन किये जाने की बात तब उजागर हुई, जब 18-20 हजार रुपये वेतन पाने वाले कुछ कर्मचारियों द्वारा भारी-भरकम संपत्ति खरीदे जाने का सच सामने आया. इन लोगों द्वारा करोड़ों रुपये की जमीन खरीद किये जाने से सरकार के कान खड़े हो गये. इस मामले में सरकार की किरकिरी होते ही उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले की जांच के लिए लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की थी.

## राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण : कांग्रेस ने कहा, पीएम मोदी हस्तक्षेप करें, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच हो



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण पर भाजपा सरकार पर हमला बोला है. कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में इस मामले की जांच कराये जाने की मांग की है. कांग्रेस के राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने दिल्ली मे आयोजित प्रेस कॉफ्रेस में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हस्तक्षेप कर सख्त कार्रवाई करें. उन्होंने राम मंदिर ट्रस्ट को भंग करने की मांग की. कहा कि ट्रस्ट से राजनीतिक लोगों को हटाकर साधु-संतों और धार्मिक लोगों को शामिल किया जाये.राजीव शुक्ला ने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा का नारा था, जो राम को लाये हैं, उन्हें सत्ता में लाइए. पूछा कि जिन्होंने भगवान राम के नाम पर लूट की है, उनकी क्या सजा होनी चाहिए? श्री शुक्ला ने कहा कि राम मंदिर में नकद चढ़ावे को कम कर दिखा दिया गया है. महिलाओं द्वारा चढ़ाये गये आभूषणों का कोई रिकॉर्ड ही नहीं रखा गया. आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने लोगों की आस्था को धोखा दिया है, राम मंदिर में चंदे और चढ़ावे की राशि में भयानक लूट की गयी है. कहा कि भगवान श्री राम की आस्था के कारण देश के गांवों से गरीब लोगों से चंदा जमा किया गया, जिसे लूट लिया गया. राजीव शुक्ला ने कहा कि ऋक्छ में छोटे कर्मचारियों का नाम डाल दिया गया. सवाल किया कि बडे लोगों की मिलीभगत के बिना क्या कोई छोटा कर्मचारी उउळश बंद कर हजारों करोड़ का चंदा चोरी कर सकता है? राज्यसभा सांसद ने कहा कि भाजपा में मंदिर प्रकोष्ठ बनाया गया है. भाजपा योजनाबद्ध तरीके से मंदिर के ट्रस्टों पर कब्जा कर रही है, आरोप लगाया कि भाजपा की मंशा रहती है कि पहले ट्रस्ट में अपने लोगों को बैठाओ, फिर चंदे और चढ़ावे को हड़पकर उसका राजनीतिक इस्तेमाल करो.

## अरविंद केजरीवाल ने अयोध्या में किए रामलला के दर्शन, बोले- चोरी का महापाप करने वालों को दंड देंगे भगवान

**अयोध्या/प्रयागराज/इटावा :** राम मंदिर दान गबन मामले में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्रस्ट पर बड़ा आरोप लगाया है. शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे केजरीवाल ने कहा कि यहां इतना बड़ा घोटाला हो गया है, भगवान राम के चढ़ावे की चोरी हो गई, सोने चांदी के आभूषण सब चोरी हो गए. हमने भगवान से प्रार्थना की है कि जिन लोगों ने इस तरह का महापाप किया है उन्हें भगवान कठोर से कठोर दंड दें. एफआईआर सिर्फ एक दिखावा है. आठ छोटे-छोटे कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है. इसके तार बहुत ऊपर से जुड़े हुए हैं. बड़े लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है. छोटे लोगों के सर पर ठीकरा फोड़ा जा रहा है. अरविंद केजरीवाल ने सुबह 11:00 बजे रामलला का दर्शन पूजन किया. इसके पूर्व अयोध्या पहुंचने के दौरान कुछ हिंदू संगठन और सामाजिक कार्यकताओं द्वारा अरविंद केजरीवाल के का विरोध किया जा रहा है, जिसको देखते हुए पुलिस ने क्रॉसिंग 11 से राम मंदिर परिसर में प्रवेश न करा कर क्रॉसिंग दो से प्रवेश कराया. इस दौरान उनके साथ सांसद संजय सिंह सहित कई विधायक भी शामिल रहे. राम मंदिर में दर्शन करने के बाद सीधे हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे, जहां बजरंगबली के दरबार में हाजरी लगाई. उसके बाद परिसर में ही बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया. वहीं अरविंद केजरीवाल ने राम जन्मभूमि विवाद के हिंदू पक्षकार रहे महंत धर्मदास से भी मुलाकात की और गबन मुद्दे पर चर्चा भी की.



# ऋतिक ने पूरी की जेलर 2 की शूटिंग, निर्देशक ने की तारीफ

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 में अपने खास कैमियो रोल की शूटिंग पूरी कर ली है। बताया जा रहा है कि एक्टर ने चेन्नई में दो दिन के शूटिंग शेड्यूल में अपना हिस्सा पूरा किया है। नेल्सन दिलीप कुमार ने 'जेलर 2' में ऋतिक रोशन के लिए एक बहुत ही शानदार किरदार तैयार किया है। उनका एक दमदार सीक्वेंस है। इसके बाद रजनीकांत के साथ एक सीन है। शूटिंग खत्म होने पर डायरेक्टर नेल्सन ने दोनों एक्टर्स की जमकर तारीफ की। सेट पर मौजूद लोगों के लिए दोनों सुपरस्टार्स को एक साथ देखना बहुत सुखद अनुभव था।

लाइफ Style



# रिया

## पूरी तरह से खत्म नहीं होता ट्रॉमा

एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने एक बार फिर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद आए मुश्किल दौर के बारे में बात की। साथ ही उनके भाई शोविक चक्रवर्ती ने याद किया कि कैसे एक घटना ने उनका पूरा जीवन बदलकर रख दिया। इस दौरान एक्ट्रेस ने ड्रग मामले और अपनी गिरफ्तारी को लेकर भी बात की।

रिया चक्रवर्ती अपने भाई शोविक चक्रवर्ती के साथ नेहा धूपिया और अंगद बेदी के चैट शो 'डबल डेट' पर पहुंचे। इस दौरान भाई-बहन ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले और इससे जुड़ी ड्रग्स की जांच के सिलसिले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा 2020 में अपनी गिरफ्तारी के बारे में बात की। रिया चक्रवर्ती ने उस अनुभव के मानसिक असर और यह कैसे उनके साथ बना हुआ है, इस पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि ट्रॉमा पूरी तरह से खत्म नहीं होता और इंसान के इमोशनल सिस्टम का हिस्सा बन जाता है। यह ऐसी चीज नहीं है जिससे आप पूरी तरह उबर सकें। यह ट्रॉमा है। अगर दिमाग में नहीं, तो शरीर में तो यह रहता ही है। ठीक होने के लिए लगातार कोशिश और सपोर्ट की जरूरत होती है। जैसा कि शोविक कह रहे थे, पीटीएसडी होता है। आप अपनी थेरेपी करवाते हैं और इसका सामना करते हैं। रिकवरी लगातार चलती रहती है ।रिया ने इस बारे में भी बात की कि कैसे उनका अनुभव लगातार लोगों की नजर में रहा, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई और उसे समझना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा कि भले ही बीता हुआ समय उनकी जिंदगी का हिस्सा बना हुआ है।

हॉलीवुड मसाला



# तलाक के बाद नहीं किया किसी को डेट

**लॉस एंजिल्स।** एंजेलिना जोली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'कौचर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। जोली अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी प्राइवेट रहती हैं, लेकिन उनके पूर्व पति ब्रैड पिट से उनका चर्चित अलगाव सालों तक चर्चा में रहा। हाल ही में, एंजेलिना जोली ने अपनी डेटिंग लाइफ के बारे में बात की और बताया कि ब्रैड पिट से अलग होने के बाद से वे किसी भी रिश्ते में नहीं रही हैं। एंजेलिना जोली ने माना कि उनकी जिंदगी में रोमांस पीछे छूट गया है, क्योंकि उन्होंने खुद को अपने छह बच्चों की परवरिश में लगा दिया है।



# मेरा हॉलीवुड कॅरियर आज भी बॉलीवुड से फीका ...

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में भी बड़ा नाम कमा चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ने प्रड्यूसर बनने और अमेरिका में अपने कॅरियर को आगे बढ़ाने को लेकर खुलकर बातें कीं। उन्होंने यह भी कहा कि अब हॉलीवुड में नए कलाकारों और फिल्म प्रड्यूसर के लिए एंट्री की बाधाएं पहले की तुलना में काफी कम हो गई हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा है कि इतने सारे इंटरनेशनल फिल्मों और सीरीज में काम करने के बावजूद हॉलीवुड में उनका काम भारतीय सिनेमा में उनके द्वारा अर्जित किए गए काम की तुलना में फीका पड़ जाता है। प्रियंका ने कम बजट की सफल हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' का उदाहरण देते हुए कहा कि आज के दौर में प्रतिभाशाली लोगों के लिए अवसरों के नए दरवाजे खुल रहे हैं।



# चौहान फिल्म में अजय का फौजी अवतार...

**मुंबई।** अजय देवगन अब अपने फैन्स के सामने 'चौहान' के रूप में एक नए और दमदार अवतार में वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म फिल्म निर्माता आनंद एल राय के साथ उनकी पहली फिल्म है। फिल्म को जियो स्टूडियोज प्रड्यूस कर रहा है। दिवंगत एक्शन डायरेक्टर वीरू देवगन की जयंती पर उन्हें याद करते हुए, फिल्म निर्माताओं ने फिल्म में अजय देवगन का 'चौहान' के रूप में पहला लुक जारी किया, जिससे ये साफ हो गया है कि फिल्म दमदार और एक्शन से भरपूर है। इस अनाउंसमेंट वीडियो की शुरुआत एक उग्र प्रदर्शन की झलकियों से होती है, जिसके साथ दमदार डायलॉग बैकग्राउंड में सुनाई दे रहा है। इसमें कहा जा रहा है, 'चौराहे पर 300 लड़के थे, घर सिर्फ 270 पहुंचे। 30 लड़के कम हैं।'



# प्रहार का टीजर रिलीज वकील बने राजकुमार

**मुंबई।** राजकुमार राव की नई फिल्म आ रही है 'प्रहार', जिसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर रिलीज होते ही छा गया है और राजकुमार राव की तारीफ हो रही है। यह एक बायोग्राफिकल फिल्म है, जिसमें राजकुमार राव जाने-माने वकील उज्जवल निकम के रोल में हैं। यह उनके अब तक के करियर का सबसे चैलेंजिंग रोल माना जा रहा है। 'प्रहार' को अविनाश अरुण ने डायरेक्ट किया है और यह मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी है। इसमें राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी और जयदीप अहलावत भी मौजूद हैं। यह फिल्म 7 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म में वामिका गब्बी ने राजकुमार राव की पत्नी का किरदार निभाया है, जबकि जयदीप अहलावत एक अन्य वकील बने हैं। 'प्रहार' के टीजर की शुरुआत राजकुमार के किरदार उज्जवल निकम से होती है।

टीवी मसाला

# साल 2000 का वो गाना, जिसका बच्चा-बच्चा हो गया था दीवाना...

**नई दिल्ली।** साल 2000 के दौर का एक ऐसा ही गाना, जिसको लेकर कहा जा सकता है कि कुछ गाने सिर्फ सुने नहीं जाते, बल्कि जिए जाते हैं। इसकी धुन सुनते ही बच्चों के कदम खुद-ब-खुद स्कूल की तरफ बढ़ने लगते थे।



एक समय था जब सुबह की शुरुआत अलार्म से नहीं, बल्कि टीवी पर बजने वाली इसी प्यारी सी धुन से हुआ करती थी। ये वो गाना था जिसने बच्चों को गुनगुनाना सिखाया। इसकी धुन सुनते ही बच्चे झूम उठते थे और बड़े मुस्कुरा देते थे। गली-मोहल्लों से लेकर गांव और शहर तक हर तरफ इसी गाने की चर्चा थी। खास बात ये थी कि ये सिर्फ एक गाना नहीं था, बल्कि एक ऐसा संदेश था जिसने लाखों बच्चों को स्कूल की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। आज भी इसकी धुन सुनते ही लोग सीधे अपने बचपन की सुनहरी गलियों में पहुंच जाते हैं। अगर आप अब तक नहीं समझ पाए हैं

# लोग महाभारत समझते हैं... तो मेरी फिल्म क्यों नहीं : इम्तियाज

**मुंबई।** इम्तियाज अली की फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' सिनेमाघरों में जोरदार तरीके से चल रही है। लोग फिल्म को अभी भी देखने जा रहे हैं। इस बीच, फिल्ममेकर ने कहा है कि अगर लोग महाभारत समझ सकते हैं तो मेरी फिल्म क्यों नहीं। चमत्कार होते हैं, और इम्तियाज अली की नई फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है। बंटवारे के दौर की प्रेम कहानी वाली इस फिल्म ने धीमी शुरुआत के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह बना ली है और अब देश भर के कई सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही है। फिल्ममेकर के लिए यह बेहद खुशी का पल है। वे खुद कई थिएटर जाकर दर्शकों का शुक्रिया अदा कर रहे हैं कि वे बड़ी संख्या में आए और फिल्म को सपोर्ट किया। इम्तियाज अली की बेटी इदा अली के इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक ऐसे ही डायलॉग में, हाउसफुल स्क्रीनिंग के बाद फिल्म निर्माता दर्शकों से बातचीत करते और आभार जताते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है, 'लोगों की शक्ति में मेरी उम्मीद को फिर से जगाने के लिए धन्यवाद। मुझे लगातार कहा जाता है कि लोग समझेंगे नहीं, कि अगर आप दर्शकों को खुश करना चाहते हैं, तो सिर्फ एक खास तरह की फिल्में बनाएं। यहां आने के लिए धन्यवाद।'



उन्होंने आगे कहा, 'मैंने अपने इंटरव्यू में लाखों बार कहा है कि अगर लोग महाभारत समझ सकते हैं, तो वे मेरी फिल्में क्यों नहीं समझ पाएंगे? मुझमें ही कुछ कमी होगी, मैं भी आप सबके लिए सुधार करने की कोशिश कर रहा हूं।' लेकिन, न केवल मेरा बल्कि इस देश के सभी भाषाओं के 100 फिल्म निर्देशकों का आत्मविश्वास फिर से जगाने के लिए धन्यवाद। बहुत-बहुत धन्यवाद।

फिल्ममेकर सिद्धार्थ आनंद, जो अभी शाहरुख खान के साथ 'किंग' की शूटिंग कर रहे हैं, उन्होंने 'मैं वापस आऊंगा' देखने के लिए भी समय निकाला। बुधवार को डायरेक्टर ने एक्स पर फिल्म और दर्शकों से मिल रहे अच्छे रिस्पॉन्स की तारीफ की। अपनी बात शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'कितनी खूबसूरत फिल्म है!

# आज सिनेमाघरों में 5 नई फिल्में होंगी रिलीज

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 26 जून को हमारे-आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 5 नई फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिसमें हिंदी के दर्शकों के लिए सबसे बड़ी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' है। इसके अलावा 'रामायण' की सीता मैया यानी दीपिका चिखलिया भी एक फैमिली ड्रामा 'तेरा मेरा नाता' लेकर आ रही हैं। हॉलीवुड से भी तीन बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें 'सुपरगर्ल', 'द इनवाइट', और 'जैकऐसः बेस्ट एंड लास्ट' भी आ रही है।



***वेलकम टू द जंगल*** : वेलकम टू द जंगल बॉलीवुड की सुपरहिट कॉमेडी 'वेलकम फ्रैंचाइज' की तीसरी किस्त है। यह 2015 में आई 'वेलकम बैक' के लगभग एक दशक बाद आ रही है। इस बार फिल्म का पैमाना बहुत बड़ा है। डायरेक्टर अहमद खान ने 30 से अधकि दिग्गज कलाकारों की फौज तैयार की है।

***सुपरगर्ल*** : डीसी यूनिवर्स के फैंस को सुपरगर्ल फिल्म का लंबे समय से इंतजार रहा है। यह फिल्म कारा जोर-एल किरदार पर आधारित है, जो अपनी गहरी भावनात्मक और आत्मा-खोज की यात्रा पर है। उसके चचेरे भाई काल-एल (सुपरमैन) को अब उसकी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में दिशाहीन महसूस कर रही सुपरगर्ल के पास न्याय की आस लगाए एक लड़की आती है। कारा जोर-एल की यह कहानी क्रिप्टोनियन की है। उसने अपना बचपन अपनी दुनिया और परिवार को मरते हुए देखने में बिताया। पृथ्वी पर बिना किसी मकसद के घूम रही कारा, रूथी नाम की लड़की के साथ मिलकर 'येलो हिल्स' के बेरहम 'क्रेम' को रोकने के लिए एक कॉस्मिक सफर पर निकलती है। अपने कजिन सुपरमैन के उलट, कारा के मन में क्रिप्टन पर बिताए बचपन की गहरी चोटें (ट्रॉमा) हैं। दुश्मन उसके प्यारे कुत्ते 'क्रिप्टो' को घायल कर देता है। अब सुपरगर्ल बदला लेने के लिए किसी भी हद तक जाने वाली है।

***तेरा मेरा नाता*** : तेरा मेरा नाता एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह प्यार, परिवार और भावनात्मक रिश्तों की दिल को छू लेने वाली कहानी है। 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में इसका प्रीमियर हुआ था। अब यह सिनेमाघरों में आ रही है।

***द इनवाइट*** : ओलिविया वाइल्ड के डायरेक्शन में बनी द इनवाइट एक खट्टी-मीठी सेक्स कॉमेडी और मैरिटल ड्रामा है। यह सैन फ्रांसिस्को में रहने वाले एक शादीशुदा जोड़े, जो और एंजेला के बारे में है। अपनी बोरिंग जिंदगी से बाहर निकलने के लिए वे अपने घर के ऊपरी मंजिल पर रहने वाले ग्लैमरस और एडवेंचरस पड़ोसी हॉक और पीना को डिनर पर बुलाते हैं।

***जैकऐसः बेस्ट एंड लास्ट*** : जैकऐसः बेस्ट एंड लास्ट बेहद पॉपुलर 'जैकऐस सीरीज' की आखिरी फिल्म है। इसके साथ ही यह फ्रैंचाइजी खत्म हो जाएगी। इसमें नए और खतरनाक स्टंट्स और प्रैंक के साथ फ्रैंचाइज के क्लासिक यादगार पलों को भी जोड़ा गया है।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.